


खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । रविवार, 28 दिसंबर, 2025 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-7 । अंक-355

# आँकड़े घटे-क्रूरता बढ़ी

## हैदराबाद पुलिस ने अपनी पीठ थपथपाई

**हैदराबाद, 27 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हैदराबाद में वर्ष 2025 के दौरान भले ही पूरे कमिश्नरेट में कुल अपराधों में 15 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई हो, लेकिन बच्चों और महिलाओं के खिलाफ हुए विभिन्न अपराधों के आँकडें चिंताजनक है। पुलिस ने कुल अपराधों में गिरावट का श्रेय सक्रिय फील्ड पुलिसिंग, बेहतर जाँच पद्धतियों और डेटा-आधारित अपराध विश्लेषण को दिया है। हैदराबाद के पुलिस कमिश्नर वी.सी. सज्जनार द्वारा





शनिवार को यहाँ जारी वार्षिक अपराध सांख्यिकी रिपोर्ट के अनुसार, इस वर्ष BNS, SLL और अन्य कानूनों के तहत 30,690 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2024 में यह संख्या 35,944 थी।

**रेप के मामलों में कमी, लेकिन POCSO में वृद्धि**

महिलाओं के खिलाफ अपराधों में मामूली वृद्धि के बावजूद, बलात्कार के मामलों में 31 प्रतिशत की गिरावट आई है। 2025 में 405 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2024 में यह संख्या 584 थी। दहेज हत्या के मामलों में भी उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। ▶10 पर


# जनता माँगे मोर

## ग्रेटर हैदराबाद में सुविधाएँ बढ़ाने की माँग

**हैदराबाद, 27 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** ग्रेटर हैदराबाद के रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (RWAs) ने GHMC से ग्रेटर हैदराबाद म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन (GHMC) की नई बढ़ी हुई सीमाओं के अंदर ज़रूरी नागरिक सुविधाओं का इंतज़ाम पक्का करने की अपील की। 27 शहरी लोकल बॉडीज़ के बढ़ने से कई रेजिडेंशियल इलाके GHMC के अधिकार क्षेत्र में आ गए और निवासियों ने इंफ्रास्ट्रक्चर और सर्विसेज़ में सुधार की अपील की। RWAs ने नए जोड़े गए इलाकों में बेहतर सड़कें, बिना रुकावट पानी की सप्लाई, स्ट्रीटलाइट मेंटेनेंस, ▶10 पर

### 60 सर्कलों में 60 डिप्टी कमिश्नर नियुक्त

**हैदराबाद, 27 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नवगठित सर्कलों के बेहतर प्रशासन के लिए GHMC कमिश्नर आर.वी. कर्णन ने शनिवार को 60 डिप्टी कमिश्नरों का तबादला कर उन्हें उतने ही सर्कलों में तैनात किया है। कमिश्नर द्वारा जारी आदेशों में कहा गया है कि डिप्टी कमिश्नरों को तत्काल प्रभाव से अपनी ड्यूटी जॉइन करनी होगी। ▶10 पर









# इजराइल ने सोमालीलैंड को दिया संप्रभु राष्ट्र का दर्जा, तुर्किए और सोमालिया को झटका

**तेल अवीव, 27 दिसंबर (एजेंसियां)।**

इजराइल ने सोमालीलैंड गणराज्य को स्वतंत्र राष्ट्र की मान्यता दे दी है। इजराइल ऐसा करने वाला संयुक्त राष्ट्र (यूएन) का पहला सदस्य देश है। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने सोमालीलैंड के राष्ट्रपति अब्दिरहमान मोहम्मद अब्दिलाही के साथ वर्चुअल माध्यम से एक संयुक्त घोषणा पर हस्ताक्षर किए हैं। सोमालीलैंड को इजराइल की तरफ से मान्यता दिए जाने से तुर्किए और सोमालिया को झटका लगा है।

सोमालिया से साल 1991 अलग हुए सोमालीलैंड काफी समय से राजनयिक मान्यता की कोशिशें करता रहा है। हालांकि उसे अब तक बहुत कामयाबी नहीं मिली थी। शुक्रवार को इजरायल ने सोमालीलैंड को पूरी तरह से मान्यता दी है लेकिन ब्रिटेन यूएई डेनमार्क कीनिया ताइवान जैसे देशों से अनौपचारिक राजनयिक संबंध हैं। दी टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक शुक्रवार को इजराइल सोमालीलैंड गणराज्य को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में मान्यता देने वाला पहला देश बन गया। यह अफ्रीकी क्षेत्र सोमालिया से अलग होने के तीन दशक से अधिक समय बाद हुआ है। इजराइल की ओर से प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और विदेश मंत्री गिदोन सार ने घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए जबकि सोमालीलैंड के राष्ट्रपति अब्दिरहमान मोहम्मद अब्दुल्लाही ने अपने देश की ओर से हस्ताक्षर किए।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने सोमालीलैंड को इजराइल की तरफ से मान्यता दिए जाने की जानकारी साझा करते हुए कहा कि 'हम आर्थिक क्षेत्रों कृषि और सामाजिक विकास के क्षेत्रों में मिलकर काम करने का इरादा रखते हैं।'

सोमालीलैंड को मान्यता देने संबंधी घोषणा ने सोमालिया और तुर्की को असहज कर दिया है। सोमालिया के विदेश मंत्रालय ने इजरायल के कदम की निंदा करते हुए इसे उसकी संप्रभुता पर किया गया हमला करार दिया। जबकि तुर्किए ने इसे नेतन्याहू सरकार की गैर-कानूनी कार्रवाइयों का एक नया उदाहरण बताया जिसका मकसद क्षेत्रीय और वैश्विक दोनों स्तरों पर अस्थिरता पैदा करना है। सोमालीलैंड अफ्रीका के हॉर्न क्षेत्र स्थित एक महत्वपूर्ण रणनीतिक क्षेत्र है। सोमालिया से अलग होकर स्वतंत्र रूप से शासन व्यवस्था संभाल रहे इसे अबतक किसी ने स्वतंत्र देश की औपचारिक मान्यता नहीं दी।

## न्यूज ब्रीफ

### नेकपा माओवादी के 'कम्युन पर पुलिस छापा विस्फोटक सामग्री बरामद



**काठमांडू।** नेत्रविक्रम चन्द 'विप्लव के नेतृत्व वाली नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के अर्घाखांची जिला स्थित 'कम्युन से विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। शुक्रवार रात करीब 10 बजे अर्घाखांची की शितगंगा नगरपालिका-11 बोक्से क्षेत्र में जिला पुलिस प्रमुख डीएसपी दिवस बहादुर जिसी के नेतृत्व में गश्त के दौरान एक पशुशाला से बंदूक और ग्रेनेड समेत कई विस्फोटक पदार्थ बरामद किए गए। बरामद हथियार और विस्फोटकों में दो बंदूकें 14 ग्रेनेड 12 डेटोनेटर लॉन्चर जैसा दिखने वाला पाइप पांच लीटर का एक प्रेशर कुकर बम एक स्टील बम बिजली के तार के चार बंडल और 50 किलो बारूद शामिल हैं। पुलिस के अनुसार विस्फोटक सामग्रियों को शनिवार तड़के नेपाली सेना की सहायता से निष्क्रिय कर दिया गया है। वहीं नेकपा माओवादी के प्रवक्ता खड्गबहादुर विश्वकर्मा 'प्रकाण्ड ने कम्युन पर की गई इस कार्रवाई को 'राज्य का आतंक करार दिया है। उन्होंने दावा किया कि अर्घाखांची की शितगंगा नगरपालिका-11 स्थित पार्टी द्वारा संचालित कम्युन और आम नागरिकों के घरों पर छापेमारी कर आतंक फैलाया गया है। पार्टी द्वारा जारी विज्ञप्ति में उन्होंने कहा 'एक ओर सरकार शांतिपूर्ण चुनाव का माहौल बनाने का प्रचार कर रही है वहीं दूसरी ओर माओवादी के उत्पादन केन्द्रों और आम जनता के घरों पर छापे मार रही है। इससे यह स्पष्ट होता है कि राज्य शांतिपूर्ण समाधान नहीं चाहता बल्कि देश को अशांति की ओर धकेलना चाहता है। उन्होंने इस घटना की निष्पक्ष जांच के लिए मानवाधिकार संगठनों से भी अपील की है।

### स्कूली कॉन्सर्ट में उपद्रवी जबरन घुसे रोकने पर कर दी पत्थरबाजी करीब दो दर्जन घायल



**ढाका।** बांग्लादेश में सांस्कृतिक आयोजनों पर बढ़ते हमलों के बीच एक और चिंताजनक घटना सामने आई है। फरीदपुर जिले में शुक्रवार की रात देश के मशहूर रॉक स्टार जेम्स (नागर बाउल) के कॉन्सर्ट के दौरान उपद्रवियों की भीड़ ने भीषण हमला कर दिया। यह हिंसक घटना फरीदपुर जिला स्कूल की 185वीं वर्षगांठ के समापन समारोह के दौरान हुई। हमले के बाद मची अफरातफरी और सुरक्षा कारणों के चलते प्रशासन को बीच में ही कार्यक्रम रद्द करने का निर्णय लेना पड़ा। घटनाक्रम के अनुसार रॉक स्टार जेम्स रात करीब 9:30 बजे मंच पर अपनी प्रस्तुति देने के लिए तैयार थे। कार्यक्रम स्थल पर हजारों की संख्या में छात्र और संगीत प्रेमी मौजूद थे। इसी दौरान बाहरी लोगों के एक बड़े समूह ने जबरन कार्यक्रम स्थल में घुसने का प्रयास किया। जब सुरक्षाकर्मियों और आयोजकों ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो भीड़ उग्र हो गई। हमलावरों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों और संगीत आयोजनों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मंच की ओर पत्थर ईंटें और कुर्सियां फेंकनी शुरू कर दीं। उपद्रवियों का मुख्य उद्देश्य मंच पर कब्जा करना और संगीत कार्यक्रम को रोकना था।

### तारिक के लिए बड़ी चुनौती हिंसा: बांग्लादेश में 2900 अल्पसंख्यकों को मौत के घाट उतार दिया

**ढाका।** बांग्लादेश की राजनीति में एक बड़ा मोड़ आ गया है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यवाहक अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के बेटे तारिक रहमान 17 साल के लंबे निर्वासन के बाद आखिरकार ढाका लौट आए हैं।



आगामी फरवरी 2026 में प्रस्तावित राष्ट्रीय चुनावों से ठीक पहले उनकी वतन वापसी ने बीएनपी कार्यकर्ताओं के मनोबल को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। हालांकि तारिक रहमान की वापसी एक ऐसे समय में हुई है जब पूरा बांग्लादेश गहरे राजनीतिक संकट अराजकता और हिंसक प्रदर्शनों की आग में झुलस रहा है। उनके सामने बड़ी चुनौती हैं हिंसा को रोकना। यहां अब तक उपद्रवियों ने 2900 हिंदुओं ईसाइयों और बौद्धों को मौत के घाट उतार दिया गया है। पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान के बेटे तारिक रहमान के सामने सबसे बड़ी चुनौती देश की मौजूदा अस्थिरता है। शेख हसीना के सत्ता से बेदखल होने के बाद देश में जो शून्य पैदा हुआ उसे भरने की कोशिशें अब भी संघर्षपूर्ण बनी हुई हैं। मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार वर्तमान में बेहद मुश्किल स्थिति का सामना कर रही है। जिन छात्र आंदोलनों के दम पर सरकार सत्ता में आई थी अब वही लहर प्रशासन के नियंत्रण से बाहर होती दिख रही है। कट्टरपंथी छात्र नेता उस्मान शरीफ हादी की हत्या और उसके बाद न्याय की मांग को लेकर भड़की हिंसा ने कानून-व्यवस्था की धज्जियां उड़ा दी हैं।

# ट्रंप-जेलेंस्की शांति वार्ता से पहले रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमला, मिसाइल और ड्रोन से कीव दहला

**कीव, 27 दिसंबर (एजेंसियां)।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच रविवार को फ्लोरिडा में होने वाली अहम शांति बैठक से पहले रूस ने यूक्रेन पर बड़ा हमला कर दिया है।27 दिसंबर को यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूस ने ताबड़तोड़ मिसाइल और ड्रोन हमले किए। शहर और आसपास के इलाकों में कई विस्फोटों की आवाज सुनी गई।

पिछले चार वर्षों से जारी रूस-युक्रेन युद्ध के संदर्भ में यह सबसे महत्वपूर्ण सप्ताहांत माना जा रहा था लेकिन इसकी शुरुआत शुक्रवार को यूक्रेन की राजधानी कीव में हवाई हमले के सायरनों की आवाज से हुई। मीडिया समूह कीव इंडिपेंडेंट के मुताबिक 7 दिसंबर की रात रूस ने कीव पर कई हाइपरसोनिक मिसाइलें चार बैलिस्टिक मिसाइलें और कई क्रूज मिसाइलें दागीं जिसके बाद बड़े पैमाने पर बैलिस्टिक मिसाइल का हमला हुआ।

राजधानी और कीव ओब्लास्ट में कई विस्फोटों की आवाजें सुनी गईं। इस हमले में कीव से लगभग पाँच किलोमीटर उत्तर में स्थित विशहोरोड में एक ऊंची इमारत का कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया जबकि कीव ओब्लास्ट के बोरिसपिल जिले में कई गोदामों के साथ-साथ दो कारें क्षतिग्रस्त हो गईं।

कीव ओब्लास्ट के गवर्नर मिकोला कलाश्निक ने रूसी हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे पर एक बार फिर हमला हुआ है। पश्चिमी यूक्रेन के इवानो-फ्रांकिवस्क ओब्लास्ट में हुए हमले में एक व्यक्ति घायल हो गया और उसे अस्पताल ले जाया गया।

इस बीच यूक्रेन की वायुसेना ने कई क्षेत्रों में रूसी ड्रोन और मिसाइलों के निरंतर खतरे की चेतावनी दी है। वायु सेना ने कीव और आसपास के इलाकों में ड्रोन सक्रिय पाए। एयर फोर्स के मुताबिक ड्रोन कीव शहर के ऊपर देखे गए जबकि कीव क्षेत्र के वेलिका डिमेरका और पेरेयास्लाव गांव के पश्चिमी इलाकों में भी ड्रोन की गतिविधि दर्ज की गई।

रूस के ताजा हमले से पहले शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा था कि ट्रंप के साथ बैठक से शांति समझौते की दिशा में कदम बढ़ सकते हैं। यूक्रेनी और अमेरिकी अधिकारियों द्वारा तैयार किया गया 20-बिंदुओं का शांति प्लान लगभग तैयार है।



### अमेरिका में कड़ाके की ठंड और बर्फबारी के चलते 1800 से ज्यादा फ्लाइट्स करना पड़ी रद्द

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इसके साथ ही बर्फबारी होने से जहां सर्दी ने कहर ढाना शुरु कर दिया है वहीं जनजीवन भी प्रभावित हुआ है। हालात ये हैं कि कई एयरलाइंस ने देश के बड़े हिस्सों में गंभीर सर्दियों के तूफान की चेतावनी के कारण सैकड़ों फ्लाइट्स कैंसिल या लेट कर दी हैं। यह देश के अंदर पीक ट्रैवल सीज़न माना जाता है क्योंकि सर्दियों में लोगों छुट्टी होती है। एयरलाइंस ने 1800 से ज़्यादा फ्लाइट्स रद्द कर दी हैं। हज़ारों उड़ानों में देरी हुई है। खतरनाक मौसम ग्रेट लेक्स से लेकर नॉर्थईस्ट तक फैल गया जिससे बड़े एयरपोर्ट्स पर कामकाज बाधित हुआ है। नेशनल वेदर सर्विस ने आज विंटर स्टॉर्म डेविन के लिए चेतावनी जारी की है जिससे शनिवार सुबह तक ग्रेट लेक्स से लेकर उत्तरी मिड-अटलांटिक और दक्षिणी न्यू इंग्लैंड तक खतरनाक यात्रा की स्थिति बन सकती है। नेशनल वेदर सर्विस के स्टॉर्म प्रेडिक्शन सेंटर ने अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर बताया अपस्टेट न्यूयॉर्क से लेकर न्यूयॉर्क सिटी और लॉन्ग आइलैंड सहित ट्राई-स्टेट एरिया तक देर रात तक 4-8 इंच बर्फबारी का अनुमान है। फ़्लाइट-ट्रैकिंग वेबसाइट के मुताबिक पूरे अमेरिका में एयरलाइंस ने शुक्रवार को हज़ारों फ्लाइट्स रद्द या देरी से चलाईं। वेबसाइट ने बताया कि शाम 4:04 बजे तक कुल 1802 फ्लाइट्स रद्द की गईं और 22349 में देरी हुई। रिपोर्ट के मुताबिक जॉन एफ कैनेडी एयरपोर्ट ला गार्डिया एयरपोर्ट और डेट्रॉइट मेट्रोपॉलिटन वेन काउंटी एयरपोर्ट जैसे संभावित प्रभावित इलाकों के एयरपोर्ट्स ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट करके यात्रियों को संभावित देरी या कैंसलेशन के बारे में चेतावनी दी है।

जबकि अमेरिकी डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि कोई भी शांति समझौता उनकी मंजूरी के बिना लागू नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि पिछले चार साल से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध को रोकने की कूटनीतिक कोशिशों के बीच रविवार को फ्लोरिडा में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की की अहम शांति वार्ता होने वाली है। अमेरिका सहित दुनिया के कई देश रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने की हिमायत करते हुए कूटनीतिक कोशिशें कर रहे हैं जिनमें भारत भी शामिल है।

# नेपाल: चुनाव में 68 दिन शेष निर्वाचन आयोग ने अस्थायी मतदाताओं की श्रेणियां तय की



**काठमांडू, 27 दिसंबर (एजेंसियां)।**

प्रतिनिधि सभा के सदस्यों के लिए 5 मार्च 2026 को होने वाले चुनाव में अब 68 दिन शेष हैं। इस बीच निर्वाचन आयोग ने अस्थायी मतदाता सूची में शामिल किए जाने वाले व्यक्तियों की श्रेणियों को अंतिम रूप दे दिया है।

आयोग के अनुसार नेपाल सरकार प्रांतीय सरकारों स्थानीय स्तरों तथा संघीय या प्रांतीय सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण में संचालित संस्थाओं में कार्यरत वे कर्मचारी जिनके नाम अंतिम मतदाता सूची में दर्ज हैं अस्थायी मतदाताओं के रूप में शामिल किए जाएंगे।

इसी प्रकार बैरकों में तैनात नेपाली सेना नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल के सदस्य जेलों में बंदी और कैदी तथा चुनाव संबंधी कार्यों में तैनात कर्मचारी और सुरक्षाकर्मी भी अस्थायी मतदाता सूची में शामिल होंगे।

आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि संघीय प्रांतीय या स्थानीय सरकार द्वारा संचालित अथवा स्वीकृत वृद्धाश्रमों में रहने वाले व्यक्ति साथ ही संवैधानिक निकायों के प्रमुख और पदाधिकारी भी अस्थायी मतदाता के रूप में पात्र होंगे। अस्थायी मतदाता सूची के निर्माण और प्रबंधन की निगरानी के लिए एक निर्वाचन आयुक्त के समन्वय में अस्थायी मतदाता सूची समन्वय समिति गठित की जाएगी। इस समिति में निर्वाचन आयोग के सचिव गृह मंत्रालय रक्षा मंत्रालय महिला बालबालिका और वरिष्ठ नागरिक मंत्रालय तथा संघीय मामलों एवं सामान्य प्रशासन मंत्रालय के सचिव सदस्य होंगे। इसके अलावा निर्वाचन आयोग के सभी महाशाखाओं के संयुक्त सचिव और आयोग के वरिष्ठ कंप्यूटर अधिकारी भी सदस्य रहेंगे। मतदाता पंजीकरण तथा निर्वाचन सञ्चालन महाशाखा के उपसचिव या उनके द्वारा नामित अधिकारी सदस्य-सचिव के रूप में कार्य करेंगे। जिला स्तर पर इस प्रक्रिया का समन्वय मुख्य जिला अधिकारी करेंगे जबकि जिला सुरक्षा प्रमुख और जिला कारागार प्रमुख सदस्य होंगे। निर्वाचन अधिकारी सदस्य-सचिव की भूमिका निभाएंगे। अस्थायी मतदाता सूची तैयार करने के लिए संबंधित निकायों को पात्र कर्मचारियों का विवरण भौतिक तथा इलेक्ट्रॉनिक—दोनों प्रारूपों में संबंधित निर्वाचन कार्यालयों को प्रस्तुत करना होगा। मुख्य पंजीकरण अधिकारी इसके बाद अस्थायी मतदाता सूची संबंधित निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध कराएंगे।

साथ ही मतदान केन्द्रों पर तैनात

### तबाह हो चुके गाजा को दोबारा खड़ा करेगा अमेरिका




**वाशिंगटन।** गाजा युद्ध से पूरी तरह तवाह हो चुका है अब अमेरिका इसे दोबारा खड़ा करने के लिए एक बहुत बड़ी योजना पेश की है। इस योजना के तहत गाजा को करीब 9.3 लाख करोड़ (112 अरब डॉलर) की लागत से एक आधुनिक स्मार्ट सिटी में बदला जाएगा। इसमें से लगभग 5 लाख करोड़ (60 अरब डॉलर) की मदद अमेरिकी सरकार देगी। इस प्रोजेक्ट में लग्जरी रिसॉर्ट बीच होटल और हाई-स्पीड ट्रेन जैसी सुविधाएं बनाने की बात कही गई है। इस योजना को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दामाद जैरेड कुशनर और अमेरिका के विशेष प्रतिनिधि स्टीव विटकॉफ ने तैयार किया है। इसे 'प्रोजेक्ट सनराइज' नाम दिया गया है। इसका मकसद सिर्फ गाजा को मलबे से बाहर निकालना नहीं बल्कि उसे एक आधुनिक तकनीक से चलने वाला और अंतरराष्ट्रीय स्तर का शहर बनाना है। निवेशक देशों के सामने इस प्रोजेक्ट को 32 स्लाइड की पावरपाइंट प्रेजेंटेशन के जरिए दिखाया जा रहा है। ट्रम्प ने इसी साल फरवरी में वीडियो जारी कर बताया था कि स्मार्ट सिटी बनने के बाद गाजा कैसा दिखेगा। अमेरिकी प्लानिंग के मुताबिक गाजा के भूमध्यसागर तट पर लग्जरी बीच रिसॉर्ट फाइव स्टार होटल मरीना और एंटरटेनमेंट जोन बनाए जाएंगे ताकि इसे एक ग्लोबल टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाया जा सके।

# ब्राजील के स्कूल में भीषण आग, दूर तक दिखा धुएं का गुबार, उधर ढाका के मदरसे में धमाका

**रियो ग्रांडे, 27 दिसंबर (एजेंसियां)।**

दुनिया के दो अलग-अलग हिस्सों से आग और विस्फोट की बड़ी खबरें सामने आई हैं। ब्राजील के सांता मारिया शहर में जहां एक 120 साल पुराना ऐतिहासिक स्कूल आग की भेंट चढ़ गया वहीं बांग्लादेश की राजधानी ढाका में एक मदरसे के भीतर हुए विस्फोट ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। ब्राजील के रियो ग्रांडे दो सुल राज्य से मिली जानकारी के अनुसार सांता मारिया शहर के एक प्रतिष्ठित निजी स्कूल में शाम करीब 7:30 बजे अचानक भीषण आग लग गई। यह स्कूल 120 साल पुराना है और स्थानीय समुदाय के लिए एक बड़ी सांस्कृतिक विरासत माना जाता है।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इमारत की ऊपरी मंजिलों से शुरू हुई और देखते ही देखते पूरी इमारत को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी भयानक थीं कि उन्हें शहर के दूर-दराज के हिस्सों से भी देखा जा सकता था। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि क्रिसमस की छुट्टियों के कारण स्कूल परिसर पूरी तरह खाली था जिससे किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। सावधानी बरतते हुए प्रशासन ने आसपास की इमारतों को खाली करा लिया था और सड़कों को बंद कर दिया गया था। स्थानीय मेयर और राजनीतिक नेताओं ने इस ऐतिहासिक नुकसान पर गहरा दुख व्यक्त किया है और संस्थान के पुनर्निर्माण में हर संभव मदद का भरोसा दिया है।

मदरसे में धमाका दीवारें ढहीं दूसरी ओर बांग्लादेश की राजधानी ढाका के दक्षिण केरानीगंज इलाके में स्थित उम्माल कुरा इंटरनेशनल मदरसा शुक्रवार को एक जोरदार धमाके से दहल उठा। धमाका इतना शक्तिशाली था कि मदरसे के एक कमरे की छत और दीवारें पूरी तरह ढह गईं। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने जब मौके पर पहुंचकर तलाशी ली तो वहां से बम बनाने में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद की गई। प्रारंभिक जांच में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है लेकिन बम बनाने के सामान की बरामदगी ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सुरक्षा एजेंसियां अब इस बात की तफ्तीश कर रही हैं कि मदरसे के भीतर विस्फोटक सामग्री किस उद्देश्य से रखी गई थी और इस साजिश के पीछे किन तत्वों का हाथ है।

# पाकिस्तान: पंजाब विधानसभा में खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री से बदसलूकी

**इस्लामाबाद, 27 दिसंबर (एजेंसियां)।**

पाकिस्तान के राजनीतिक संकट के बीच एक शर्मनाक घटना सामने आई है। पंजाब विधानसभा में गत दिवस खैबर पख्तूनख्वा (केपी) के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी के साथ सुरक्षाकर्मियों ने न केवल बदसलूकी की बल्कि उनके और उनके प्रतिनिधियों के साथ मारपीट भी की गई। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें सुरक्षाकर्मी मुख्यमंत्री और उनके साथियों को विधानसभा परिसर में प्रवेश करने से रोकते और धक्का देते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो के अनुसार जब मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी अपने प्रतिनिधियों के साथ पंजाब असेंबली में प्रवेश कर रहे थे तब वहां तैनात गार्ड्स ने उन्हें जबरन रोकने का प्रयास किया। इस दौरान अफरीदी के साथी फतेह उल्लाह बुर्की ने हस्तक्षेप करने की कोशिश की तो सुरक्षाकर्मियों ने उनके साथ भी मारपीट की और उन्हें धक्का देकर बाहर निकालने का प्रयास



किया। हालांकि बाद में अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के बीच-बचाव के बाद स्थिति को नियंत्रित किया गया। गनीमत यह रही कि इस झड़प में किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। इस घटना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार दिया। उन्होंने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि कोई भी लोकतांत्रिक सरकार इस तरह का व्यवहार नहीं करती। यह सीधे तौर पर मार्शल लॉ जैसी स्थिति है और पाकिस्तान में लोकतंत्र गंभीर खतरे में है। उन्होंने पंजाब की वर्तमान सरकार को नकली सरकार बताते हुए आरोप लगाया कि लाहौर में उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है और सांसदों के साथ भी अभद्रता की जा रही है। अफरीदी ने बताया कि उनके कार्यकर्ताओं के वाहन रोके गए और कई समर्थकों को गिरफ्तार भी किया गया है। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि यह विवाद पाकिस्तान की दो प्रमुख पार्टियों के बीच बढ़ती कटुता का परिणाम है। पंजाब में इस समय नवाज शरीफ की पार्टी मुस्लिम लीग नून की सरकार है और मरियम नवाज वहां की मुख्यमंत्री हैं। दूसरी ओर खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) से संबंध रखते हैं।

### चीन को माकूल जवाब देने जापान ने बढाया अपना रक्षा बजट

**टोक्यो।** पडोसी देश चीन की आक्रामकता को रोकने और उसे माकूल जवाब देने के लिए जापान अपने शस्त्रागारों को मिसाइलों से भर रहा है। चीन की बढ़ती दादागिरी के बीच भारत का करीबी मित्र जापान अब खुलकर सैन्य ताकत बढ़ाने की राह पर चल पड़ा है। जापान की कैबिनेट ने आगामी वित्त वर्ष 2026 के लिए करीब 58 अरब डॉलर से अधिक के रिकॉर्ड रक्षा बजट को मंजूरी दी है। यह बजट न केवल अब तक का सबसे बड़ा है बल्कि यह जापान की पारंपरिक 'रक्षात्मक नीति से एक बड़े बदलाव का संकेत भी देता है। अप्रैल 2026 से शुरू होने वाले इस वित्त वर्ष का रक्षा बजट पिछले वर्ष की तुलना में 9.4 प्रतिशत अधिक है। यह जापान के उस पांच वर्षीय कार्यक्रम का चौथा चरण है जिसके तहत हथियारों पर होने वाले खर्च को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 2 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। अमेरिका लंबे समय से जापान पर सैन्य खर्च बढ़ाने का दबाव डालता रहा है और ताकाइची सरकार ने मार्च तक यह लक्ष्य हासिल करने का वादा किया है। विशेषज्ञों के अनुसार इस रिकॉर्ड बढ़ोतरी की मुख्य वजह चीन के साथ बढ़ता तनाव है। चीन ताइवान को लेकर लगातार आक्रामक रुख अपनाए हुए है। जापानी प्रधानमंत्री सनाए ताकाइची पहले ही संकेत दे चुकी हैं कि यदि चीन ताइवान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करता है तो जापान हस्तक्षेप कर सकता है। 2022 में अपनाई गई राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति में भी चीन को जापान की सबसे बड़ी रणनीतिक चुनौती बताया गया है। नए बजट में लंबी दूरी की स्टैंडऑफ मिसाइलों और मानवरहित हथियारों पर विशेष जोर दिया गया है। करीब 970 अरब येन का आवंटन ऐसी मिसाइल क्षमताओं को मजबूत करने के लिए किया गया है जिनमें घरेलू स्तर पर विकसित टाइप-12 सतह से जहाज पर मार करने वाली मिसाइलें शामिल हैं।

# विधानसभा चुनाव से पहले अमित शाह की कोलकाता यात्रा, तीन दिनों का प्रवास

**नई दिल्ली,27 दिसंबर (एजेंसियां)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की कोलकाता यात्रा काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यह उनकी वर्ष की अंतिम प्रमुख राजनीतिक यात्राओं में से एक होगी, जिसमें पार्टी की संगठनात्मक तैयारियों, चुनावी रणनीति और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा होगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अमित शाह 29 दिसंबर की शाम को कोलकाता पहुंचेंगे और वहां 31 दिसंबर तक रहेंगे।

यह दौरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बंगाल दौरे के ठीक बाद हो रहा है, जो भाजपा की 2026 में ममता बनर्जी की टीएमसी (तृणमूल कांग्रेस) को चुनौती देने की मजबूत तैयारी को दर्शाता है। यात्रा की शुरुआत सोमवार की रात को होगी, जब अमित शाह कोलकाता पहुंचते ही भाजपा के शीर्ष स्थानीय नेताओं के साथ कोर ग्रुप की बैठक करेंगे।

यह बैठक पार्टी की आंतरिक तैयारियों और



संगठनात्मक मजबूती पर केंद्रित रहेगी। इस दौरान राज्य इकाई के नेताओं से फीडबैक लिया जाएगा और आगामी चुनावों के लिए रोडमैप तैयार किया जाएगा।

30 दिसंबर को शाह का कार्यक्रम काफी व्यस्त रहेगा। सुबह से ही वे पार्टी के कोर ग्रुप और सामान्य नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकों में शामिल होंगे। इस दिन वे मीडिया से मुखातिब होंगे और एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी करेंगे, जिसमें चुनावी मुद्दों, एसआईआर प्रक्रिया और टीएमसी सरकार की नीतियों पर हमला बोल सकते हैं।

इसके अलावा, शाह इस्कॉन (इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस) के प्रसिद्ध मंदिर में दर्शन करेंगे। शाम को वे आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) के कोलकाता कार्यालय जाएंगे, जहां उनकी संघ के वरिष्ठ अधिकारियों और प्रचारकों के साथ लंबी बैठक होगी। इस बैठक में बंगाल के स्थानीय मुद्दों, संगठन विस्तार और चुनावी चुनौतियों पर विस्तृत मंत्रणा होगी।

यात्रा का समापन 31 दिसंबर को होगा, जब अमित शाह कोलकाता में एक वृहद कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। इस सम्मेलन में हजारों भाजपा कार्यकर्ता शामिल होंगे, जहां शाह उन्हें चुनावी जीत का मंत्र देंगे और उनमें उत्साह भरेंगे। कुछ रिपोर्टों के अनुसार, इस दिन वे कोलकाता के कुछ ऐतिहासिक स्थलों का भी दौरा कर सकते हैं।

# विपक्ष की आवाज को दबा रही है सरकार : मुकेश सहनी

**पटना,27 दिसंबर (एजेंसियां)।** विकासशील इंसान पार्टी के संस्थापक मुकेश सहनी ने बिहार की एनडीए सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास कर रही है। पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान मुकेश सहनी ने बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के 10 सर्कुलर रोड स्थित सरकारी आवास खाली करने पर सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा कि सरकार को जनहित के कार्य करने चाहिए, लेकिन सरकार के पास काम करने के लिए विजन नहीं है और लोगों को घर से बेघर कर रही है। ठंड के समय में गांवों में गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। समय रहते उन्हें



बसाना चाहिए, फिर कार्रवाई करनी चाहिए। राबड़ी देवी दो दशकों से उस आवास में रह रही हैं और आप देख सकते हैं कि उन्हें कैसे परेशान किया जा रहा है। यह सरकार का काम नहीं है। सरकार का काम जनता के हित में काम करना है, न कि विपक्षी नेताओं को परेशान करना। विपक्ष की भूमिका होती है कि वह जनता की आवाज उठाए, लेकिन इस सरकार में विपक्ष को डराया जा रहा है, घर खाली करवाए जा रहे हैं, लेकिन हम लोग डरने वाले नहीं हैं। हम लोगों को घर से मोह-माया नहीं है। मुकेश सहनी ने कहा कि जब वे मंत्री थे, बाद में उन्होंने भी खाली कर दिया, लेकिन राबड़ी देवी के आवास खाली करने को लेकर विवाद पैदा करना ठीक नहीं है। जनता ने एनडीए सरकार को काम करने के लिए मौका दिया है। ऐसे में उन्हें जनता के हित में कार्य करना चाहिए। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि एनडीए ने जनादेश को चोरी कर लिया है, 10 हजार रुपए बांटकर सरकार बनाई है।

# भारत में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग सुरक्षित : सैयद पाशा

**विजयवाड़ा, 27 दिसंबर (एजेंसियां)।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष सैयद पाशा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यशैली की तारीफ करते हुए कहा कि उनके शासनकाल में अल्पसंख्यक समुदाय काफी सुरक्षित महसूस कर रहा है। उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो रही है। चाहे आप मुस्लिमों की बात कर लीजिए या ईसाइयों की। सैयद पाशा ने बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि अल्पसंख्यक समुदाय के हितों पर किसी भी प्रकार का कुठाराघात न हो। उनके हितों को पूरी तरह से प्राथमिकता दी जा रही है और आगे भी दी जाती रहेगी। आज की तारीख में हिंदुस्तान में सभी अल्पसंख्यक समुदाय के लोग



सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष ने बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बयान का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि भारत में पीएम मोदी के शासनकाल में अल्पसंख्यक समुदाय पूरी तरह से सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं हो रही है।

सैयद पाशा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के शासनकाल में अल्पसंख्यक समुदाय पूरी तरह से सुरक्षित महसूस कर पा रहे हैं। अगर उन्हें कोई दिक्कत होगी, तो फौरन केंद्र सरकार की तरफ से कदम उठाए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने शासनकाल में यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि पड़ोसी देशों के साथ हमारे रिश्ते प्रगाढ़ हों।

उनके साथ रिश्ते में कोई नकारात्मक असर न पड़े। इसके लिए प्रधानमंत्री लगातार पड़ोसी देशों का दौरा कर रहे हैं, ताकि रिश्तों को प्रगाढ़ किया जा सके।

# तमिलनाडु : टीवीके की महिला पदाधिकारी ने की आत्महत्या की कोशिश, अस्पताल में भर्ती

**चेन्नई,27 दिसंबर (एजेंसियां)।** तमिलागा वेट्री कषगम (टीवीके) की पदाधिकारी अजिता एग्नेल को कथित आत्महत्या के प्रयास के बाद उनकी स्वास्थ्य स्थिति बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, तबियत अधिक बिगड़ने के बाद शनिवार को उन्हें गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में शिफ्ट कर दिया गया। थूथुकुडी की रहने वाली और पार्टी की प्रमुख कार्यकर्ता अजिता को शुक्रवार को अपने घर पर करीब 15 नींद की गोलियां खाने के बाद एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों के अनुसार, नव घोषित पार्टी संरचना में थूथुकुडी सेंट्रल जिला सचिव के पद के लिए नजरअंदाज किए जाने के बाद वह तनाव में थीं। खबरों के मुताबिक, वह सैमुअल राज की नियुक्ति से नाराज थीं, जिसका फैसला टीवीके प्रमुख विजय ने 23 दिसंबर को घोषित किया था। अजिता ने खुलकर अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए दावा किया था कि वह पार्टी की स्थापना के बाद से ही सक्रिय रूप से इसके लिए काम कर रही हैं और उन्होंने नव नियुक्त पदाधिकारी की योग्यताओं पर सवाल उठाया था। इस घोषणा के बाद, अजिता और उनके समर्थकों के एक



समूह ने पनायूर स्थित टीवीके मुख्यालय में विरोध प्रदर्शन किया, थोड़ी देर के लिए विजय के वाहन को रोका और बाद में पार्टी कार्यालय के बाहर धरना दिया।

इस विरोध प्रदर्शन ने राजनीतिक हलकों में ध्यान आकर्षित किया, जिससे पार्टी के कुछ जमीनी स्तर के पदाधिकारियों के बीच असंतोष की चर्चा शुरू हो गई थी। वहीं, परिवार के सदस्यों ने बताया कि घटना के बाद अजिथा ने थूथुकुडी स्थित अपने घर पर नींद की गोलियां खा लीं और उन्हें तुरंत एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई। हालांकि, शनिवार को उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके चलते उन्हें आईसीयू में भर्ती कराना पड़ा।

अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि वह अभी भी गहन चिकित्सा निगरानी (आईसीयू) में है। यह घटना तमिलगा वेट्टी कजगम के लिए एक संवेदनशील समय पर घटी है; अभिनेता से राजनेता बने विजय ने इस साल की शुरुआत में ही अपनी इस पार्टी को लॉन्च किया था। यह पार्टी 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनावों से पहले पूरी तरह से सक्रियता दिखाकर राजनीतिक शक्ति के रूप में उभरना चाहती है। विजय के राजनीतिक संदेश और मौजूदा पार्टियों के भ्रष्टाचार मुक्त विकल्प के रूप में टीवीके के गठन ने जनता का काफी ध्यान आकर्षित किया था। हालांकि, मौजूदा घटनाक्रम जैसे आंतरिक मतभेदों ने पार्टी की संगठनात्मक एकजुटता पर सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि पार्टी एक विस्तारित राजनीतिक भूमिका के लिए तैयारी कर रही है। इसी साल 27 सितंबर को करूर में टीवीके के एक कार्यक्रम के दौरान हुई भगदड़ में 41 लोगों की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे, जिसके बाद पार्टी भीड़ प्रबंधन और आंतरिक समन्वय को लेकर सार्वजनिक जांच के दायरे में आ गई थी।

# मराठी न बोल पाने पर मां ने 6 साल की बेटी की ले ली जान, पुलिस को भी गुमराह करने की कोशिश

**मुंबई, 27 दिसंबर (एजेंसियां)।** नवी मुंबई के कलंबोली में मां की ममता को शर्मसार करने वाली एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। बेटी मराठी में बात नहीं कर सकती थी, इसलिए मां ने उसे मौत के घाट उतार दिया। इस मामले में पुलिस ने मां को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, कलंबोली सेक्टर-1 स्थित गुरुसंकल्प हाउसिंग सोसायटी में एक मां ने अपनी ही छह साल की मासूम बेटी का गला घोंटकर हत्या कर दी।

इतना ही नहीं, बेटी की हत्या के बाद कहानी बनाने की कोशिश की गई कि उसकी मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई है, लेकिन पुलिस ने शक के आधार पर मृतक लड़की का पोस्टमॉर्टम करवाया, जिसमें पाया गया है कि सांस की नली अवरोध



होने की वजह से उसकी जान गई है। फिर पुलिस ने मां से सख्ती से पूछताछ की, जिसके बाद लड़की की मौत का रहस्य उजागर हुआ है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गुरुसंकल्प सोसायटी में आईटी इंजीनियर पति अपनी पढ़ी-लिखी पत्नी के साथ रहते थे। वर्ष 2017 में विवाह हुआ और 2019 में उन्हें एक बेटी हुई। हालांकि, छह साल की इस बच्ची को बचपन से ही बोलने में परेशानी थी। वह मराठी के बजाय अधिकतर हिंदी में बोलती थी, जिससे मां लगातार नाराज रहती थी।

मुझे ऐसी बच्ची नहीं चाहिए, वह ठीक से बोलती नहीं है, ऐसा पत्नी कई बार अपने पति से कहती थी, यह बात जांच में सामने आई है। पति ने उसे समझाने का प्रयास भी किया था।

आखिरकार 23 दिसंबर की रात को मां ने बच्ची की हत्या करने का निश्चय किया। उसी दिन नानी बच्ची से मिलने के लिए घर आई थीं, लेकिन उनकी और बच्ची की मुलाकात नहीं हो सकी।

कुछ समय बाद जब पति घर लौटा तो बच्ची के न जागने पर सभी उसे तुरंत अस्पताल ले गए। वहां शुरुआत में दिल का दौरा पड़ने से मौत होने की कहानी बनाई गई।

हालांकि, कलंबोली पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राजेंद्र कोते को मौत संदिग्ध लगी, जिसके चलते उन्होंने पोस्टमार्टम की विशेष मांग की। प्राथमिक रिपोर्ट में श्वसन मार्ग अवरुद्ध होने के संकेत मिले। इसके बाद माता-पिता से कड़ी पूछताछ की गई।

करीब छह घंटे की पूछताछ के बाद आखिरकार मां ने ही बच्ची की गला घोंटकर हत्या करने की बात कबूल कर ली। इस नृशंस घटना के मामले में पुलिस ने आरोपी मां को गिरफ्तार कर आगे की जांच शुरू कर दी है। साथ ही जांच में यह भी सामने आया है कि महिला का इलाज मनोचिकित्सक के पास चल रहा था।

# झारखंड सरकार अपराधियों को छूट दे रही है : तेजप्रताप यादव

**पटना,27 दिसंबर (एजेंसियां)।** जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने दावा किया है कि झारखंड सरकार में अपराधियों को छूट दी जा रही है। तेज प्रताप का यह बयान देवघर में भाजपा नेता आशुतोष कुमार के भाई आलोक कुमार की मौत के बाद आया है। पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने कहा कि हम वृंदावन के भगवान कृष्ण के भक्त हैं, और दुख की इस घड़ी में मैं एक भाई की तरह हर संभव तरीके से परिवार के साथ



खड़ा हूं। देवघर में जो घटना हुई और जिस तरह से राज्य प्रशासन कथित तौर पर अपराधियों को राहत दे रहा है, वह बहुत चिंताजनक है। हम मांग करते हैं कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए।उन्होंने कहा कि वे मुख्यमंत्री से मांग करते हैं कि अपराधियों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए और कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।जान से मारने की धमकी को लेकर तेजप्रताप यादव ने कहा कि सोशल मीडिया के ज़रिए धमकियां मिलने के बाद हमने यह मुद्दा उठाया। हमने एक चिट्ठी लिखकर डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी को दी और पुलिस स्टेशन में शिकायत भी दर्ज कराई।बताते चलें कि राजद से निष्कासित होने के बाद तेजप्रताप यादव ने बिहार विधानसभा चुनाव से पहले जनशक्ति जनता दल का गठन किया। तेजप्रताप ने महुआ विधानसभा सीट से चुनाव लड़ा, लेकिन जीत का स्वाद नहीं चख पाए।धमकी मिलने के बाद उन्होंने सरकार से गुहार लगाई है। सरकार की ओर से कहा गया है कि पत्र मिला है, पूरे मामले को देखा जा रहा है।

# सिद्दारमैया सरकार हर क्षेत्र में विफल : बी. वाई विजयेंद्र

**बेंगलुरु,27 दिसंबर (एजेंसियां)।** कर्नाटक भाजपा के अध्यक्ष बी. वाई विजयेंद्र ने सिद्दारमैया सरकार को विफल बताया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक सरकार ने अपनी कार्यशैली से यह जाहिर कर दिया है कि उसे जनता के हितों से कोई सरोकार नहीं है। अगर होता, तो आज वो इस तरह की स्थिति में नहीं होती, जैसा कि वर्तमान में है। इस सरकार की विश्वसनीयता मौजूदा समय में पूरी तरह से खत्म हो चुकी है। बी. वाई. विजयेंद्र ने शनिवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में दावा किया कि यह सरकार आबकारी नीति की बात करें, चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुए भगदड़ की बात करें या आप भ्रष्टाचार की बात कर लें। कुल मिलाकर यह सरकार हर क्षेत्र में विफल साबित हुई। भाजपा नेता ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि मौजूदा समय में कर्नाटक सरकार में मंत्री जमीर अहमद खान के निजी सचिव सरफराज अहमद के पास से 14.5 करोड़ रुपए बरामद हुए हैं। राज्य में विकास का कोई काम नहीं हुआ है। इसके विपरीत भ्रष्टाचार में तेजी से वृद्धि देखने को मिल रही है। इस सरकार में विकास का कोई काम नहीं हुआ है।कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि अब यह सरकार अपनी विफलता को स्वीकार करने के बजाए केंद्र सरकार पर धन आवंटित करने के मामले में भेदभाव करने का आरोप लगा रही है, जबकि इन आरोपों में बिल्कुल भी सत्यता नहीं है। सिद्दारमैया सरकार सच्चाई को स्वीकार करने से बच रही है। यह इंदिरा गांधी वाला आपातकाल राज्य में लाने की कोशिश कर रही है। यह सरकार मीडिया पर प्रहार कर रही है और सोशल मीडिया पर उन लोगों को चिन्हित करके निशाना बना रही है जो इस सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठा रहे हैं।भाजपा नेता बी. वाई. विजयेंद्र ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार आलोचना से बच रही है। मेरा सीधा सा सवाल है कि क्या यह लोकतंत्र है? यह सरकार हर क्षेत्र में विफल साबित हो रही है। भाजपा इस सरकार की सच्चाई को उजागर करने जा रही है। हम अग्रिम



पंक्ति में पहुंचकर लोगों को बताएंगे कि किस तरह से राज्य सरकार में भ्रष्टाचार अपने चरम पर पहुंच चुका है। इस राज्य की स्थिति ऐसी बन चुकी है कि कोई भी निवेशक यहां पर निवेश नहीं करना चाहता। सभी लोग निवेश करने से बच रहे हैं।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की कार्यशैली से नाखुश निवेशक अब राज्य में निवेश नहीं करना चाहते हैं। इसका सीधा असर युवाओं पर पड़ रहा है। उनके लिए रोजगार के अवसर कम हो रहे हैं। हम इस बारे में राज्य सरकार से सवाल करेंगे कि क्या यह लोकतंत्र है। हम लोगों के बीच में जाकर कांग्रेस सरकार की पोल खोलेंगे।

# जगत प्रकाश नड्डा के विज़न का साकार रूप बना एम्स अब इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा : भाजपा

**शिमला,27 दिसंबर (एजेंसियां)।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि एम्स बिलासपुर जैसे वर्ल्ड क्लास स्वास्थ्य संस्थान से हिमाचल प्रदेश की जनता को अभूतपूर्व और ऐतिहासिक लाभ मिल रहा है। यह संस्थान केवल एक अस्पताल नहीं, बल्कि प्रदेश के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव का केंद्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि एम्स बिलासपुर का सपना भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने देखा था, जो आज पूरी तरह साकार हो चुका है। संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि आज एम्स बिलासपुर की चर्चा पूरे देश में हो रही है। यहां पेट से जुड़े जटिल कैंसर के इलाज के लिए हाइपरथर्मिक इंट्रापेरिटोनियल कीमोथेरेपी (कखझएउ) जैसी अत्याधुनिक तकनीक उपलब्ध करवाई जा रही है, जिससे कैंसर के मरीजों को अब दिल्ली, चंडीगढ़ या अन्य महानगरों में भटकना नहीं पड़ेगा। इस आधुनिक तकनीक से सर्जरी के बाद बची सूक्ष्म कैंसर कोशिकाओं को नष्ट किया जा सकता है, जिससे दोबारा कैंसर होने की



आशंका कम होती है और पूरे शरीर पर कीमोथेरेपी के दुष्प्रभाव भी घटते हैं। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार हृदय रोग विभाग में डायमंड ड्रिल आधारित रोटेशनल एथेरेक्टॉमी मशीन स्थापित करने की प्रक्रिया भी शुरू की गई है, जिससे दिल की धमनियों में जमे अत्यधिक कैल्शियम को सुरक्षित और प्रभावी तरीके से हटाया जा सकेगा। यह तकनीक उन मरीजों के लिए जीवनदान साबित होगी, जिनके लिए पहले ओपन हार्ट सर्जरी ही एकमात्र विकल्प मानी जाती थी। अब छोटे छेद के माध्यम से अत्याधुनिक इलाज संभव हो सकेगा।प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि एम्स बिलासपुर में लगातार आधुनिक मशीनें, सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं और विशेषज्ञ डॉक्टरों की सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। यह इस बात का प्रमाण है कि केंद्र सरकार और भाजपा नेतृत्व स्वास्थ्य सेवाओं को आम आदमी तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एम्स बिलासपुर न केवल हिमाचल बल्कि आसपास के राज्यों के मरीजों के लिए भी एक भरोसेमंद और सशक्त स्वास्थ्य केंद्र बनकर उभरा है।संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि कांग्रेस सरकार जहां प्रदेश में संस्थान बंद करने और सुविधाएं घटाने की नीति पर चल रही है, वहीं भाजपा ने एम्स बिलासपुर जैसे संस्थान के माध्यम से हिमाचल को देश के स्वास्थ्य मानचित्र पर अग्रणी स्थान दिलाया है। उन्होंने कहा कि यह सब जगत प्रकाश नड्डा के दूरदर्शी नेतृत्व और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मजबूत इच्छाशक्ति का परिणाम है, जिससे हिमाचल की जनता को घर द्वार पर विश्वस्तरीय इलाज मिल रहा है।

# स्वतंत्र भारत में 'लिंचिस्तान' का कोई स्थान नहीं : केसी त्यागी

**नई दिल्ली,27 दिसंबर (एजेंसियां)।** ओडिशा में एक बंगाली मुस्लिम प्रवासी मजदूर की हत्या को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है।

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती की बेटी इल्तिजा मुफ्ती ने 'लिंचिस्तान' का बयान दिया। इस पर जनता दल (यूनाइटेड) के नेता केसी त्यागी ने अपनी प्रतिक्रिया दी। दरअसल, इल्तिजा मुफ्ती ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करके लिखा, न भारत, न हिंदुस्तान, तेरा नाम लिंचिस्तान है। कांग्रेस नेता केसी त्यागी ने आईएएनएस से बात करते हुए मॉब लिंचिंग की निंदा की। उन्होंने कहा, इस तरह की हिंसात्मक भीड़ में जो हत्याएं हो रही हैं, वो पहले भी हुई



हैं। स्वतंत्र भारत में इसका कोई स्थान नहीं है, मैं इसकी निंदा करता हूं। केसी त्यागी ने मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के पीएम मोदी को लेकर किए गए हालिया 'एक्स' पोस्ट पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, आडवाणी जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक रहे हैं। वह एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के बड़े नेता रहे हैं। उनके सानिध्य में बैठना सौभाग्य की बात है।

उन्होंने कहा, जिस तरह की घटना थाईलैंड और कंबोडिया के बीच में हुई है, वह चिंताजनक है। हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियों के साथ जो अपमानजनक कार्रवाई की जा रही है, मैं उसकी निंदा करता हूं।केसी त्यागी ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के परिवार में कम से कम तीन बच्चे होने वाले बयान पर असहमति जताई। उन्होंने कहा, भारत परिवार नियोजन के संकल्प के साथ है। डब्ल्यूएचओ ने भी चेतावनी दी है कि बढ़ती आबादी भूख के कगार पर पहुंचा देगी।बता दें कि इससे पहले दिग्विजय सिंह ने एक्स पर एक पुरानी तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा था, मुझे यह चित्र मिला। बहुत ही प्रभावशाली है।

# बॉक्स ऑफिस पर सितारों का महामुकाबला कोई सुपरहिट तो कोई रहा फ्लॉप



साल 2025 भारतीय सिनेमा के लिए बहुत ही रोमांचक रहा। हर महीने बड़ी और छोटी फिल्में थिएटर में रिलीज हुईं, और कई बार एक ही दिन कई फिल्में आमने-सामने आईं। कुछ फिल्मों ने दर्शकों का दिल जीत लिया और सुपरहिट साबित हुईं, तो कुछ ने उम्मीदों पर पानी फेर दिया। इस साल बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा चर्चा रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' और जेम्स कैमरून की हॉलीवुड फिल्म 'अवतार: फायर एंड ऐश' को लेकर रही। फैंस और आलोचक फिल्मों के आमने-सामने के मुकाबले को लेकर बेहद उत्साहित हैं। रणवीर सिंह की 'धुरंधर' एक्शन-थ्रिलर फिल्म है। इसमें रणवीर के अलावा मुख्य भूमिका में अक्षय खन्ना भी हैं। 5 दिसंबर को रिलीज हुई फिल्म ने अब तक भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 668.80 करोड़ रुपए की कमाई की और दर्शक लगातार इसे थिएटर में देखने आ रहे हैं। वहीं 19 दिसंबर को दुनियाभर में रिलीज हुई 'अवतार 3' ने अब तक 109.65 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया।

इस साल पर नजर डालें, तो स्वतंत्रता दिवस के मौके पर भी दो बड़ी फिल्में 'वॉर 2' और 'कुली' आमने-सामने आई। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की 'वॉर 2' में एक्शन और ग्लोबल लोकेशन देखने को मिली। वहीं, रजनीकांत की 'कुली' एक मनोरंजक मसाला फिल्म थी, जिसमें स्टारकास्ट ने कमाल की एक्टिंग की। बॉक्स ऑफिस के आंकड़े बताते हैं कि 'कुली' ने भारत में 337.5 करोड़ रुपए की कमाई की, जबकि 'वॉर 2' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 236.55 करोड़ रुपए रहा। इस क्लैश में कुली ने साफ तौर पर जीत हासिल की।

जुलाई में भी राजकुमार राव की 'मालिक' और विक्रांत मैसी-शनाया कपूर की 'आंखों की गुस्ताखियां' एक साथ रिलीज हुईं। 'मालिक' में राजकुमार ने एक साहसी और न्यायप्रिय किरदार निभाया था, जिसे दर्शकों ने सराहा। फिल्म ने 28.65 करोड़ रुपए की कमाई की। वहीं, 'आंखों की गुस्ताखियां' दर्शकों को लुभाने में असफल रही और केवल 1.71 करोड़ रुपए ही कमा पाई।

31 जुलाई को रिलीज हुई विजय देवरकोंडा स्टारर 'किंगडम' और 1 अगस्त को रिलीज हुई सिद्धांत चतुर्वेदी-तृप्ति डिमरी की 'धड़क 2' में भी जबरदस्त टकराव देखने को मिला। 'किंगडम' में भरपूर एक्शन और दमदार म्यूजिक था, जिसने दर्शकों को काफी लुभाया। फिल्म ने 51.65 करोड़ रुपए की कमाई की। वहीं, 'धड़क 2' ने 22.45 करोड़ रुपए का कारोबार किया।

अक्टूबर में साल का सबसे बड़ा क्लैश देखने को मिला, जब 2 अक्टूबर को ऋषभ शेट्टी की 'कांतारा: चैप्टर 1' और वरुण धवन और जाहन्वी कपूर की 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' एक साथ रिलीज हुई। 'कांतारा' में भारतीय संस्कृति और इतिहास से जुड़े मजबूत पात्र और कहानी थी। फिल्म ने भारत में 622.04 करोड़ रुपए की शानदार कमाई की। इसके मुकाबले 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' ने केवल 61.85 करोड़ रुपए ही जुटाए।



# सही अवसर और मेहनत की जरूरत: शरमन जोशी

अभिनेता शरमन जोशी ने थिएटर से अपने करियर की शुरुआत की थी, और आज वह फिल्मों और थिएटर दोनों में अपनी पहचान बना चुके हैं। उनके करियर का 25 साल का लंबा सफर उपलब्धियों से भरा रहा है। शरमन ने अपने करियर और फिल्म '3 इडियट्स' के 16 साल पूरे होने पर अनुभव साझा किए। शरमन ने कहा, ''मैं किसी फिल्मी परिवार से नहीं आता हूं। मेरा अभिनय सफर थिएटर से शुरू हुआ। शुरुआत में मेरे पास तीन रास्ते थे, पहला अभिनेता बनना, दूसरा वकील बनना और तीसरा बिजनेस करना। मैंने अपने दिल की सुनी और एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। मेरे लिए यह एक बहुत बड़ा फैसला था, क्योंकि फिल्म इंडस्ट्री में सफलता पाने के लिए केवल टैलेंट ही नहीं, बल्कि सही अवसर और मेहनत की भी जरूरत होती है।'' उन्होंने कहा, फिल्म 'गॉडमदर' में मेरा छोटा सा रोल था, लेकिन इसके बाद मेरी जिंदगी बदल गई। मुझे फिल्म 'स्टाइल' का मौका मिला। इस फिल्म का ऑफर मेरे पास अचानक से आया। यह मेरे लिए खास अवसर था। उस समय मैं और बाकी कलाकार सभी नए थे और पूरे उत्साह के साथ काम कर रहे थे। उस वक्त की एनर्जी और जुनून अब भी यादों में ताजा है।शरमन ने बताया कि उन्हें आज भी फिल्म 'स्टाइल' बेहद पसंद है। यह देखकर खुशी होती है कि लोग अब भी इसे याद करते हैं और इसके बारे में बात करते हैं।

शरमन ने कहा, ''थिएटर मेरे करियर का अहम हिस्सा रहा है और मैं इसे हमेशा लगन और जुनून के साथ करता रहा हूं। मैंने अपने थिएटर प्ले 'राजू राजा राम' के 100 शो पूरे किए, और जनवरी में एक अंग्रेजी में नाटक शुरू करने की योजना बना रहा हूं। मेरा मानना है कि थिएटर केवल अभिनय का माध्यम नहीं, बल्कि एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जो कलाकार को अपनी कला और भावनाओं को गहराई से समझने का अवसर देता है।''इसके अलावा, शरमन ने अपनी सबसे लोकप्रिय फिल्म '3 इडियट्स' के 16 साल पूरे होने पर भी अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा, ''जब भी लोग मुझसे मिलते हैं, सबसे पहले उन्हें इस फिल्म का नाम याद आता है, लेकिन 'स्टाइल' का जिक्र भी हमेशा मुझे खुशी देता है। राजकुमार हिरानी ने मुझे 'स्टाइल' में देखा और बाद में '3 इडियट्स' में काम करने का मौका दिया। मुझे इस फिल्म में अपने किरदार राजू रस्तोगी की भूमिका के लिए काफी प्रशंसा और प्यार मिला।शरमन ने फिल्म के कई यादगार पलों का जिक्र किया, खासकर इंटरव्यू सीन, जिसे शूट करना उनके लिए भावनात्मक रूप से बेहद खास था।शरमन ने कहा, जब '3 इडियट्स' बनाई जा रही थी, तब मैंने सोचा भी नहीं था कि यह फिल्म इतनी सफल बनेगी। फिल्म की सफलता और लोगों का प्यार अब भी बना हुआ है। यह अनुभव मुझे याद दिलाता है कि मेहनत, सही मार्गदर्शन और लगन के साथ कोई भी कलाकार अपने सपनों को साकार कर सकता है।''उन्होंने अपने 25 साल के करियर के अनुभवों के बारे में बात करते हुए कहा, ''इस सफर में मुझे कई तरह के अवसर और चुनौतियां मिलीं, और हर अनुभव ने बेहतर कलाकार बनने में मदद की। मेरा मानना है कि केवल फिल्मों में काम करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि थिएटर और अन्य मंचों पर काम करना भी कलाकार के लिए बेहद जरूरी है। यह अभिनय को निखारता है और दर्शकों के साथ भावनात्मक जुड़ाव बनाने का अवसर देता है।''



## एक्शन का तड़का, रोमांस का जादू और आइकॉनिक डायलॉग्स

# भाईजान ने ऐसे दी बॉलीवुड को ऑल-टाइम हिट्स

बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान आज सिर्फ एक एक्टर नहीं, बल्कि एक ऐसा नाम हैं, जो हर पीढ़ी के दिलों में बसता है। कोई उन्हें 'दबंग' कहकर याद करता है, तो कोई प्यार से 'भाईजान' बुलाता है। अपने खास स्टाइल, मासूम मुस्कान और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस से सलमान ने दशकों से दर्शकों को एंटरटेन किया है। एक्शन, रोमांस और यादगार डायलॉग्स उनकी पहचान बन चुके हैं।

सलमान खान के करियर की बात करें तो 'हम आपके हैं कौन' में उनका मासूम और प्यारा अंदाज आज भी लोगों के दिलों में ताजा है। वहीं 'दबंग' में चुलबुल पांडे का हंसमुख लेकिन खतरनाक एक्शन अवतार दर्शकों को खूब पसंद आया। 'सुल्तान' में एक पहलवान की मेहनत, संघर्ष और जज्बे को उन्होंने इतनी सच्चाई से निभाया कि यह फिल्म उनके करियर की सबसे यादगार फिल्मों में शामिल हो गई। सलमान खान का जन्म 27 दिसंबर 1965 को इंदौर में हुआ था। उनके पिता सलीम खान बॉलीवुड के जाने-माने स्क्रिप्ट राइटर रहे हैं। फिल्मों के माहौल में पले-बढ़े सलमान ने 1988 में फिल्म 'बीवी हो तो ऐसी' से अपने करियर की शुरुआत की, लेकिन असली पहचान उन्हें 1989 में आई फिल्म 'मैंने प्यार किया' से मिली, जिसने उन्हें रातों-रात सुपरस्टार बना दिया।

इसके बाद सलमान ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। 'बजरंगी भाईजान' में मासूम बच्ची की मदद करने वाले किरदार से उन्होंने दर्शकों की आंखें नम कर दी। 'टाइगर जिंदा है' में देशभक्ति और एक्शन का दम दिखाया, जबकि 'किक' में मस्ती और एडवेंचर का तड़का लगाया। 'हम साथ साथ हैं', 'तेरे नाम', 'प्रेम रतन धन पायो' , 'वांटेड' और 'भारत' जैसी फिल्मों से उनके अंदर छिपे एक्टर की अलग-अलग खूबियों देखने को मिली।सलमान न केवल एक एक्टर हैं, बल्कि अपनी प्रोडक्शन कंपनी के जरिए सलमान खान कई हिट फिल्में प्रोड्यूस भी कर चुके हैं, और नए कलाकारों को मौका दिया है। इसके अलावा टीवी शो 'बिग बॉस' के होस्ट के रूप में भी उनका अलग ही जलवा है। उनका मजाकिया अंदाज और फैंस से जुड़ाव शो की बड़ी पहचान बन चुका है। बहरहाल, कई बड़े अवॉर्ड्स से सम्मानित सलमान खान आज एक एक्टर ही नहीं, बल्कि एक ब्रांड और सच्चे मायनों में बॉलीवुड के सुपरस्टार हैं।

# मैं कभी नहीं भूल सकती : सहर बंबा

## साझा किए बीते 25 सालों में पांच सबसे यादगार पल



सिनेमा की दुनिया में जब भी किसी कलाकार के नाम का जिक्र होता है, तो दर्शक उन्हें उनके सफर और अनुभवों से याद करते हैं। इस कड़ी में फिल्म 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' की एक्ट्रेस सहर बंबा ने बताया कि 2000 से 2025 तक उनके जीवन के पांच सबसे यादगार पल कौन-कौन से रहे। सहर ने कहा कि सबसे यादगार पलों की शुरुआत उस दिन से होती है जब उन्होंने फिल्म 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' के ट्रेलर लॉन्च पर शाहरुख खान के साथ स्टेज साझा किया और उनके साथ डांस किया। सहर ने कहा, यह सिर्फ एक फैन मोमेंट नहीं था, बल्कि एक जरिया था यह याद दिलाने का कि मुझे सिनेमा से प्यार क्यों हुआ था। यह पल मेरे लिए सपना सच होने जैसा था, जिसे मैं कभी नहीं भूल सकती। दूसरे सबसे यादगार पल के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा, मेरे लिए दूसरा सबसे यादगार पल वह था जब मुझे आर्यन खान ने खुद कॉल करके बताया कि वह शो का हिस्सा बन गई हैं। इस कॉल ने मेरी जिंदगी बदल दी। मुझे उस वक्त एहसास हुआ कि मैं किसी बड़े प्रोजेक्ट के लिए चुनी गई हूं। यह कॉल उनके मुझपर भरोसा किए जाने के बारे में था।

सहर ने बताया, ''तीसरा यादगार पल था, जब मैंने पहली बार लीड एक्ट्रेस के तौर पर सेट पर कदम रखा। उस समय मुझे कोई बाहरीपन महसूस नहीं हुआ, ऐसा लगा जैसे मेरा सेट से कोई खास जुड़ाव हैं। मैं कहानी को पूरी तरह से निभाने और पेशेवर रूप से काम करने के लिए तैयार थी। यह एहसास मेरे आत्मविश्वास और पेशेवर दृष्टिकोण के लिए बहुत महत्वपूर्ण था।''

चौथे सबसे खास पल की बात करते हुए उन्होंने कहा, चौथा खास पल परिवार से जुड़ा हुआ है। अपने परिवार का अपने ऊपर गर्व देखकर मैं इमोशनल हो गई थी। जब परिवार के सदस्यों ने मेरी मेहनत और सफर को देखा, तो वह मुझ पर गर्वित हुए। मेरा परिवार हमेशा सबसे बड़ा सहारा और प्रेरणा रहा है।

पांचवां और आखिरी महत्वपूर्ण पल था सहर के लिए एक कलाकार के रूप में अपनी पहचान पाना। उन्होंने कहा, मैंने एक कलाकार के रूप में अपनी पहचान मजबूत की है। कब 'ना' कहना है, धैर्य रखना है, और समय पर भरोसा करना है, यह मैंने सीख लिया है। यह अंदरूनी बदलाव मेरे लिए किसी बाहरी सफलता जितना ही महत्वपूर्ण है।

# काशिका कपूर ने अपने शानदार क्रिसमस लुक्स से फैलाया त्यौहार का जादू



काशिका कपूर इस त्योहारी सीज़न में अपने क्रिसमस फोटोज़ के ज़रिए फेस्टिव मूड को और भी खास बना रही हैं, जो सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान तुरंत खींच रहे हैं। अभिनेत्री ने छुट्टियों के जश्न को पूरे स्टाइल के साथ अपनाया और अपने सहज लेकिन ग्लैमरस क्रिसमस आउटफिट्स से ज़बरदस्त फैशन इंस्पिरेशन दी। क्लासिक फेस्टिव रंगों से लेकर एलिगेंट सिलुएट्स तक, काशिका के क्रिसमस लुक्स में चार्म और सॉफिस्टिकेशन का बेहतरीन संतुलन देखने को मिला। उनके फेस्टिव एल्बम का एक खास आकर्षण रहा उनका शानदार वेलवेट ड्रेस, जिसने उनके क्रिसमस स्टाइल में लग्ज़री और टाइमलेस एलिगेंस का तड़का लगा दिया। वेलवेट की रिच टेक्सचर और परफेक्ट फिट ने फेस्टिव वाइब को खूबसूरती से कॉम्प्लिमेंट किया, जिससे यह लुक पूरी तरह शोस्टॉपर बन गया। उनके फेस्टिव अपीयरेंस को खास बनाने में डिटेलिंग का भी बड़ा रोल रहा – मिनिमल लेकिन एलिगेंट मेकअप से लेकर हर लुक के साथ मेल खाते परफेक्टली स्टाइल्ड हेयर तक। काशिका के क्रिसमस पोस्ट्स में एक कोज़ी लेकिन ग्लैमरस एहसास झलकता है, जो सीज़न की असली भावना को उनके पर्सनल स्टाइल के साथ खूबसूरती से पेश करता है।फेस्टिव खुशी में चार चांद लगाते हैं उनकी चमकती मुस्कान और ग्रेसफुल मौजूदगी, जिसने जश्न को और भी खास बना दिया। जैसे-जैसे उनकी क्रिसमस तस्वीरें सोशल मीडिया पर दिल जीत रही हैं, एक बात साफ है – काशिका कपूर को स्टाइल के साथ त्योहार मनाना बखूबी आता है, और उनके क्रिसमस लुक्स ने हमें पूरी तरह दीवाना बना दिया है।

# करीना-पृथ्वीराज की फिल्म दायरा की शूटिंग पूरी

## अब 2026 में सिनेमाघरों में मचाएगी तहलका



मेघना गुलज़ार की डायरेक्टेड इन्वेस्टिगेटिव क्राइम थ्रिलर 'दायरा' की शूटिंग खत्म हो चुकी है, जिसमें करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन दमदार अंदाज़ में नज़र आएंगे. जंगली पिक्चर्स और पेन स्टूडियोज़ के साथ मिलकर बनी ये फिल्म अब पोस्ट-प्रोडक्शन के मैदान में एंट्री ले चुकी है और 2026 में सिनेमाघरों में धमाका करने के लिए तैयार है। 'दायरा' एक ऐसी कहानी है जो सिर्फ अपराध नहीं दिखाती, बल्कि बताती है कि एक शैतानी हरकत कैसे समाज में बराबर का भूचाल खड़ा कर देती है. ये फिल्म आसान जवाब नहीं देती, बल्कि दिमाग में ऐसे सवाल छोड़ जाती है जो कहानी खत्म होने के बाद भी सिर के अंदर घूमते रहते हैं। मेघना गुलज़ार अपनी सेंसिटिव स्टोरीटेलिंग और तेज़तर्रार नैरेटिव के साथ एक ऐसी दुनिया गढ़ती हैं जो दिमाग पर भी असर डालती है और दिल को भी छू जाती है. करीना कपूर खान और पृथ्वीराज सुकुमारन की जानदार, लेयर्ड परफॉर्मेंस के साथ-साथ एक मज़बूत एंसेंबल कास्ट इस फिल्म को और भारी-भरकम बनाती है।

'तलवार' और 'राज़ी' के बाद, 'दायरा' मेघना गुलज़ार और जंगली पिक्चर्स का तीसरा कोलैबोरेशन है, जो फिर से ऐसी सिनेमा पेश करने आ रहा है जो चर्चा भी छेड़ेगा और तारीफ़ भी बटोर लेगा। शूटिंग पैकअप हो चुकी है, अब टीम बेसब्री से इंतज़ार कर रही है कि 2026 में ये तेज़, सोच झकझोरने वाली कहानी सिनेमाघरों में दर्शकों से मुलाकात करे।

# 30 को पौष पुत्रदा एकादशी व्रत



पुत्रदा एकादशी साल में दो बार आती है। एक पौष माह की शुक्ल पक्ष में और दूसरी सावन माह के शुक्ल पक्ष में। इस साल पौष माह की पुत्रदा एकादशी का व्रत 30 दिसंबर को रखा जाएगा। इस व्रत में जगत के पालनहार श्रीहरि विष्णु की पूजा आराधना की जाती है। मान्यता है कि पौष पुत्रदा एकादशी व्रत करने से वाजपेय यज्ञ के बराबर पुण्यफल की प्राप्ति होती है। श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर की निदेशिका ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि 30 दिसंबर को पुत्रदा एकादशी व्रत है।इस दिन भरणी नक्षत्र और सिद्ध का विशेष संयोग बना रहेगा। संतान सुख की कामना के लिए पौष पुत्रदा एकादशी का व्रत बहुत खास माना जा रहा है। धर्म शास्त्रों के अनुसार मुख्य रूप से पौष पुत्रदा एकादशी का व्रत पुत्र प्राप्ति के लिए रखा जाता है। ऐसे में जो लोग नि:संतान हैं, उनको यह व्रत जरूर रखना चाहिए। इस दिन व्रत रखने और पूजा करने से भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती।

पौष मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी पर संतान के सुखद भविष्य और स्वस्थ जीवन के लिए व्रत किया जाता है। पति-पत्नी एक साथ ये व्रत करते हैं तो उनकी संतान से जुड़ी मनोकामनाएं पूरी हो सकती हैं। संतान के कार्यों में आ रही बाधाएं दूर हो सकती हैं। माता-पिता ये व्रत संतान की सुखी की कामना से करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर के साथ ही पांडवों को भी एकदाशी व्रत के बारे में बताया है। स्कंद पुराण के वैष्णव खंड में एकादशी महात्म्य अध्याय में एकादशियों की कथाएं बताई गई हैं। श्रीकृष्ण ने कहा था कि जो लोग एकादशी व्रत करते हैं, उन्हें सुख-शांति के साथ ही सफलता भी मिलती है। जाने-अनजाने में हुए पापों से मुक्ति मिलती है।

### पौष पुत्रदा एकादशी तिथि

पुत्रदा एकादशी 30 दिसंबर को सुबह में 6:38 मिनट पर एकादशी तिथि का आरंभ होगा। अगले दिन 31 दिसंबर को 4:48 मिनट पर समाप्त हो जाएगा। ऐसे में उदय काल के अनुसार, पुत्रदा एकादशी का व्रत 30 दिसंबर को रखा जाएगा। शास्त्रों के अनुसार, उदयकाल में एकादशी तिथि होने पर ही एकादशी का व्रत करना सर्वोत्तम माना जाता है। साधक स्थानीय पंचांग के अनुसार व्रत रख सकते हैं।

### ऐसे कर सकते हैं एकादशी व्रत

पुत्रदा एकादशी पर सुबह जल्दी उठना चाहिए। स्नान के बाद सूर्य को जल चढ़ाएं। घर के मंदिर में भगवान विष्णु की पूजा करें और व्रत करने का संकल्प लें। इसके बाद भगवान गणेश और फिर भगवान विष्णु-लक्ष्मी की पूजा करें। दक्षिणावर्ती शंख में दूध भरकर श्रीकृष्ण का भी अभिषेक करें। विधिवत पूजा करें। जो लोग एकादशी व्रत करते हैं, उन्हें पूरे दिन अन्न का सेवन नहीं करना चाहिए। फलाहार करें और दूध पी सकते हैं।

### विष्णु-लक्ष्मी की पूजा

पुत्रदा एकादशी की सुबह घर के मंदिर में भगवान विष्णु और महालक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित करें। इसके बाद शंख में जल और दूध लेकर प्रतिमा का अभिषेक करें। भगवान को चंदन का तिलक लगाएं। चावल, फूल, अबीर, गुलाल, इत्र आदि से पूजा करें। इसके बाद धूप-दीपक जलाएं। लाल-पीले चमकीले वस्त्र अर्पित करें। मौसमी फलों के साथ सुपारी भी रखें। गाय के दूध से बनी मिठाई का भोग लगाएं। भगवान की आरती करें। ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करें। इस पूजा करने के बाद भगवान से जानी-अनजानी गलतियों के लिए भगवान से क्षमा याचना करें। पूजा के बाद प्रसाद बांटें और खुद भी लें।

### पौष पुत्रदा एकादशी व्रत का महत्व

इस व्रत को करने से श्रीहरि विष्णु के अलावा मां लक्ष्मी की भी कृपा प्राप्त होती है। धार्मिक मान्यता है कि यदि कोई जातक इस व्रत को विधि पूर्वक करता है, तो जल्द ही उसे संतान सुख की प्राप्ति होती है। इसके अलावा लंबे समय से रुके हुए कार्य भी पूरे हो सकते हैं।



**नीतिका शर्मा**
ज्योतिषाचार्या एवं फेमस टैरो कार्ड रीडर
श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर, अजमेर

# भुलेश्वर महादेव : देश का पहला मंदिर जहां शिव से मुख मोड़कर बैठते हैं नंदी महाराज



भगवान शिव के अनन्य भक्तों में नंदी महाराज की गिनती होती है, क्योंकि उन्होंने भगवान शिव को पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। हर मंदिर में जहां भगवान शिव विराजमान हैं, वहां उनकी सेवा के लिए नंदी महाराज विराजमान हैं, लेकिन महाराष्ट्र के एक अद्भुत मंदिर में नंदी, भगवान शिव से मुंह मोड़कर बैठे हैं। ये नजारा भुलेश्वर महादेव मंदिर में देखने को मिलता है।

महाराष्ट्र के पुणे-सोलापुर राजमार्ग से 10 किलोमीटर की दूरी पर पहाड़ियों के पास भुलेश्वर महादेव मंदिर स्थापित है। यह मंदिर एक पहाड़ी पर स्थित है और इसका निर्माण 8वीं शताब्दी में हुआ था। इसकी दीवारों पर शास्त्रीय नक्काशी है और इसे संरक्षित स्मारक घोषित किया गया है। ये मंदिर अपने बारे में प्रचलित लोककथा के लिए भी जाना जाता है, जिसके अनुसार जब शिवलिंग पर मिठाई या पेड़े का भोग लगाया जाता है तो एक या एक से अधिक मिठाइयां गायब हो जाती हैं।

दरअसल, शिवलिंग के ठीक नीचे एक गुफा है, जहां पुजारियों द्वारा रोजाना प्रसाद चढ़ाया जाता है और प्रसाद का कुछ हिस्सा गायब हो जाता है। किसी को नहीं पता कि प्रसाद का हिस्सा कहां जाता है। माना जाता है कि भगवान खुद आकर प्रसाद को भोग लगाते हैं।

मंदिर की खास बात ये भी है कि मंदिर के गर्भगृह में भगवान शिव, गणेश और कार्तिकेय की स्त्री वेश वाली प्रतिमाएं मौजूद हैं। भक्त शिवलिंग के अलावा, स्त्री वेश धारण किए भगवान शिव, गणेश और कार्तिकेय का आशीर्वाद लेने आते हैं।


हर मंदिर में जहां शिवलिंग के सामने नंदी का मुख होता है, लेकिन भुलेश्वर महादेव का नजारा अलग है। मंदिर में नंदी महाराज की गर्दन भगवान शिव को न देखते हुए दाईं साइड मुड़ी हुई है। प्रचलित कथा के मुताबिक जब मां पार्वती भगवान शिव को वापस लेने के लिए आईं थीं, तब नंदी ने दोनों दंपत्ति को न देखते हुए चेहरा मोड़ लिया था। तब से लेकर अब तक नंदी इसी अवस्था में विराजमान है।

एक अन्य कथा के अनुसार, एक बार मां पार्वती से क्रोधित होकर भगवान शिव ने कैलाश छोड़ इसी स्थान पर सालों तक तपस्या की थी। भगवान शिव को मनाने के लिए मां पार्वती ने बेहद सुंदर रूप लिया और अपने नृत्य से भगवान शिव को प्रसन्न करने की कोशिश की। मां पार्वती का इतना मोहित रूप देखकर भगवान शिव अपना सारा गुस्सा भूल गए थे और वापस मां के साथ कैलाश प्रस्थान किया था। इसी वजह से मंदिर का नाम भुलेश्वर महादेव पड़ा।

1000 साल पुराने इस मंदिर का बनाव और वास्तुकला बहुत अलग है, जिसमें मुगलकाल से लेकर मराठा सभ्यता की झलक देखने को मिलती है। मंदिर को कई बार तोड़ा गया और कई बार बनाया गया। मंदिर बाहर से ताजमहल की तरह दिखता है, लेकिन अंदर से बहुत प्राचीन है। मंदिर के स्तंभों पर स्त्री रूप धारण किए गणेश और भगवान कार्तिकेय की प्रतिमा मौजूद है।

# गद्दे के नीचे पेपर-पन्नी रखना क्यों माना जाता है अशुभ, जानिए इसके गंभीर नुकसान

**वास्तु शास्त्र में घर की हर वस्तु और उसके स्थान को ऊर्जा से जोड़ा गया है। विशेष रूप से बेडरूम को मानसिक शांति, स्वास्थ्य और पारिवारिक संतुलन का केंद्र माना जाता है, क्योंकि व्यक्ति अपने जीवन का बड़ा हिस्सा यहीं विश्राम करते हुए बिताता है। कई घरों में जगह की कमी या आदत के कारण लोग गद्दे के नीचे पुराने अखबार, जरूरी कागजात, प्लास्टिक की पन्नी या बैग रख देते हैं। देखने में यह मामूली बात लग सकती है, लेकिन वास्तु शास्त्र के अनुसार यह आदत धीरे-धीरे घर में नकारात्मक प्रभाव पैदा कर सकती है।**



### नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव और नींद में कमी

गद्दे के नीचे रखे पुराने कागजों को वास्तु में रुकी हुई और बोझिल ऊर्जा का प्रतीक माना गया है। अखबारों और पुराने दस्तावेजों में छपी घटनाएं अधिकतर तनाव, दुर्घटना या विवाद से जुड़ी होती हैं, जिनकी ऊर्जा लंबे समय तक बनी रहती है। जब व्यक्ति ऐसे स्थान पर सोता है, तो यह ऊर्जा उसके मन और शरीर को प्रभावित कर सकती है। इसका असर नींद की गुणवत्ता पर पड़ता है और बार-बार नींद टूटना, बेचैनी या सुबह उठने पर थकान महसूस होना आम हो सकता है। लंबे समय तक ऐसा रहने से मानसिक तनाव भी बढ़ सकता है।

### आर्थिक स्थिति पर पड़ने वाला असर

वास्तु शास्त्र में गद्दे और सोने की जगह को स्थिरता और समृद्धि से जोड़ा जाता है। गद्दे के नीचे अव्यवस्थित कागज या पन्नी रखने से धन से संबंधित ऊर्जा बाधित मानी जाती है। इसका प्रभाव यह हो सकता है कि व्यक्ति की आमदनी और खर्चों में संतुलन बिगड़ने लगे। कई बार बिना कारण आर्थिक दबाव महसूस होना या मेहनत के बावजूद अपेक्षित परिणाम न मिलना भी इसी तरह की वास्तु असंतुलन से जोड़ा जाता है।

### स्वास्थ्य और पारिवारिक रिश्तों पर प्रभाव

गद्दे के नीचे रखी पन्नी या कागज समय के साथ धूल और नमी को आकर्षित करते हैं, जिससे वातावरण अशुद्ध हो सकता है। वास्तु के अनुसार ऐसी अशुद्ध ऊर्जा शरीर के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। इसके साथ ही यह स्थिति पारिवारिक जीवन में भी तनाव बढ़ा सकती है। दांपत्य संबंधों में छोटी-छोटी बातों पर मतभेद, चिड़चिड़ापन या भावनात्मक दूरी महसूस हो सकती है। बच्चों के मामले में यह आदत उनकी एकाग्रता और मन की स्थिरता को प्रभावित कर सकती है।

### छोटी लापरवाही से बड़ा वास्तु दोष

वास्तु शास्त्र मानता है कि सोने की जगह जितनी साफ, हल्की और व्यवस्थित होगी, उतनी ही सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। गद्दे के नीचे पुराने पेपर या पन्नी रखना भले ही एक छोटी आदत लगे, लेकिन इसका प्रभाव धीरे-धीरे जीवन के कई क्षेत्रों में दिखाई देने लगता है। इसलिए इस स्थान को खुला और साफ रखना मानसिक शांति और संतुलन के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है।

# परमहंस पंडित श्री गणेश नारायण जी

## अघोर साधना और दिव्य चमत्कारों की जीवंत गाथा

**श्री गणेश फाउंडेशन, चिड़ावा नागरिक परिषद, हैदराबाद द्वारा पंडित गणेश नारायणजी (बावलिया बाबा) का विशाल मंदिर का निर्माण श्री खेमदास मठ, चुड़ीबाजार, बेगमबाजार, हैदराबाद में किया गया है, जिसकी प्राणप्रतिष्ठा पांच दिवसीय कार्यक्रम 19 जनवरी से 23 जनवरी 2026 तक होगा। बाबा के सभी भक्तों से निवेदन किया गया है कि उक्त कार्यक्रम में पधारकर भजनों का आनंद लें, प्रसाद ग्रहण करें एवं बाबा का दिव्य आशीर्वाद प्राप्त कर अपनी मनोकामना पूरी करें।**

परमहंस पंडित श्री गणेश नारायण जी का जन्म विक्रम संवत 1903, पौष कृष्ण प्रतिपदा, गुरुवार के दिन राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र के बुगाला ग्राम में पंडित घनश्यामदास जी के घर हुआ। आपकी विलक्षण कुंडली को देखकर ज्योतिषियों ने भविष्यवाणी की कि यह बालक महाज्ञानी, वचन-सिद्ध, देवतुल्य, अवतारी और राजयोग का स्वामी होगा।

पिता ने बालक को विद्याध्ययन हेतु सिद्धहस्त गुरु श्री रुदेन्द्र शास्त्री के सान्निध्य में भेजा। पंडित गणेश नारायण जी ने अल्प आयु में ही संस्कृत, गणित, वेदांग, तंत्र-मंत्र, व्याकरण, छंदशास्त्र, ज्योतिष एवं कर्मकांड की शिक्षा पूर्ण कर ली। आपके द्वारा किए गए अनेक सफल अनुष्ठानों एवं ज्योतिषीय चमत्कारों से यजमानों और जनसाधारण को लाभ प्राप्त हुआ।

आपने फारसी और अरबी भाषा का भी अध्ययन किया। साधना की विभिन्न पद्धतियों में अघोर विधि ने आपको विशेष रूप से आकर्षित किया।

### गृहस्थ जीवन से वैराग्य और माँ शक्ति की उपासना

पिता की आज्ञा से आपने विवाह किया और गृहस्थ जीवन में एक पुत्र एवं दो कन्याओं को जन्म दिया, किंतु शिव और शक्ति की आराधना के प्रभाव से आप वैराग्य की ओर अग्रसर हो गए और अंततः गृहस्थ जीवन का त्याग कर दिया।

आप ईश्वर चिंतन में लीन रहते हुए माँ दुर्गा की घोर उपासना करने लगे। नवरात्रि उद्यापन अनुष्ठान आप पूर्ण तन्मयता, दत्तचित्त होकर शास्त्रोक्त विधि से संपन्न करते थे, जिससे आपकी ख्याति दूर-दूर तक फैलने लगी।

विक्रम संवत 1942 में एक यजमान ने अपने गंभीर रूप से बीमार पुत्र के स्वास्थ्य लाभ हेतु विशेष अनुष्ठान का आग्रह किया। पंडित गणेश नारायण जी ने एकांत कक्ष में विधिवत अनुष्ठान प्रारंभ किया और यजमान के पुत्र को काल के मुख से बचा लिया।

नवमी के दिन अनुष्ठान पूर्ण होने से पूर्व माँ दुर्गा साक्षात प्रकट हुईं, किंतु कक्ष का द्वार खुल जाने से विघ्न पड़ा और माँ अंतर्ध्यान हो गईं।

### अघोर मार्ग, बावलिया बाबा और लोककल्याण

माँ शक्ति के साक्षात दर्शन के पश्चात पंडित जी पूर्णतः विरक्त और निस्पृह हो गए। आपने भक्ति का औघड़ मार्ग अपनाया और माँ काली अथवा श्मशान काली की साधना में लीन हो गए।

आप नीले वस्त्र धारण करते थे तथा सदैव अपने साथ एक हांडी और शिव-शक्ति के त्रिशूल के प्रतीक रूप में लकड़ी रखते थे।


अल्प समय में आपने माँ को प्रसन्न किया और उनके आदेश से 'ड' मंत्र के जाप द्वारा शिव उपासना में लीन हो गए। इसी साधना से आपको परमहंस पद की प्राप्ति हुई। आप त्रिकालदर्शी बन गए तथा पूर्व, वर्तमान और भविष्य की घटनाओं का ज्ञान प्राप्त हुआ।साधारण जन आपके अघोर स्वरूप को समझ नहीं सके और आप बावलिया बाबा के नाम से विख्यात हुए।

लोककल्याण हेतु भ्रमण करते हुए विक्रम संवत 1947 में आप शिव नगरी चिड़ावा पधारे और जीवनपर्यंत वहीं साधना में लीन रहे।

जिसने भी बाबा में सच्ची श्रद्धा रखी, उसे असाध्य रोगों से मुक्ति मिली, अंधों को दृष्टि प्राप्त हुई। साधना की अवस्था में बाबा कभी विशाल तो कभी लघु रूप धारण कर लेते, यहाँ तक कि हवा में उड़ते हुए भी देखे गए।बाबा की वचन-सिद्ध शक्तियों और चमत्कारों से लोग हतप्रभ रह जाते थे। आपकी ख्याति से आकर्षित होकर अनेक महापुरुष आपके दर्शनार्थ आते रहे, जिनमें प्रमुख रूप से खेतड़ी नरेश श्री अजित सिंह जी एवं पिलानी के श्री जुगलकिशोर जी बिड़ला सम्मिलित थे।


श्री जुगलकिशोर जी बिड़ला आपकी सेवा से प्रसन्न होकर बाबा के वरदान से एक साधारण व्यापारी से विश्व के प्रमुख उद्योगपति बने और बाबा के आदेशानुसार मानव सेवा को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया।विक्रम संवत 1969, पौष सुदी नवमी, गुरुवार को प्रातः ब्रह्म मुहूर्त में बाबा ने स्वेच्छा से देह त्याग किया। इसके संकेत आपने भक्तों को पूर्व में दे दिए थे, किंतु कोई उन्हें समझ न सका। इस प्रकार परमहंस ने चोला बदल दिया।

जय परमहंस पंडित श्री गणेश नारायण जी
जय बावलिया बाबा



खबरें जो सोच बदल दें शुभ लाभ

# बर्फ का टुकड़ा



राजा कर की समस्या को लेकर बेहद परेशान थे। और उससे भी अधिक परेशान वह इसलिए थे, क्योंकि इसका हल वह ढूंढ़ नहीं पा रहे थे। आखिरकार एक दिन राजा की मदद के लिए एक सज्जन सामने आए...

**महान** सम्राट फ्रेडरिक बेहद विशाल राज्य पर शासन करते थे। एक समय ऐसा आया जब उनके शाही खजाने में धन की कमी हो गई। यह कमी किसी भी तरह से पूरी नहीं हो पा रही थी। हारकर उन्होंने सबसे सलाह-मशविरा करने का विचार किया। उन्होंने सभा का आयोजन किया जिसमें सारे मंत्री और रहवासियों को बुलाया गया। और फिर सबसे पूछा- 'हमें समझ में नहीं आता कि प्रजा पर इतने कर लगाने के बावजूद राज्य की आमदनी इतनी कम कैसे होती जा रही है। क्या आप लोग इस समस्या पर प्रकाश डाल सकते हैं?' यह सुनकर सभी एक-दूसरे का मुंह ताकने लगे।

तभी कोने में बैठे एक सज्जन ने कहा- 'महाराज! यदि आपकी आज्ञा हो, तो मैं इस समस्या पर कुछ कहना चाहूंगा।' सम्राट की अनुमति मिलने पर उस सज्जन ने एक बर्फ का टुकड़ा मंगवाया। सब सोच में पड़ गए कि आखिर यह हो क्या रहा है? बर्फ का टुकड़ा आते ही उन सज्जन ने उस टुकड़े को अपने हाथ में ले लिया और फिर उसे अपनी बगल में बैठे हुए आदमी को दे दिया। और इसी तरह उन्होंने टुकड़े को आगे बढ़ाते जाने का संदेश दिया। एक-एक करके सभी लोग वह बर्फ का टुकड़ा अपनी बगल में बैठे हुए सज्जन को देने लगे। सभा में मौजूद हर एक व्यक्ति के हाथ से होता हुआ वह बर्फ का टुकड़ा आखिरकार सम्राट के हाथ में आया। सम्राट ने उन सज्जन से कहा- 'इसका क्या मतलब हुआ? हमारे हाथ में आते-आते तो यह टुकड़ा चने के दाने जितना भी नहीं रहा।' इस पर उन सज्जन ने कहा- 'हुजूर! शाही खजाने तक पहुंचते-पहुंचते राज्य में लगाए गए कर का भी यही हाल होता है।'

सम्राट ने उनकी बहुत प्रशंसा की क्योंकि वह समझ चुके थे कि उनके नीचे काम करने वाले अधिकारी भ्रष्ट और बेईमान हैं और वे हेराफेरी कर रहे हैं। सम्राट ने तुरंत ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया और उस सज्जन को सोने की अशर्फियों से पुरस्कृत किया।

## कविता

### अगर ना वातावरण बचाया

दूषित हो रहे धरती-पानी,
न रहा कोई चारा,
अगर न वातवरण बचाया,
होगा कैसे गुजारा।
जिस मिट्टी में खेले और बढ़े,
उसकी कद्र न डाली,
घोल रहे धरती में जहर,
कर दी हालत माली,
एक दिन हमें पड़ जाएगा,
कर्ज चुकाना भारी।
हर तरफ बेकद्री इसकी,
यह पाक-पवित्र पानी,
इसमें बसी है जान हमारी,
हमने कद्र न जानी।
क्या पीओगे अगर हो गया,
पानी गंदा सारा,
धुआं और जहरीली गैसें
पानी में गईं घुल।
सूख रहे वन-वान्य,
जीवन हो जाएगा गुल,
पहले जैसी जिंदगानी का
अब न रहा नजारा।
आओ हाथ मिलाएं और
करें पर्यावरण की संभाल,
आज के बाद पेड़ लगाए
हर छोटा-बड़ा बाल।
वातावरण बचाने का
मिलकर लगाएं नारा,
अगर न वातावरण बचाया,
होगा कैसे गुजारा।



## रंग भरो




## बूझो तो जानें!

1. इन चारों में क्या समानता है- मनमोहन सिंह, सी. रंगराजन, बिमल जालान और एल के झा?
2. ऐसे कौन-से राष्ट्रपति हैं, जो लोकसभा के स्पीकर पद पर भी रहे थे?
3. फतेहपुर सीकरी का निर्माण किसने शुरू करवाया था?
4. एक ही भारतीय कलाकार ने राष्ट्रसंघ में अपना गायन प्रस्तुत किया था। उनका नाम बताइए।
5. दक्षिण भारत का मैनचैस्टर किस शहर को कहा जाता है?
6. फ्रांसीसी क्रांति के नतीजतन कौन-सी प्रथा का अंत हुआ था?
7. टॉक टू मी किस तरह के उत्पाद के विज्ञापन का संदेश है?
8. किस भारतीय राज्य की लोकसभा में सबसे ज्यादा अनुसूचित जनजाति के लिए सुरक्षित सीटें हैं?
9. विश्वकप फुटबॉल 2004 किस देश की मेजबानी में हुआ था?

उत्तर- 1. चारों रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर रह चुके हैं। 2. नीलम संजीव रेड्डी 3. अकबर 4. एम एस सुब्बालक्ष्मी 5. कोयम्बटूर 6. गुलाम प्रथा 7. टूथपेस्ट 8. मध्यप्रदेश 9. अमेरिका

## अंतर ढूंढ़ो...



*एक्टिविटी हल करना आप सभी को बेहद पसंद है। मजेदार बात तो यह है कि हमें आपकी इस पसंद के बारे में पता है। इसलिए तो इस बार भी एक एक्टिविटी आपके लिए लेकर आए हैं हम...दिए गए दोनों चित्रों में कुल पांच अंतर हैं। तो ढूंढ़ निकालिए वे सारे अंतर...।*

## बीरबल की बुद्धिमानी





**आप** सभी ने अकबर और बीरबल के कई किस्से सुने होंगे। उन्हीं किस्सों में से एक मजेदार किस्सा आज आपके लिए लेकर आए हैं हम।

एक दिन एक महान विद्वान बादशाह अकबर के दरबार आए और उन्होंने बीरबल से मिलने की इच्छा जाहिर की। बीरबल के आते ही उन्होंने कुछ सोचे-समझे बगैर एक चुनौती रख दी और बीरबल से कहा कि चुनौती को स्वीकार कर वे साबित करें कि वे सच में विद्वान हैं, जैसा कि लोग कहते हैं। बीरबल किसी की चुनौती स्वीकार न करें, ऐसा आज तक कभी नहीं हुआ था, सो इस बार कैसे होता। विद्वान ने बीरबल से पूछा -'आप सौ आसान सवालों के जवाब देना पसंद करेंगे या एक कठिन सवाल का?' बादशाह और बीरबल, दोनों का ही थकान भरा दिन था और दोनों ही सभा खत्म करने को बेचैन थे।

बीरबल ने कहा- 'आप कठिन सवाल पूछें।'

यह सुनते ही विद्वान मन ही मन मुस्कुराने लगे और उन्होंने अपना सवाल रखा- 'बताइए, इस दुनिया में पहले क्या आया- अंडा या मुर्गी?'

'मुर्गी'- बीरबल ने पूरे भरोसे के साथ जवाब दिया।

विद्वान ने पूछा- 'यह आप भरोसे के साथ कैसे कह सकते हैं?'

बीरबल ने विद्वान से तुरंत कहा- 'शर्त के अनुसार, आपने एक सवाल का जवाब देने को कहा था और एक सवाल आप पूछ चुके हैं।' बीरबल का यह जवाब सुनकर विद्वान अवाक् रह गए। दरबार में उपस्थित सभी लोग तालियां बजाने लगे और विद्वान का मुंह खुला का खुला रह गया।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज का दिन कारोबार के हिसाब से बहतर हैं लाभ होगा रुकावटें दूर होंगी । आप को अपने तरीकें से ही काम करना चाहिए किसी के दिखावे मे नही आना चाहिए । छात्रों के लिए महनत का समय हैं परिणाम सकारात्मक रहेंगे अनजाने व्यक्ति से निवेश मे सलाहमशवरा करना आपके लिए आर्थिक रूप से समस्या खड़ी कर सकता है । सेवक से बहसबाजी न करें आपकी छवि धूमिल हो सकती है। सूर्य को कनेर के पुष्प से अर्घ्य दें , आय बढेगी शरीर स्वस्थ रहेगा आनंद की अनुभूति होगी।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

आज कार्यालय मे संयम से व्यवहार करना होगा । सरकारी कागजात को सावधानी से पढकर ही काम करना चाहिए । आज नये स्टाफ को जोखिम देने से हानि होगी । मित्रों का व्यवहार आपको पसंद नहीं आएगा आप टेंशन मे आ जाएंगे । पुराने कर्मचारियों से आप खुश होंगे। किसी भी कार्य को अन्तिम रुप देने से पहले बुजुर्गों का आशीर्वाद लेना चाहिए । अपने खराब प्रदर्शन के लिए किसी दूसरे पर आरोप मत डाले घर–परिवार को भी प्रसन्न रखें माता–पिता का आशीर्वाद मिलेगा।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह**

आज कन्स्ट्रक्शन के कारोबार मे निवेश करें लाभदायक रहेगा । कोई नया काम शुरू कर सकते हैं, सफलता प्राप्त होगी। सामाजिक लाभ भी ठीक–ठाक रहेगा । दोस्तों के साथ घूमने का प्लान बनेगा समय बहुत मौज मस्ती मे जायेगा । एक ही लक्ष्य लेकर कार्य करने से बेहतर परिणाम मिलेंगे । कुछ घरेलू मामलों को सुलझाया जा सकता है । किसी भी तरह के नकारात्मक विचार आने से पहले ही कार्य को अन्तिम रुप देंदें

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज समय का साथ मिलेगा आप सौभाग्यशाली रहेंगे । भविष्य के संबंध में कोई निर्णय लेना उचित होगा । आप का अथक परिश्रम आप को सफलता की सिढी पर ले जाएगा इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए हर्षोल्लास का समय हैं छात्र पुरस्कृत होंगे । अपने से छोटो को पहले मौका देना आप की पद और प्रतिष्ठा मे बढोत्तरी करेगा । आप को अर्थ का लाभ होगा। मंदिर मे देवमूर्ति को साष्टांग दण्डवत प्रणाम करना चाहिए और लालपुष्प की माला मूर्ति पर अर्पण करेंगे।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आज के दिन की शुरुआत धरती को छूकर प्रणाम करके करें । अपने काम की अहमियत को समझना होगा और मजबूती से कदम आगे बढाना होगा । आज सबसे पहले रुके हुए काम पूरे करना चाहिए, जो काफी महत्वपूर्ण है और आप को सरकारी दण्ड से भी बचाएगा । अगर कोई बात उलझ गई हो तो , निःसंकोच बातचीत से ही उसे ठीक करें, तो यह सही होगा । आप को अपना काम बहुत ही समझदारी से करना चाहिए । अपने माता–पिता से किसी को भी बात को गुप्त नही रखना हैं । आप एक अच्छे मित्र के रूप में प्रदर्शित होंगे ।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

आज सबसे पहले अपने घर की जरुरतों को पूरा करें तत्पश्चात अपने व्यवसाय मे निवेश करें वर्तमान सुखमय बितेगा भविष्य के लिए चिंता मुक्त होंगे । विरोधियों से सावधान रहना होगा आप के होते हुए काम बिगाडेंगे । आने वाला समय आप का होगा आप को मित्रों का पूरा समर्थक रहेगा । शिक्षा क्षेत्र मे बाधा आ सकती है। आप एक्सपर्ट के साथ संवाद कर सकते हैं। अपने लक्ष्य को सुनिश्चित करें आप के पूर्व का निवेश भविष्य को फायदा देगा ।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आज सदग्रन्थों का अनुसरण करें दिनचर्या मे बदलाव की जरुरत हैं । कारोबार के हिसाब से समय सकारात्मक हैं अपने स्टाफ पर भरोसा रखना होगा आप को बेफिक्री रहेगी । कामर्स के छात्रों को विशेष सफलता मिलेगी महनत का सही परिणाम आएगा । बिगडे हुए काम आने वाले समय मे बनेंगे बस आप को निरंतर प्रयास करते रहना होगा ऑफिस पर ओवर टाइम होगा । किसी से हाथ पैसा लेना पडेगा परन्तु जल्दी ही आप चुका भी देंगे ।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आज का दिन आप के लिए सौभाग्यशाली है। आज नया कारोबार चालू करने सही समय हैं । कुछ पुराने कामों मे दिक्कतें जरूर आ सकती हैं उस को अच्छी तरह से समझकर सुलझा लें। आज शिक्षकों को छात्रों पर महनत करनी पडेगी तभी परिणाम अच्छे आंएगे । अपने निवेश का लेखाजोखा आप को ही रखना होगा नये और अपरिचित स्टाफ पर पूरा भरोसा करना नुकसानदेह साबित होगा । आप किसी भी तरह की यात्रा का योग बन रहा हैं गुड का सेवन करके प्रस्थान करें । मित्रो के साथ लम्बी बातचीत हो सकती हैं । आज नंदी महाराज को गुड खिलाए रोगमुक्त रहेंगें।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आप बैंकिंग मे कार्यरत है तो आप का पदोन्नति के साथ ट्रासफर हो सकता हैं आप के बैलेंस शिट में सुधार होगा मुनाफे के साथ स्थाई धन बढेगा । धार्मिक माहौल का आनंद मिलेगा बच्चों के स्वभाव मे अच्छे संस्कार का बदलाव देखने को मिलेगा । आज सामाजिक काम व्यस्तता रहेगी आप अपनी चतुराई से घरेलू समस्याओं को हल निकालने मे सक्षम होंगे । कुछ जातक नौकरीपेशे मे ही अपनी जीविका तलाशेंगे और रिस्क लेने से दूर ही रहेंगे।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

कपडे का व्यवसाय करने वालो के लिए समय मध्यम हैं न लाभ होगा और न हानि बनेगी । नौकरीपेशे से जुडे हुए हैं तो आप को संयम रखने की बहुत जरूरत हैं आप के भाई और बहन के रिश्तों मे कुछ अनबन हो सकती हैं परन्तु आप को अपने पर नियंत्रण रखना पडेगा और रिश्तों को सुधारते हुए साथ चलना होगा आज स्वास्थ्य दिक्कतें आ सकती हैं कमर के भाग मे कुछ तकलीफ़े बन सकती हैं डीनर के बाद कुछ कदम चलें हाजमा मजबूत होगा और तंदरुस्ती बरकरार रहेगी ।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आप लिखने का शौक रखते हैं तो आप को नये आफर मिल सकते हैं आप कोई कम्पनी के साथ अनुबंध भी कर सकते हैं आप की प्रतिष्ठा भी बढेगी । परिवार में बनी सुख शान्ति आप को बरकरार रखनी होगी । आप को सबका साथ लेकर चलना होगा । आप के बच्चे परीक्षा मे अच्छे परिणाम लाएंगे आप को गर्व का एहसास होगा । कर्ज लेने से पहले अपनी आय का स्त्रोत भलीभांति देखले और समझले। रोज गाय और कुत्ते को रोटी खिलाए आमदनी का जरीया बढेगा ।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

आज का दिन सफल बनाना है तो गाय को गेहूँ का भूसा खिलाए । छोटी कन्या के चरण छूकर आशीर्वाद ले और कुछ उपचार दें आप कर्ज मुक्त होंगे । घर की साफ सफाई मे दिन गुजरेगा । लैव मैरेज के पूरे चांस बन रहे हैं अपने मन की बात घर वालो को बताने मे आप घबराएंगे नही आत्मविश्वास पूरा जोरों पर हैं । व्यापार मे भी समय साथ रहेगा आप निडर होकर निर्णय लेंगे । रिश्तेदारी मे कोई दावत का निमंत्रण मिलेगा आप पूरे परिवार के साथ शिरकत करेंगे पूरा लुत्फ लेंगे।

## आज का पंचांग

दिनांक : 28 दिसंबर 2025, रविवार
विक्रम संवत : 2082
मास : पोष , शुक्ल पक्ष
तिथि : अष्टमी दोपहर 12:01 तक
नक्षत्र : उत्तराभाद्रपदा प्रातः 08:44 तक
योग : वरियान प्रातः 10:13 तक
करण : बव दोपहर 12:01 तक
चन्द्रराशि : मीन
सूर्योदय : 06:44, सूर्यास्त 05:50 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:40, सूर्यास्त 06:02 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:33, सूर्यास्त 05:53 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:34, सूर्यास्त 05:43 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**
चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : दुर्गा अष्टमी , पूर्वाषाढ़ा में रवि 30:30 से,
गण्डमूल प्रातः 08:44 से

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

### अरावली पर्वतमाला प्रदेश की अमूल्य प्राकृतिक धरोहर

# अवैध खनन के खिलाफ चलाएं विशेष अभियान : भजनलाल शर्मा



**जयपुर, 27 दिसंबर (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अरावली पर्वतमाला प्रदेश की अमूल्य प्राकृतिक धरोहर है और राज्य सरकार इसके संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का स्पष्ट रुख है कि अरावली के स्वरूप के साथ किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए अरावली जिलों में वन एवं पर्यावरण, खान तथा पुलिस सहित संबंधित विभागों की ओर से संयुक्त अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय से इस संबंध में कड़ी कार्रवाई करें। शर्मा ने शनिवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित वन एवं पर्यावरण और खान विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अरावली क्षेत्र में किसी भी प्रकार के नए खनन की अनुमति नहीं दी जाएगी। इस संबंध में केन्द्र सरकार की ओर से भी निर्देश जारी किए गए हैं। ये निर्देश पूरे अरावली भू–भाग पर समान रूप से लागू होंगे। इससे पर्वत श्रृंखला के प्राकृतिक स्वरूप को सुरक्षित रखा जा सकेगा और अनियमित व अवैध खनन पर प्रभावी रूप से रोक लग सकेगी।

**हरित अरावली विकास परियोजना के तहत होगा सघन वृक्षारोपण**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने खनन लीज जारी करने में सुप्रीम कोर्ट और सीईसी द्वारा समय–समय पर जारी की गई गाइडलाइंस के साथ ही सभी पर्यावरण सुरक्षा उपायों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया है। उन्होंने कहा कि अरावली पर्वतमाला को हरा–भरा बनाने के लिए 250 करोड़ रुपये की हरित अरावली विकास परियोजना बनाई गई है। परियोजना के तहत अरावली जिलों के 32 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सघन वृक्षारोपण करवाया जा रहा है। बैठक में मुख्यमंत्री कार्यालय, वन एवं पर्यावरण तथा खान विभाग के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

### पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव 2026

# एआई डराने वाली नहीं, अवसर देने वाली तकनीक है : गहलोत



**जोधपुर, 27 दिसंबर (एजेंसियां)।** पश्चिमी राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव 2026 के अंतर्गत शनिवार को लघु उद्योग भारती आईटी इकाई द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन एमएसएमई विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि यह तकनीक भय पैदा करने वाली नहीं, बल्कि नए अवसरों के द्वार खोलने वाली है। लघु उद्योग भारती एवं सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी एसोसिएशन ऑफ राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस सेमिनार में उद्योगपति, एमएसएमई उद्यमी, स्टार्टअप संस्थापक, शिक्षाविद और विभिन्न कॉलेजों के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। डढठड के अध्यक्ष डॉ. दीपक सिंह गहलोत ने कहा कि एआई आज के समय की सबसे प्रभावशाली तकनीक बन चुकी है और युवाओं व उद्यमियों को इसे अपनाकर आगे बढ़ना चाहिए। मुख्य अतिथि सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के निदेशक एम. आर. पुरोहित ने कहा कि इस प्रकार के सेमिनार भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और राजस्थान को डिजिटल रूप से सशक्त बनाएंगे।

लघु उद्योग भारती के प्रांत अध्यक्ष बालकिशन परिहार ने कहा कि एआई आज न केवल उद्योगों बल्कि दैनिक जीवन का भी अहम हिस्सा बन चुकी है। उन्होंने एमएसएमई सेक्टर से तकनीक अपनाने का आह्वान करते हुए सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। एआई : आपका सबसे बड़ा खतरा या आपका करियर पार्टनर? विषय पर आयोजित पैनल चर्चा युवाओं के लिए विशेष आकर्षण रही। इसमें पुनीत राव, लंदन से आए सुधीर जोशी और दुबई से नंदी मेहता ने करियर, टेक्नोलॉजी और भविष्य की संभावनाओं पर मार्गदर्शन दिया।

## राज्यपाल से नव नियुक्त कुलगुरु डॉ. राजेंद्र बाबू दुबे ने की शिष्टाचार भेंट



**जयपुर, 27 दिसंबर (एजेंसियां)।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे से शनिवार को लोकभवन में स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर के नव नियुक्त कुलगुरु डॉ. राजेंद्र बाबू दुबे ने मुलाकात की। कुलगुरु बनने के बाद डॉ. दुबे की राज्यपाल से यह पहली शिष्टाचार भेंट थी।

# अरावली और मनरेगा पर संकट: भरतपुर में कांग्रेस का पैदल मार्च

**भरतपुर, 27 दिसंबर (एजेंसियां)।** राजस्थान की जीवन रेखा मानी जाने वाली अरावली पर्वतमाला की परिभाषा बदलने और मनरेगा योजना के स्वरूप के साथ 'छेड़छाड़' के विरोध में आज भरतपुर जिला कांग्रेस कमेटी ने जोरदार प्रदर्शन किया। जिला अध्यक्ष दिनेश सूपा के नेतृत्व में कांग्रेस के पीसीसी, ब्लॉक, मंडल और सभी अग्रिम संगठनों के पदाधिकारियों ने मुख्य बाजार में पैदल मार्च निकालकर भाजपा सरकार के खिलाफ हुंकार भरी।



**जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने भाजपा सरकार को घेरा**

पैदल मार्च का शुभारंभ करते हुए जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार केंद्र की मदद से सुप्रीम कोर्ट पर दबाव बनाकर अरावली को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहाकि अरावली में कई प्रसिद्ध देवालय स्थित हैं, जिन्हें 'सनातन' का दावा करने वाली भाजपा सरकार नष्ट करने पर उतारू है। अरावली राजस्थान की जीवन रेखा और रोजगार का प्रमुख स्रोत है, जिसे बचाना प्रदेश के भविष्य के लिए अनिवार्य है। कार्यकर्ता हाथों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर लेकर 'भाजपा सरकार मुर्दाबाद' और 'अरावली बचाओ–राजस्थान बचाओ' के नारे लगाते हुए कलेक्ट्रेट स्थित अंबेडकर पार्क पहुंचे। कलेक्ट्रेट के सामने आयोजित सभा में मनरेगा योजना को लेकर केंद्र सरकार पर तीखे प्रहार किए गए। बयाना के पूर्व विधायक अमर सिंह जाटव ने कहा कि मनरेगा तत्कालीन कांग्रेस सरकार की ऐतिहासिक देन है, जिसे वर्तमान सरकार खत्म करने की कोशिश कर रही है। जिलाध्यक्ष सूपा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केवल श्रेय लेने की राजनीति के चलते भाजपा सरकार देश की विकासोन्मुखी योजनाओं को नष्ट कर रही है। उन्होंने कहा कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना देश की जनता और युवाओं के साथ बड़ा खिलवाड़ है।दिनेश सूपा ने पूर्व सांसद रंजीता कोली द्वारा पिछली कांग्रेस सरकार पर लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा के मंत्री और विधायक खुद अपनी सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा रहे हैं, जिससे साफ है कि वर्तमान शासन में भ्रष्टाचार चरम पर है। पैदल मार्च और सभा का संचालन संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने किया।

# हरियाणा में भाजपा की साजिश : स्थानीय युवाओं को बेरोजगारी, बाहरी को मिल रहीं नौकरियाँ: राव नरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 27 दिसंबर (एजेंसियां)।** हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने भाजपा सरकार की नौकरी भर्ती प्रक्रिया पर तीखा हमला करते हुए कहा कि क्या हरियाणा के युवा इतने अयोग्य हो गए हैं कि सरकार को 70–80 प्रतिशत सरकारी नौकरियाँ बाहरी राज्यों के उम्मीदवारों को देनी पड़ रही हैं? यह हरियाणा के मेहनती युवाओं के हक पर सीधा हमला और उन्हें अपने ही राज्य में दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने की साजिश है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार की सोची–समझी नीति के तहत ट्यूटर, पटवारी, क्लर्क, असिस्टेंट इंजीनियर, सिविल जज, कउड, मेडिकल कॉलेज और तकनीकी शिक्षा विभाग की भर्तियों में बड़े पैमाने पर बाहरी उम्मीदवारों का चयन किया जा रहा है। हाल ही में असिस्टेंट इंजीनियर की भर्ती में 214 में से 185 पदों पर बाहरी उम्मीदवारों का चयन इसका स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों से भाजपा सरकार ना पर्ची, ना खर्ची जैसे नारों के



जरिए युवाओं को गुमराह कर रही है। मनोहर लाल खट्टर से लेकर नायब सैनी सरकार तक हरियाणा के युवाओं–विशेषकर सामान्य वर्ग–को बेरोजगारी, पलायन और हताशा ही मिली है। आज हालात ऐसे हैं कि प्रदेश के मेधावी युवा विदेश जाकर मजदूरी करने को मजबूर हैं, जबकि प्रदेश की नौकरियाँ बाहरी लोगों को दी जा रही हैं।

राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि हरियाणा देश का शायद एकमात्र राज्य है जहाँ भर्ती परीक्षाओं में राज्य की संस्कृति, भाषा, सामाजिक–भौगोलिक परिस्थितियों और स्थानीय समझ से जुड़े प्रश्नों की कोई अनिवार्यता नहीं है। भाजपा सरकार को न हरियाणा की पहचान से मतलब है और न ही यहाँ के युवाओं से। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यह नीति केवल सामान्य वर्ग ही नहीं, बल्कि आरक्षित वर्गों के युवाओं के रोजगार पर भी खतरा है। डोमिसाइल नियमों में बदलाव कर बाहरी लोगों को हरियाणा में बसाने और हरियाणवी युवाओं को अल्पसंख्यक बनाने की साजिश रची जा रही है।

राव नरेंद्र सिंह ने मांग की कि हरियाणा पावर यूटिलिटीज में असिस्टेंट इंजीनियर की भर्ती को तुरंत रद्द किया जाए, भर्तियाँ हरियाणा की सामाजिक–सांस्कृतिक परिस्थितियों के अनुरूप हों और स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हरियाणा के युवाओं के गुनहगार हैं। मुख्यमंत्री नायब सैनी को इस भर्ती घोटाले को लेकर अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए। उनकी चुप्पी कई सवाल खड़े करती है।

### कड़ाके की ठंड में इंसाफ की लड़ाई

# नारनौंद नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं रातभर धरने पर डटी रहीं

**नारनौंद (हिसार), 27 दिसंबर (एजेंसियां)।** एक ओर सर्द हवाएं, घना कोहरा और गिरता तापमान दूसरी ओर न्याय की उम्मीद में खुले आसमान के नीचे बैठी छात्राएं। नारनौंद के कागसर गांव स्थित खुशी नर्सिंग कॉलेज में शुक्रवार रात ऐसा ही नज़ारा देखने को मिला, जब छात्राएं कड़ाके की ठंड के बीच पूरी रात धरने पर डटी रहीं। रातभर गिरती ओस, ठिठुरन और खुले खेतों से आती सर्द हवा भी उनके हौसले नहीं डिगा सकी। तिरपाल और गर्म कपड़ों के सहारे छात्राएं कॉलेज गेट पर बैठी रहीं और साफ कहा– अब सिर्फ आश्वासन नहीं, कार्रवाई चाहिए। छात्राओं का आरोप है कि बीते एक महीने से वे प्रशासन, पुलिस, महिला आयोग और अन्य विभागों के चक्कर काट रही हैं। अब तक 50 से अधिक बार शिकायतें दर्ज करवाई जा चुकी हैं, लेकिन नतीजा सिफर रहा। उनका कहना है कि हर बार सिर्फ आश्वासन मिला, समाधान नहीं।

घने कोहरे के बीच शुक्रवार देर रात एसडीएम और डीएसपी धरना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने सोमवार तक समाधान का आश्वासन दिया, लेकिन छात्राओं ने लिखित भरोसा मांगा। लिखित आश्वासन न मिलने पर छात्राओं ने धरना खत्म करने से इनकार कर दिया।ठंड बढ़ने के बावजूद छात्राएं डटी रहीं और साफ कहा कि अब वे आधे–अधूरे वादों पर भरोसा नहीं करेंगी।

छात्राओं की मुख्य मांग कॉलेज संचालक की गिरफ्तारी और सभी छात्राओं का किसी मान्यता प्राप्त नर्सिंग कॉलेज में माइग्रेशन है। उनका कहना है कि उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा और महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया तक शिकायतें पहुंचाई हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

# खरखौदा में मुख्यमंत्री नायब सैनी की विकास रैली 28 को

**सोनीपत, 27 दिसंबर (एजेंसियां)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहाकि 28 दिसंबर रविवार को खरखौदा में विकास रैली है। इस रैली में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि होंगे। उन्होंने कहा कि आज सीएम सैनी की विकास रैली की तैयारियां का जायजा लिया कार्यकर्ताओं को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बड़ौली ने कहा कि विकास रैली भव्य और ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि नायब सरकार के नेतृत्व में क्षेत्र में नॉनस्टॉप विकास हो रहा है और यह रैली विकास कार्यों को जनता के समक्ष प्रस्तुत करने का सशक्त माध्यम बनेगी। रैली स्थल का जायजा लेने के दौरान सोनीपत जिला अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, गोहाना जिला अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक तथा खरखोदा विधायक पवन

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बड़ौली ने तैयारियों का लिया जायजा**



खरखौदा उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि यह विकास रैली 28 दिसंबर को सुबह 10:30 बजे अनाज मंडी, खरखौदा में हो रही है। उन्होंने क्षेत्र के परिवारजनों से आह्वान करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में रैली में पहुंचकर विकास के इस उत्सव को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भाजपा सरकार की नीतियों और विकास कार्यों को जनता के बीच रखेंगे।

बड़ौली ने कहाकि आज हरियाणा की नायब सैनी सरकार की कल्याणकारी नीतियों से जनता खुश है। मुख्यमंत्री नायब सैनी जनहित में लगातार अहम फैसले ले रहे हैं। युवाओं को बिना पर्ची और खर्ची के नौकरियां और गरीब महिलाओं को सस्ती गैस देने से फैसलों से हरियाणा की जनता का भाजपा सरकार पर लगातार विश्वास बढ़ रहा है। बड़ौली ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लाडो लक्ष्मी योजना के माध्यम से गरीब महिलाओं को सशक्त करने का काम किया है।

नायब सैनी सरकार किसानों की 24 फसलों को एमएसपी खरीदने वाली देश की पहली सरकार है। गन्ना किसानों को देश में सबसे अधिक मूल्य देने का काम भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया। उन्होंने कहा कि किसान, युवा, गरीब और महिलाओं सशक्त बनाने के लिए हरियाणा की भाजपा सरकार संकल्पित होकर कार्य कर रही है।

मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि हरियाणा की भाजपा सरकार बिना भेदभाव किए हर क्षेत्र का विकास कर रही है। केंद्र की मोदी और राज्य की नायब सैनी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों को लेकर रैली में पहुंचे।

# योगी सरकार में बदला यूपी का सामाजिक चेहरा महिलाओं के जीवन में ऐतिहासिक परिवर्तन

## महिला सशक्तिकरण में यूपी मॉडल अव्वल, सुरक्षा से स्वावलंबन के क्षेत्र में प्रदेश का लहराया परचम

**लखनऊ,27 दिसंबर (एजेंसियां)।** योगी सरकार द्वारा महिलाओं के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं ने देश में सफलता का दमदार यूपी मॉडल प्रस्तुत किया है। महिलाओं की सुरक्षा और विकास अब केवल योजनाओं का विषय नहीं बल्कि ठोस सामाजिक परिवर्तन का दस्तावेज बन चुका है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पिछले एक साल में प्रदेश में महिलाओं, किशोरियों और बालिकाओं के जीवन में जो बदलाव आए हैं, वे आंकड़ों में भी दिखते हैं और जमीन पर भी। यह बदलाव सिर्फ सहायता का नहीं, बल्कि सुरक्षा, स्वावलंबन, सम्मान और अवसर का है। योजना अंतर्गत इस वर्ष 13612 गतिविधियों के माध्यम से 25.5 लाख महिलाओं तथा बालिकाओं को जागरूक किया गया है। उद्देश्य बालिकाओं के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना, लिंग-चयन की प्रक्रिया को समाप्त कर बालिकाओं को सुरक्षित करना और बाल लिंग अनुपात में सुधार लाना है। इस योजना ने शिक्षा के माध्यम से बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने, उनकी उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित करने और बालिकाओं से जुड़े विषयों यथा सुरक्षा, पोषण, स्वास्थ्य आदि के संबंध में जागरूकता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। कन्या सुमंगला योजना योगी सरकार की सबसे प्रभावशाली सामाजिक योजनाओं में शामिल हो चुकी है। इस वर्ष 130.03 करोड़ रुपये की धनराशि से 3.28 लाख कन्याओं को लाभान्वित किया गया। 38.58 लाख महिलाओं को नियमित मासिक सहायता दी जा रही है। इस वर्ष योजना पर लगभग 1200 करोड़ रुपये रुपये खर्च हुए हैं। अभी हाल ही में पेश हुए अनुपूरक बजट में भी इस योजना के



लिए लगभग 535 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। योगी आदित्यनाथ सरकार की इस योजना से विधवा, परित्यक्ता और असहाय महिलाओं को सम्मानजनक जीवन का आधार मिला। पारदर्शी चयन प्रक्रिया और डीबीटी व्यवस्था ने यह सुनिश्चित किया कि लाभ सीधे वास्तविक पात्रों तक पहुंचे। रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष के अंतर्गत इस साल 3519 पीड़िताओं को लगभग 116.36 करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति धनराशि प्रदान की गई।

महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा, सशक्तिकरण और सम्मान के उद्देश्य से चलाई जा रही मिशन शक्ति अपने पांचवे चरण में है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मिशनशक्ति अभियान के अंतर्गत लगभग 9 करोड लोगों तक पहुंचकर उन्हें प्रदेश में महिलाओं तथा बच्चों हेतु संचालित कल्याणकारी योजनाओं, सुविधाओं तथा कानूनों के बारे में संवेदनशील करने का प्रयास किया गया है। मिशन शक्ति के अंतर्गत प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग, गृहविभाग सहित 28 विभागों, समाज सेवी संस्थाओं तथा शैक्षणिक सस्थानों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।हिंसा पीड़ित महिलाओं को एक ही स्थान पर चिकित्सा, कानूनी परामर्श और पुलिस सहायता प्रदान करने के लिए प्रदेश में 75 से अधिक वन स्टॉप सेंटर संचालित हैं।

इस साल 24671 महिलाएं इन केंद्रों से सहायता प्राप्त कर चुकी हैं। यह व्यवस्था महिला सुरक्षा के मामले में योगी सरकार की 'जीरो टॉलरेंस' नीति का सफलतम उदाहरण है। 181 महिला हेल्पलाइन अब प्रदेश की महिलाओं के लिए भरोसेमंद सुरक्षा कवच बन चुकी है। 24 घंटे संचालित इस सेवा के माध्यम से आपात स्थिति में त्वरित सहायता दी जा रही है। घरेलू हिंसा, उत्पीड़न और आपात सहायता से जुड़े मामलों में इस साल 56507 महिलाओं को सहायता प्रदान की गई है।निराश्रित, परित्यक्त और कामकाजी महिलाओं के सुरक्षित आवास में भी योगी आदित्यनाथ सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। माता अहिल्याबाई होल्कर श्रमजीवी महिला हॉस्टल योजना के तहत 7 जनपदों नें 500-500 क्षमता के हॉस्टल बनाए जा रहे हैं।

श्रमजीवी महिला छात्रावास के अंतर्गत लखनऊ, गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर में 8 कामकाजी महिला छात्रावास का निर्माण हो रहा है। प्रदेश के 8 जनपदों में राजकीय महिला शरणालय चल रहे हैं। मथुरा में निराश्रित महिलाओं के लिए 1000 की क्षमता वाला कृष्ण कुटीर चल रहा है। योगी आदित्यनाथ सरकार इसी तरह प्रदेश में 14 शक्ति सदन और 13 सखी निवास के माध्यम से महिलाओं को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध करा रही है।

# उत्तर प्रदेश: अयोध्या में श्री राम के दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का हुजूम



**अयोध्या, 27 दिसंबर (एजेंसियां)।** साल 2025 खत्म होने वाला है और नया साल 2026 दस्तक देने को तैयार है। इस बीच, नए साल की शुरुआत आध्यात्मिक तरीके से करने के लिए देशभर से श्रद्धालु तीर्थ स्थलों की ओर रुख कर रहे हैं। शनिवार को भारी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे। यहां भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा और लंबी कतारों में खड़े भक्त मंदिर में प्रवेश करने के लिए आतुर नजर आए। उनके चेहरों पर वह ताजगी और उत्साह साफ झलक रहा था, मानो कुछ ही पलों में भगवान राम से मिलने का उनका सपना पूरा होने वाला हो। प्राण प्रतिष्ठा की दूसरी वर्षगांठ के उपलक्ष्य में चल रहे आयोजनों और नए साल के अवसर पर अयोध्या में श्रद्धालुओं की भारी आमद हो रही है। प्रशासन ने भीड़ प्रबंधन के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं, जिसमें दर्शन समय बढ़ाना और अतिरिक्त कतारें शामिल हैं। कुछ पर्यटकों के साथ आईएएनएस ने बातचीत की। एक पर्यटक ने कहा कि हम लाइन में काफी देर से हैं। राम मंदिर के बारे में काफी सुना है, इसीलिए उन्हें देखने की लालसा कोलकाता से मुझे यहां खींचकर लाई है। उन्होंने कहा कि अब तक सब अच्छा लग रहा है। हम बस अंदर जाने वाले हैं और यह बहुत अच्छा होगा। अलग-अलग जगहों से लोग आए हैं, यह अच्छी बात है। अब तक कोई दिक्कत नहीं हुई है। लोग आध्यात्मिकता में ज्यादा दिलचस्पी ले रहे हैं और भगवान के विभिन्न रूपों के दर्शन कर रहे हैं।

एक अन्य पर्यटक ने बताया कि मैं अभी अंदर जा रहा हूं; अंदर जाने के बाद मैनेजमेंट का पता चलेगा। मैं पहली बार आया हूं। मेरी यह यात्रा मेरे परिवार के लिए अच्छी हो, सबके लिए अच्छी हो। एक भक्त ने कहा कि यहां बहुत अच्छा लग रहा है। हम नए साल की शुरुआत यहीं करने का प्लान बना रहे हैं। अभी बहुत ठंड है, लेकिन हम देखेंगे कि दिन कैसा बीतता है और दर्शन कैसे होते हैं।

राम मंदिर के अलावा नए साल से पहले हनुमानगढ़ी मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। शनिवार होने के कारण भीड़ और बढ़ गई है। गोरखपुर से आए श्रद्धालुओं ने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से अच्छी व्यवस्थाएं की गई हैं। एक भक्त ने बताया कि भीड़ बहुत ज्यादा है; हम आधे घंटे लाइन में लगे रहे, लेकिन व्यवस्था अच्छी है।

# भूमि से उद्योग तक यूपी टॉप

## योगी के विजन पर निवेशकों का भरोसा मजबूत

**लखनऊ, 27 दिसंबर (एजेंसियां)।** सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यूपी ने देश के औद्योगिक मानचित्र पर मजबूती के साथ अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है। इसकी झलक औद्योगिक भूमि के उपयोग के आंकड़ों में दिखाई देती है। कई प्रमुख राज्यों में औद्योगिक पार्कों की बड़े क्षेत्रफल में भूमि आज भी निष्क्रिय पड़ी है, वहीं उत्तर प्रदेश में उपलब्ध कराई गई औद्योगिक भूमि का अधिकांश हिस्सा उद्योगों के लिए उपयोग हो चुका है। 286 औद्योगिक पार्क विकसित किए जा चुके हैं। इन क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों की सक्रियता स्पष्ट करती है कि निवेश प्रस्ताव केवल फाइलों तक सीमित नहीं रहे। देश और विदेश के निवेशक उत्तर प्रदेश को एक भरोसेमंद और परिणाम देने वाले औद्योगिक गंतव्य के रूप में देख रहे हैं। उद्योग जगत के विशेषज्ञ एसके आहूजा का कहना है कि उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश के बड़े औद्योगिक पावरहाउस के रूप में उभर रहा है।उत्तर प्रदेश में 286 विकसित औद्योगिक पार्कों का कुल क्षेत्रफल 33,327 हेक्टेयर है। इनमें लगभग पूरी औद्योगिक भूमि पर उद्योग या तो स्थापित हो चुके हैं या स्थापना की प्रक्रिया में हैं।



जहाँ उत्पादन गतिविधियों को बल मिल रहा है और वहीं बड़ी संख्या में रोजगार के अवसरों का भी सृजन हो रहा है।

यदि देश के अन्य राज्यों की स्थिति पर दृष्टिपात किया जाए तो अंतर स्पष्ट दिखाई देता है। जैसे कि तेलंगाना में 157 औद्योगिक पार्कों में 30,749 हेक्टेयर भूमि आज भी निवेश के लिए उपलब्ध है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार ने औद्योगिक नीति को स्पष्ट दिशा प्रदान करने का काम किया है। सरकार का फोकस केवल भूमि आवंटन पर ही नहीं वरन उद्योगों को सुरक्षित और अनुकूल वातावरण देने पर भी रहा है। कानून-व्यवस्था में सुधार, प्रशासनिक प्रक्रियाओं का सरलीकरण और बुनियादी ढांचे का तेज विस्तार इस नीति के मुख्य स्तंभ बने। एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट और बेहतर कनेक्टिविटी ने उद्योगों के संचालन को आसान बनाया जिससे निवेशकों का भरोसा और मजबूत हुआ है।एक जनपद, एक उत्पाद ओडीओपी डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, मेडिकल डिवाइस पार्क, फार्मा पार्क, टेक्सटाइल हब जैसी योजनाओं ने औद्योगिक विकास को केवल कुछ शहरों तक सीमित नहीं रहने दिया। पूर्वांचल, बुंदेलखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में भी उद्योग स्थापित हुए हैं।

स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़े हैं और क्षेत्रीय असमानता में कमी आई है। राष्ट्रीय औद्योगिक परिदृश्य में उत्तर प्रदेश आज ठोस परिणामों के साथ अग्रणी प्रदेश के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार अब उद्योगों को गति देने के लिए 'प्लग एंड प्ले' मॉडल पर विशेष जोर दे रही है। इसके अंतर्गत निवेशकों को पहले दिन से ही तैयार अवसंरचना मिलेगी। यही मॉडल उत्तर प्रदेश को औद्योगिक मामले में अन्य राज्यों से आगे लेकर जाएगी।

# पंकज चौधरी ने लिया बांके बिहारी से आशीर्वाद, बोले-2027 में बनेगी भाजपा की सरकार

**मथुरा,27 दिसंबर (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी शनिवार को मथुरा स्थित बांके बिहारी मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे। यहां उन्होंने विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद मैंने पूरे राज्य का दौरा शुरू किया है। मैंने पहले ही तय कर लिया था कि मैं यह यात्रा बांके बिहारी जी के आशीर्वाद से शुरू करूंगा।

इसी इरादे से मैं आज यहां बिहारी जी का आशीर्वाद लेने आया हूं और प्रार्थना की कि आने वाले 2027 के चुनावों में सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने की शक्ति मुझे मिले और उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मजबूत भाजपा सरकार बने। भाजपा में ब्राह्मण विधायकों के द्वारा की गई बैठक को लेकर प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा



सर्वसमाज की पार्टी है। हमने निर्देश दिया है कि इस तरह की बैठक न हो।

सपा नेता शिवपाल यादव के बयान पर पंकज चौधरी ने कहा कि वह बताएं कि पूर्व के चुनावों में उन्होंने कितने ब्राह्मणों को चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिया था।

एसआईआर को लेकर विपक्ष के आरोप पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि चुनाव आयोग का यह संवैधानिक अधिकार है कि वे वोटर लिस्ट को दुरुस्त करने के लिए एसआईआर कराए। किसी को इससे परहेज नहीं होना चाहिए। घुसपैठियों का नाम कटने से किसी को परेशानी क्यों हो रही है।

उन्होंने कहा कि बिहार में भी एसआईआर हुआ और प्रचंड बहुमत के साथ हमारी सरकार बनी। एक्स पोस्ट में प्रदेश अध्यक्ष ने लिखा कि आज वृंदावन धाम (मथुरा) में 'श्री बांके बिहारी जी' के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया तथा लोकमंगल की कामना की। ठाकुर जी के दर्शन से मन को अपार शांति और संतोष मिला।

उन्होंने लिखा कि ब्रज क्षेत्र में आगमन पर भाजपा ब्रज क्षेत्र के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत से अभिभूत हूं। कार्यकर्ताओं का यह जोश और संगठन के प्रति उनका यह समर्पण ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। ब्रज की इस पावन भूमि पर मिले इस अपार स्नेह और सम्मान के लिए मैं आप सभी कार्यकर्ताओं एवं साथियों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

# सरकार के इशारे पर काम करती हैं सीबीआई-ईडी : अजय राय

**लखनऊ, 27 दिसंबर (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने सीबीआई और ईडी को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा।

उहोंने कहा कि सरकार के इशारे पर ये एजेंसियां काम करती हैं। अजय राय का यह बयान उन्नाव रेप केस में पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को दिल्ली हाई कोर्ट से जमानत मिलने पर आया है। लखनऊ में अजय राय ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा कि यह पूरी तरह से महिला का अपमान है।

उस व्यक्ति ने अत्याचार और रेप किया, और उसके पिता से लेकर पूरे परिवार को खत्म करने की कोशिश की। यह सरकार उसका साथ दे रही है और उसके साथ



खड़ी है, और सीबीआई उनकी एजेंसी की तरह काम करती है, असल में उनकी कठपुतली है। सीबीआई और ईडी वही करती हैं जो सरकार चाहती है। इस तरह सरकार ने उसकी मदद करने के लिए पूरा दबाव डाला है।

उन्होंने कहा कि जब पूरे देश में लोग सड़कों पर उतर रहे हैं तो सीबीआई ने उसकी याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के ब्राह्मण विधायकों की मीटिंग पर अजय राय ने कहा कि कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने एक कड़ा संदेश दिया है कि अगर ऐसी कोई बात दोबारा सामने आती है, तो अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

इससे पहले भी दूसरी जातियों की मीटिंग हुई थी, लेकिन उन पर कोई चर्चा नहीं हुई और किसी पर कोई आपत्ति नहीं जताई गई। आपत्ति सिर्फ ब्राह्मण विधायकों की मीटिंग पर जताई गई, इसलिए मैं अपने सभी ब्राह्मण विधायकों से जो उस मीटिंग में मौजूद थे, कहना चाहता हूं कि वे कब तक घुटन महसूस करेंगे? आइए, सड़कों पर लड़िए, कांग्रेस पार्टी आपके साथ रहेगी।

अजय राय ने कहा कि आपके समाज के लोगों को इस सरकार में मारा गया। गोरखपुर में विनोद उपाध्याय को फर्जी एनकाउंटर में मार दिया गया।

यूपी में चल रही एसआईआर प्रक्रिया को लेकर अजय राय ने कहा कि यह उत्तर प्रदेश की जनता का अपमान है। उत्तर प्रदेश के लोगों के अधिकार और विशेषाधिकार छीन लिए गए हैं और उन्हें उनके वोटों से वंचित कर दिया गया है। चुनाव आयोग और भाजपा ने मिलकर काम किया है। उत्तर प्रदेश के लोगों का भविष्य बर्बाद कर दिया गया है।

# जयंत चौधरी युवाओं, किसानों एवं छात्रों की सशक्त आवाज़ : रालोद

**लखनऊ, 27 दिसंबर (एजेंसियां)।** केंद्रीय मंत्री एवं राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के जन्मदिन के अवसर पर राष्ट्रीय लोकदल छात्रसभा द्वारा हनुमान सेतु मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष अमन पाण्डेय एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने जयंत चौधरी की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं सफल राजनीतिक जीवन की कामना करते हुए विधिवत पूजा-अर्चना की।पूजा-अर्चना के उपरांत हनुमान सेतु परिसर में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं आमजन ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे का आयोजन पूरी श्रद्धा, अनुशासन एवं सामाजिक सौहार्द के साथ संपन्न हुआ, जिसकी स्थानीय लोगों द्वारा भूरी-भूरी सराहना की गई।

# कर्मचारियों ने भरी हुंकार,20 जनवरी को घेरेंगे विधानसभा

**लखनऊ, 27 दिसंबर (एजेंसियां)।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की समस्याओं की लगातार अनदेखी कर रही है। मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव कार्मिक एवं विभागों के अधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं पर सकारात्मक निर्णय लेने के लिए वार्ता तक नहीं कर रहे हैं।संयुक्त परिषद ने अगस्त में प्रदेश के मुख्य सचिव को कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए 3 सितंबर तक वार्ता के माध्यम से समस्याओं का निराकरण करने की मांग किया था, परंतु शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारी कर्मचारियों की मांगों पर लगातार मौन साधे हुए हैं। कर्मचारी संगठन एवं शासन के बीच संवाद हीनता आंदोलन का कारण है। सरकार ने आउटसोर्स कर्मचारी निगम का गठन कर दिया, लेकिन आउटसोर्स कर्मचारियों को न्यूनतम मानदेय का लाभ अभी तक नहीं मिल रहा है। विभागों में लाखों पद रिक्त पड़े हुए हैं, परंतु उन पर नियुक्तियां नहीं हो रही हैं। सरकार ठेकेदारी प्रथा एवं संविदा कर्मचारियों के भरोसे पूरा सिस्टम चलाने का प्रयास कर रही है। संविदा कर्मियों एवं ठेकेदारी प्रथा के अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों का शोषण चरम पर है। संविदा कर्मियों को मनमाने तरीके से बाहर किया जा रहा है।नगरीय परिवहन सेवाओं में कार्यरत हजारों कर्मचारियों से सरकार रोजगार छीन चुकी है ,जबकि सबका साथ सबका विकास का नारा देने वाली सरकार ने इस संदर्भ में परिषद द्वारा भेजे गए दर्जनों पत्रों का संज्ञान तक नहीं लिया है ।

समाज कल्याण एवं जनजाति विकास विभाग में विगत दो वर्षों में दो दर्जन से अधिक संविदा शिक्षक नौकरी से हटाए जा चुके हैं। यही स्थिति अन्य विभागों की भी है। कर्मचारियों की वेतन विसंगति पर मुख्य सचिव समिति निर्णय नहीं कर रही है। संविदा कर्मियों के मानदेय में विगत कई वर्षों से कोई बढ़ोतरी नहीं हुई है।

पंचायती राज विभाग में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की सेवा नियमावली बनाई जाने, 2001 के बाद संविदा, वर्क चार्ज एवं दैनिक वेतन पर कार्यरत कर्मचारी- शिक्षकों का विनियमितीकरण किए जाने, सरकारी प्रतिष्ठानों का निजीकरण रोके जाने , सहित संयुक्त परिषद की 5 सूत्रीय मांगों पर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षण करने के लिए संयुक्त परिषद 3 सितंबर से विभिन्न चरणों में आंदोलन कर रही है।संयुक्त परिषद शासन एवं कर्मचारियों के बीच सद्भाव का वातावरण बनाकर कार्य करना चाहती है, परंतु प्रशासनिक अधिकारियों के साथ संवाद हीनता के कारण 20 जनवरी को विधान सभा पर प्रदर्शन का कार्यक्रम अपरिहार्य हो गया है। संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जेएन तिवारी ने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप का अनुरोध किया है।

# योगी सरकार दिव्यांगों को शिक्षा, खेल और रोजगार में आगे बढ़ा रही है : कश्यप

**लखनऊ/अलीगढ़, 27 दिसंबर (एजेंसियां)।** योगी सरकार के दिव्यांगजन सशक्तीकरण के संकल्प को साकार करते हुए अहिल्याबाई होल्कर स्टेडियम अलीगढ़ में तीन दिनी राज्य स्तरीय दिव्य खेल महोत्सव-2025 का पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने किया। मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने दिव्यांग खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल दिव्यांगजनों के आत्मविश्वास, आत्मसम्मान और सामाजिक समावेशन का सबसे प्रभावी माध्यम हैं। दिव्य खेल महोत्सव केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों की प्रतिभा, संकल्प और आत्मनिर्भरता का उत्सव है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार ने दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। सरकार की स्पष्ट मंशा है कि दिव्यांगजन शिक्षा, खेल, रोजगार और सामाजिक जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ें और आत्मनिर्भर बनें। 2017 से पूर्व दिव्यांग पेंशन मात्र 300 रुपये प्रतिमाह थी, जिसे योगी सरकार ने बढ़ाकर 1000 रुपये प्रतिमाह कर दिया है। वर्तमान में प्रदेश के 11.50 लाख से अधिक दिव्यांग पेंशन योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। सरकार भविष्य में पेंशन राशि को और बढ़ाने के लिए भी सतत प्रयासरत है। दिव्यांग दंपत्ति विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 35 हजार रुपये, दुकान निर्माण हेतु 20 हजार रुपये तथा दुकान संचालन के लिए 10 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जा रही है। दिव्यांगजनों के स्वास्थ्य एवं पुनर्वास के लिए कॉक्लियर इम्प्लांट पर 6 लाख रुपये तक का व्यय सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है। निःशुल्क सर्जरी, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। विशेष विद्यालयों, केयर सेंटरों, विश्वविद्यालयों एवं नवाचार आधारित योजनाओं के माध्यम से दिव्यांग विद्यार्थियों को प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक समान अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। लक्ष्य है कि दिव्यांगजन आर्थिक, सामाजिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनकर सामान्य से भी बेहतर जीवन जी सकें। भारतीय दिव्यांग खिलाड़ियों ने पैरालंपिक जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश का गौरव बढ़ाया है। पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारतीय खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने यह सिद्ध कर दिया है कि दिव्यांगजन किसी से कम नहीं हैं। देवेंद्र झाझरिया जैसे खिलाड़ी दिव्यांग युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'विकलांग' शब्द के स्थान पर 'दिव्यांग' शब्द देकर समाज की सोच बदलने का कार्य किया है। दिव्यांगजन असाधारण क्षमताओं के धनी हैं और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।कार्यक्रम के समापन पर मंत्री कश्यप ने दिव्यांग खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि दिव्य खेलमहोत्सव से उभरने वाली प्रतिभाएं भविष्य में प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगी।

# इंग्लैंड ने दूसरे ही दिन चार विकेट से जीता बाक्सिंग डे टेस्ट



## आस्ट्रेलिया में 18 मैचों के बाद मिली पहली जीत

**मेलबर्न,27 दिसंबर (एजेंसियां)।**

इंग्लैंड ने यहां एमसीजी में खेले गये चौथे बाक्सिंग डे टेस्ट में आस्ट्रेलियाई टीम को चार विकेट से हराकर इस दौरे में अपनी पहली जीत दर्ज की है। आस्ट्रेलियाई टीम ने पांच टेस्ट मैचों की इस सीरीज को पहले ही शुरुआती तीन टेस्ट जीतकर अपने नाम कर लिया है। ऐसे में इस हार से सीरीज के परिणाम पर कोई खास प्रभाव नहीं हैं। इस जीत से अब ये सीरीज 3-1 पर पहुंच गयी है। इस मैच में मेजबान टीम ने इंग्लैंड को जीत के लिए 175 रनों को लक्ष्य दिया था जो उसने दूसरे ही दिन 6 विकेट पर 178 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने अच्छी शुरुआत की। पारी शुरु करते हुए बेन डकेट ने 34 रन बनाए जबकि जैकब बेटहेल ने 40 रन बनाये। हैरी ब्रुक ने 18 रन और जैक क्राउली ने 37 रन बनाकर टीम को जीत दिलाई।

यह साल 2011 के बाद आस्ट्रेलिया में इंग्लैंड की पहली टेस्ट जीत है। वहीं कुल मिलकार 18 टेस्ट के बाद इंग्लैड टीम यहां जीती है। इस मैच में आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज दोनो पारियों में असफल रहे जिसका नुकसान मैच में मिली हार से उसे हुआ। वहीं दूसरी ओर पहली पारी के आधार पर 42 रनों से पिछड़ने के बाद भी इंग्लैंड ने मैच जीत लिया। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने दूसरी पारी में मेजबान टीम के बल्लेबाजों को बड़ स्कोर बनाने का कोई अवसर न देते हुए आस्ट्रेलियाई टी को 132 रनों पर ही समेट दिया था। ट्रेविस हेड 46 रन के अलावा स्टीव स्मिथ ने 24 और ग्रीन ने 16 रन बनाये बाकि बल्लेबाज असफल रहे। इंग्लैंड की ओर से रायडन कार्स ने शानदार गेंदबाजी करते हुए कुल चार विकेट लिए।

जिस प्रकार से पहले तीन मैच जीतने वाली मेजबान टीम इस मैच में असफल रही है। उससे प्रशंसकों में निराशा है। पिछले 9 सालों में यह पहला अवसर है जब आस्ट्रेलियाई टीम अपने घरेलू मैदान पर किसी टेस्ट की दोनों ही पारियों में 200 रन के अंदर सिमटी। इससे पहले साल 2016 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होबार्ट टेस्ट में आस्ट्रेलियाई टीम इस प्रकार से आउट हुई थी।

इस मुकाबले की बात करें तो आस्ट्रेलियाई टीम ने पहले बल्लेबाजी अपनी पहली पारी में केवल 152 रन बनाए थे। वहीं इसके बाद इंग्लैंड 110 रनों पर आउट हुई थी। इस प्रकार पहली पारी के आधार पर मेजगान टीम के पास 46 रनों की बढ़त थी। दूसरी पारी में आस्ट्रेलियाई टीम केवल 132 रन ही बना पायी। इंग्लैंड की गेंदबाजी के सामने मेजबान टीम के बल्लेबाजों की एक न चली। आस्ट्रेलिया के साथ ऐसा बहुत कम ही हुआ है कि वह अपने घर में दोनों पारियों में 200 से कम पर आउट हो जाये। इससे पहले आस्ट्रेलिया ने दूसरी वारी में बिना किसी नुकसान के 4 रनों से आगे खेलना शुरु किया पर इंग्लैड के गेंदबाजों गस एटकिन्सन और बेन स्टोक्स के के सामने वह टिक नहीं पायी। टीम ने 100 रनों के अंदर ही 6 विकेट खो दिये।

## न्यूज ब्रीफ

### प्रीमियर लीग : न्यूकैसल पर 1-0 की जीत के साथ मैनचेस्टर यूनाइटेड पाँचवें स्थान पर



**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाइटेड ने शुक्रवार को खेले गए साल के एकमात्र बाक्सिंग डे मुकाबले में न्यूकैसल यूनाइटेड को 1-0 से हराकर प्रीमियर लीग अंक तालिका में पाँचवें स्थान पर छलांग लगा दी। यूनाइटेड के लिए पैट्रिक डार्गु ने पहले हाफ में निर्णायक गोल दागा। रूबेन अमोरिम के मार्गदर्शन में खेल रही मैनचेस्टर यूनाइटेड ने इस जीत के साथ 18 मैचों में 29 अंक हासिल कर लिए हैं। वहीं न्यूकैसल यूनाइटेड 23 अंकों के साथ 11वें स्थान पर बना हुआ है। लीग के बाकी मुकाबले शनिवार और रविवार को खेले जाएंगे। मैच का एकमात्र गोल 24वें मिनट में आया। डियोगो डालोट के लंबे थ्रो को न्यूकैसल की रक्षा पंक्ति पूरी तरह साफ नहीं कर पाई और गेंद पैट्रिक डार्गु के पास जा गिरी। डेनमार्क के इस खिलाड़ी ने 15 गज की दूरी से जोरदार वाली लगाते हुए गेंद को गोलपोस्ट के निचले बाएं कोने में पहुंचा दिया। यह डार्गु का मैनचेस्टर यूनाइटेड के लिए पहला गोल रहा। दूसरे हाफ में न्यूकैसल ने बराबरी के लिए जोर लगाया खासकर अंतिम मिनटों में लेकिन यूनाइटेड की मजबूत रक्षापंक्ति को भेदने में वह नाकाम रहा। खास बात यह रही कि मैनचेस्टर यूनाइटेड इस मैच में अपने कई अहम खिलाड़ियों के बिना उतरा था। कप्तान ब्रूनो फर्नांडीस चोट के कारण बाहर थे जबकि ब्रायन एम्ब्यूमो और अमाद डियालो अफ्रीका कप आफ नेशंस में व्यस्त हैं। यह मुकाबला 43 वर्षों में बाक्सिंग डे पर खेला गया सबसे कम प्रीमियर लीग मैचों वाला दिन भी रहा। आमतौर पर बाक्सिंग डे पर दर्शकों को कई बड़े मुकाबले देखने को मिलते हैं लेकिन इस बार परंपरा से हटकर सिर्फ एक ही शीर्ष स्तरीय मैच खेला गया।

### आस्ट्रेलियन ओपन 2026 से बाहर हुए जैक ड्रेपर चोट के कारण लिया बड़ा फैसला

**मेक्सिको सिटी।** ब्रिटेन के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी जैक ड्रेपर ने पुष्टि की है कि वह अगले महीने होने वाले आस्ट्रेलियन ओपन 2026 में हिस्सा नहीं लेंगे। ड्रेपर ने यह फैसला अपनी चोट से पूरी तरह उबर न पाने के कारण लिया है।



विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज 24 वर्षीय ड्रेपर को अगस्त में यूएस ओपन के दौरान बाएं हाथ में बोन ब्रूज़िंग की समस्या हुई थी जिसके चलते उन्हें दूसरे दौर से ही टूर्नामेंट से हटना पड़ा था। इसके बाद से वह लगातार रिकवरी प्रक्रिया से गुजर रहे हैं। ड्रेपर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर साझा किए गए एक वीडियो में कहा दुर्भाग्य से मैंने और मेरी टीम ने इस साल आस्ट्रेलिया न जाने का फैसला किया है। यह मेरे लिए बेहद मुश्किल फैसला रहा। ब्रिटिश नंबर-1 खिलाड़ी ने बताया कि यह चोट उनके करियर की अब तक की सबसे जटिल और चुनौतीपूर्ण चोट रही है। उन्होंने कहा यह चोट मेरे करियर की सबसे कठिन रही है लेकिन अजीब बात यह है कि इसने मुझे और मजबूत बनाया है। जैक ड्रेपर अब फरवरी में वापसी का लक्ष्य रख रहे हैं और मार्च में होने वाले इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में अपने खिताब की रक्षा की तैयारी करेंगे। गौरतलब है कि आस्ट्रेलियन ओपन 2026 का आयोजन 18 जनवरी से मेलबर्न में किया जाना है जिसमें ड्रेपर की गैरमौजूदगी एक बड़ा झटका मानी जा रही है।

### टी20 विश्वकप में बेहतर प्रदर्शन कर आस्ट्रेलिया को जीत दिलाना है लक्ष्य : कमिंस

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिाई टीम के कप्तान पैट कमिंस ने कहा है कि उनका लक्ष्य नये साल में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्कप मे बेहतर प्रदर्शन कर अपनी टीम को जीत दिलाना है। कमिंस आस्ट्रेलियाई टीम के मुख्य तेज गेंदबाज हैं और कार्यभार प्रबंधन के तहत ही उन्हें एशेज सीरीज के बचे हुए दो टेस्ट मैचों से बाहर रखा गया है। कमिंस चोटिल होने के कारण पहले दो टेस्ट में शामिल नहीं थे। मेजबान टीम ने पहले ही सीरीज 3-0 से जीत ली है जिससे देखते हुए कमिंस को उतारकर टीम जोखिम नहीं लेना चाहती है। कमिंस को जून जुलाई में वेस्टइंडीज दौरे पर कमर में चोट लगी थी। जिससे देखते हुए टीम प्रबंधन उनपर अधिक बोझ नहीं डालना चाहता। वहीं कमिंस ने कहा कि अब आराम करने के बाद उन्हें पहले से बेहतर लग रहा है। साथ ही कहा कि कुछ सप्ताह पहले ही कमर की चोट से उबरा हूं तो लगातार दो टेस्ट खेलना जोखिमभरा रहता। अब टी20 विश्व कप से पहले कुछ आराम करूंगा। आस्ट्रेलियाई टीम टी20 विश्व कप में पहला मैच 11 फरवरी को कोलंबो में आयरलैंड से खेलेगी। आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने हाल में अच्छी बल्लेबाजी और गेंदबाजी की है।



# अनुभवी खिलाड़ियों को एचआईएल में निभानी होगी बड़ी भूमिका : श्रीजेश

**नई दिल्ली,27 दिसंबर (एजेंसियां)।**



भारतीय हाकी टीम के पूर्व गोलकीपर पीआर श्रीजेश आजकल हाकी इंडिया लीग (एचआईएल) एसजी पाइपर्स हाकी टीम के डायरेक्टर हैं। श्रीजेश का कहना है कि अगर एसजी पाइपर्स को हाकी इंडिया एचआईएल में अच्छा प्रदर्शन करना है तो अनुभवी खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन कर युवाओं को प्रेरित करना होगा। इन खिलाड़ियों की जिम्मेदारी दबाव के क्षणों में और बढ़ जाती है।

श्रीजेश ने कहा पिछले सत्र में हमने जीत के साथ शुरुआत की थी पर इसके बाद टीम पिछड़ गयी थी। इसका कारण है कि टीम को संभालने का प्रयास किसी ने नहीं किया। टीम के पास अच्छे नेतृत्व की कमी नजर आयी। उस सत्र में अनुभवी खिलाड़ियों ने आगे आकर कमान नहीं संभाली थी। वहीं इस बार ऐसा नहीं होना चाहिए। एसजी पाइपर्स 2024-25 सीजन में पुरुष और महिला दोनों ही वर्ग में पीछे रही है। श्रीजेशने बताया कि पूर्व अंतरराष्ट्रीय अनुभवी खिलाड़ी रूपिंदर पाल सिंह को टीम में मेंटरशिप और बीच में नेतृत्व संभालने के लिए शामिल किया गया है।

इस पूर्व कप्तान ने कहा कि रूपिंदर को रखने का कारण टीम को एक मेंटर उपलब्ध कराना है। साथ ही कहा कि हमें ऐसे किसी व्यक्ति की जरूरत है जो टीम को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करे। साथ ही कहा कि वह टीम की तैयरियों से खुश हैं। साथ ही कहा कि आने वाले दिनों में टीम के प्रदर्शन का बारीकी से आंकलन होगा। साथ ही कहा कि इसलिए एचआईएल के बाद हम सबसे पहले उन्हें उनके सभी मैच दिखाएंगे। मैं चाहता हूं कि वे जानें कि 2027 में उन्हें किन चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। उनका मानना है कि जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल में जिसमें भारत हार गया था वह बेहतर फैसले ले सकते थे। हालांकि मेरे ज़्यादातर फैसले सही थे यहां तक कि अर्जेंटीना के खिलाफ हमने जो बदलाव किये थे। वे सफल रहे। श्रीजेश ने कहा कि एक खिलाड़ी और एक कोच में काफी अंतर होता है। उन्होंने कहा मैं अपने कोचिंग रोल का आनंद ले रहा हूं जूनियर टीम के साथ लगभग एक साल हो गया है और मैं नए खिलाड़ियों के एक नए ग्रुप का इंतजार कर रहा हूं और कोच के तौर पर मुझे नए ग्रुप के साथ शुरुआत करनी होगी इसलिए यह एक बड़ी चुनौती होने वाली है।

### कुंबले और बांगड़ बोले वेंकटेश को आईपीएल के शुरुआती चरण में शायद ही अवसर मिले



**नई दिल्ली।** दिग्गज पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले और पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ का कहना है कि आईपीएल 2026 के शुरुआती सत्र में रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) शायद ही वेंकटेश अय्यर को अंतिम ग्यारह में शामिल करे। कुंबले के अनुसार इसका कारण है कि टीम के पास काफी अच्छे खिलाड़ी हैं और वह पहले उन्हें अवसर देना चाहेगी। वेंकटेश को इस बार आरबीबी ने मिनी नीलामी में 7 करोड़ रुपए में खरीदा था जबकि पिछली नीलामी में इसे केकेआर ने 23 करोड़ से अधिक की राशि में खरीदा था। आरसीबी ने इस बार नीलामी में केकेआर को पीछे छोड़कर वेंकटेश को अपने साथ जोड़ा था। फ्रेंचाइजी ने इसके अलावा जैकब डफी और मंगेश यादव समेत कई खिलाड़ियों को खरीदकर अपनी टीम को और बेहतर बनाया है।। कुंबले ने कहा वेंकटेश अय्यर के लिए शुरुआती एकादश में जगह बनाना कठिन होगा। इसका कारण है कि आप जीतने वाली टीम में संदेह पैदा नहीं करना चाहते। इसी सोच के चलते फ्रेंचाइजी ने रवि बिश्नोई पर बोली नहीं लगाई जिससे सुयश शर्मा को अपनी जगह को लेकर संशय न रहे। भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय बांगड़ ने भी कहा कि इस बात पर सवाल उठ सकता है कि अय्यर को शुरुआती एकादश में जगह मिलेगी या नहीं लेकिन टीम के पास एक शानदार विकल्प है। उन्होंने कहा अय्यर पर पिछले सत्र से ही सबकी नजरें टिकी हुई थीं। वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उनका आत्मविश्वास साफ दिखता है।

# दीप्ति 150 टी20 अंतरराष्ट्रीय विकेट लेने वाली पहली भारतीय क्रिकेटर बनीं

**तिरूवनंतपुरम,27 दिसंबर (एजेंसियां)।**

**भारतीय महिला क्रिकेट टीम की आलराउंडर दीप्ति शर्मा ने यहां श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में अपने 150 विकेट पूरे करने के साथ ही एक अहम उपलब्धि अपने नाम की है। इसी के साथ ही दीप्ति भारत की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय में 150 विकेट लेने वाली पहली गेंदबाज बनी हैं। अभी तक किसी भारतीय महिला ही नहीं पुरुष क्रिकेटर ने भी टी20 में 150 विकेट नहीं लिए थे। पुरुष वर्ग में अबसे अधिक 110 विकेट अर्शदीप सिंह ने लिए हैं। वहीं जसप्रीत बुमराह के नाम 103 विकेट और हार्दिक पंड्या के नाम 101 विकेट हैं।**



दीप्ति अब महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनी हैं। श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी20 में दीप्ति ने 4 ओवर में 18 रन देकर 3 विकेट लिए। दीप्ति ने कविशा दिलहारी को आउट करने के साथ ही अपना 150वां विकेट लिया। इसके बाद तीसरे विकेट को लेने के साथ ही उन्होंने आस्ट्रेलिया की मेगन शूट के 150 विकेट के रिकार्ड की बराबरी की। दीप्ति ने अब तक 131 महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की 128 पारियों में 151 विकेट लिए हैं।

### सलमान की जन्मदिन पार्टी में छाये रहे धोनी

**मुम्बई ।** भारतीय क्रिकेट के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने हाल बालीवुड अभिनेता सलमान खान के 60वीं जन्मदिन हुई पार्टी में परिवार सहित शामिल हुए। आम तौर पर पार्टी आदि से दूर रहने वाले धोनी इस कार्यक्रम में पत्नी साक्षी और बेटी जीवा के साथ नजर आए। इस पार्टी में सलमान खान के करीबी दोस्त और परिवार के सदस्य ही शामिल हुए। समारोह में धोनी का सादगी भरा अलग अंदाज छाया रहा। पार्टी में उनके पहुंचने के वीडियो अब सोशल मीडिया में काफी पसंद किये जा रहे हैं। सोशल मीडिया पर इस वीडियो के आते ही प्रशंसकों ने धोनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह जमीन से जुड़े हैं और ये उनके अंदाज से देखा जा सकता है। धोनी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद अब केवल आईपीएल में ही उतरते हैं। इसके बाद भी उनके लिए प्रशंसकों की दीवानगी कम नहीं हुई है। आईपीएल 2026 में धोनी चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसी) के लिए उतरेंगे पर उनके कप्तानी करने की कोई संभावना नहीं है। धोनी ने पिछली बार आईपीएल 2025 में कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद टीम की कमान संभाली थी।

### बीबीएल के चौथे मैच में भी असफल रहे बाबर



**सिडनी।** पाकिस्तान के अनुभीव बल्लेबाज बाबर आजम आस्ट्रेलियाई बिग बैश लीग ( (बीबीएल) में एक बार फिर असफल रहे हैं। सिडनी सिक्सर्स की ओर से खेलते हुए बाबर यहां मेलबर्न स्टार्स के खिलाफ केवल 2 रन ही बना पाये। बाबर इस मैच में 7 गेंद खेलकर टाम करन का शिकार बने। इस सत्र में ये दूसी बार है जब बाबर रन बनाने में विफल रहे हैं। वहीं पिछले चार मैचों में तीसरी बार दो अंकों तक नहीं पहुंच पाये हैं। सिक्सर्स ने अपनी बल्लेबाजी को बेहतर बनाने बाबर को शामिल किया था। इसी कारण उनकी जिम्मेदारी शीर्ष क्रम संभालना था पर वह स्वयं ही उसमें असफल रहे। आस्ट्रेलियाई पिचों की अतिरिक्त उछाल और गति के सामने वह टिक नहीं पाये। इस प्रदर्शन से बाबर के प्रशंसक निराश हैं। बाबर पिछले काफी समय से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विफल रहे हैं। ऐसे में टीम में उनकी जगह भी खतरे में पड़ गयी है।

# फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप : पांच राउंड के बाद गुकेश एरिगैसी और कार्लसन संयुक्त बढ़त में

**दोहा,27 दिसंबर (एजेंसियां)।**

**फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप के पहले दिन शुक्रवार को खेले गए पाँच राउंड के बाद भारत के मौजूदा क्लासिकल विश्व चैंपियन डी. गुकेश अर्जुन एरिगैसी और विश्व नंबर-1 मैग्नस कार्लसन संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पर काबिज हैं। तीनों के 4.5 अंक हैं। उनके साथ मैक्सिम वाशिए-लाग्रेव और व्लादिस्लाव आर्तेमिएव भी समान अंकों के साथ संयुक्त लीड में हैं।**



मैग्नस कार्लसन ने पहले दिन शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने शुरुआती चार मुकाबले आसानी से जीत लिए लेकिन पाँचवें और अंतिम राउंड में अर्जुन एरिगैसी ने उन्हें ड्रा पर रोक दिया। इस मुकाबले के बाद दोनों खिलाड़ियों के 4.5-4.5 अंक हो गए।

क्वीन गैंबिट डिक्लाइंड में खेले गए इस मुकाबले में खेल जल्दी ही बराबरी के क्वीन और रूख एंडगेम में पहुंच गया। कार्लसन ने जीत के लिए लगातार दबाव बनाया और अंत में दो अतिरिक्त एफ' और एच' पान के साथ रूख एंडिंग तक पहुंचे। हालांकि यह स्थिति सैद्धांतिक रूप से ड्रा मानी जाती है और कमजोर पक्ष से सटीक खेल की मांग करती है जिसे एरिगैसी ने बेहतरीन ढंग से निभाया और कार्लसन को पहले दिन का परफेक्ट स्कोर नहीं बनाने दिया।

मुंबई में हाल ही में हुई ग्लोबल चेस लीग में साधारण प्रदर्शन के बाद डी. गुकेश ने यहां शानदार वापसी की। पहले राउंड में ड्रा खेलने के बाद उन्होंने लगातार चार मुकाबले जीते और संयुक्त बढ़त में शामिल हो गए।

डिफेंडिंग विश्व रैपिड चैंपियन रूस के 18 वर्षीय वोलोदार मुर्ज़िन के लिए पहला दिन मुश्किल भरा रहा। वह सिर्फ दो अंक ही जुटा सके। दूसरे राउंड में उन्हें हमवतन रुडिक मकारियन के हाथों हार का सामना करना पड़ा इसके बाद उन्होंने दो और मुकाबले गंवाए। पांचवें राउंड में जीत के साथ उन्होंने थोड़ी वापसी की लेकिन 2/5 अंकों के साथ 2024 में न्यूयार्क में जीता खिताब बचाने की उनकी संभावनाएं कमजोर नजर आ रही हैं।

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंदा की भी शुरुआत धीमी रही। अगले वर्ष होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर चुके प्रज्ञानानंदा ने पहला मुकाबला जीता लेकिन इसके बाद दो ड्रा खेले। चौथे राउंड में उन्हें ब्लैक मोहरों से खुद से 150 से अधिक रेटिंग अंक कम जार्जिया के लेवन पांत्सुलाइया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा जिससे उनका दिन निराशाजनक रहा।

वर्ष 2016 में दोहा में विश्व रैपिड चैंपियन रह चुके वासिल इवांचुक के खाते में भी तीन अंक हैं। उन्होंने पहले राउंड में जीत दर्ज की लेकिन इसके बाद चार मुकाबले ड्रा खेले।

# आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज टिम डेविड की हैमस्ट्रिंग में खिंचाव

## टी20 विश्वकप तक फिट होने पर संशय

**सिडनी,27 दिसंबर (एजेंसियां)।**

आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज टिम डेविड होबार्ट के हरिकेन्स और पर्थ स्कार्चर्स के बीच हुए बिग बैश लीग (बीबीएल) के एक मुकाबले के दौरान हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण अगले मैच से बाहर हो गये है। इसके अलावा अगले साल होने वाले टी20 विश्वकप तक उनके फिट होने की भी संभावना कम ही है।

चोट लगने के बावजूद टिम ने अपनी टीम को जीत दिलायी। उन्होंने 28 गेंदों में 42 रन बनाये। इस पारी से होबार्ट हरिकेन्स ने 151 रनों का लक्ष्य हासिल कर तीसरी जीत दर्ज की। क्रिकेट आस्ट्रेलिया (सीए) आने वाले दिनों में भारत व श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्वकप के लिए अपनी टीम घोषित करेगा। ऐसे में टिम की फिटनेस को लेकर उसकी चिन्ताएं बढ़ गयी हैं। टी20 विश्वकप 7 फरवरी से होने वाला है। वहीं ये भी कहा जा रहा है कि फिटनेस को लेकर संश्य के बाद भी इस खिलाड़ी को टीम में लगह मिलेगी। बावजूद टिम डेविड के चयन की संभावना जताई जा रही है। गौरतलब है कि टिम ने इससे पहले 2022 और 2024 के टी-20 विश्वकप में आस्ट्रेलिया की ओर से खेला था। पिछले इस क्रिकेटर ने होबार्ट में भारत के खिलाफ 74 रन की पारी खेली थी। ऐसे में अगर उनकी चोट गंभीर होती है और वह टूर्नामेंट से बाहर होते हैं तो यह आस्ट्रेलियाई टीम के लिए बड़ा झटका होगा।



### शीर्ष खिलाड़ियों में जगह बनाना चाहते हैं ब्राजील के उभरते टेनिस खिलाड़ी जोआओ फोन्सेका

**रियो डी जेनेरो।** ब्राजील के उभरते हुए टेनिस खिलाड़ी जोआओ फोन्सेका का लक्ष्य नये साल में विश्व के शीर्ष 15 पुरुष टेनिस खिलाड़ियों में जगह बनाना है। फोन्सेका चाहते हैं कि वह नये साल में तेजी से आगे आयें। इस खिलाड़ी ने साल 2025 में दो खिताब जीते हैं। ये एटीपी टूर पर उनका पहला सत्र था और अब नये सत्र में भी वह ये सिलसिला आगे बढ़ाना चाहते हैं। फोन्सेका ने कहा मेरा इरादा दुनिया के शीर्ष 15 खिलाड़ियों में जगह बनाने का है। यह कठिन है पर मैं इसके लिए प्रयास करुंगा। मैं बिना उतार-चढ़ाव के लगातार अच्छे परिणामें पर भी ध्यान दूँगा। गौरतलब है कि फोन्सेका ने इस साल 113वीं रैंक से शुरुआत की थी पर ब्यूनस आयर्स (एटीपी 250) और बेसल (एटीपी 500) में जीत के बाद वह लंबी छलांग लगाकर 24वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

# 18 एफटीए के बावजूद भारत के निर्यात की रफ्तार सुस्त



**नई दिल्ली, 27 दिसंबर (एजेंसियां)।** भारत ने अब तक एक के बाद एक 18 मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन इसके बावजूद देश के निर्यात में अपेक्षित तेजी देखने को नहीं मिल रही है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को अब नए एफटीए करने के बजाय मौजूदा समझौतों से वास्तविक और ठोस निर्यात लाभ सुनिश्चित करने पर ध्यान देना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 में भारत का कुल निर्यात 825 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया था। वहीं वित्त वर्ष 2026 में इसके करीब 850 अरब डॉलर तक ही रहने का अनुमान है। यह बढ़त अपेक्षा से कम है, जिसका एक बड़ा कारण अमेरिका द्वारा लगाए गए भारी टैरिफ और

**नए समझौतों से ज़्यादा मौजूदा एफटीए से ठोस लाभ पर फोकस की जरूरत**

कमजोर वैश्विक मांग को माना जा रहा है। कमजोर अंतरराष्ट्रीय मांग और बढ़ते संरक्षणवादी कदमों के चलते माल निर्यात में बड़ी छलांग की उम्मीद नहीं है। हालांकि, सेवा क्षेत्र का निर्यात 400 अरब डॉलर से अधिक रहने की संभावना है, जो भारत के समग्र व्यापार प्रदर्शन को सहारा दे सकता है। अमेरिका भारत के लिए सबसे बड़ा दबाव बनकर उभरा है। मई से नवंबर 2025 के बीच 50 प्रतिशत तक के टैरिफ के चलते भारत का अमेरिका को निर्यात लगभग 21 प्रतिशत घट गया। इसके अलावा रूस से तेल खरीद को लेकर लगाए गए अतिरिक्त दंडात्मक टैरिफ से स्थिति और बिगड़ सकती है। वहीं यूरोपीय संघ 1 जनवरी 2026 से कार्बन बॉर्डर एडजस्टमेंट मैकेनिज्म लागू करने जा रहा है, जिसके कारण भारत के इस्पात निर्यात में पहले ही 24 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की जा चुकी है।

### इंडिगो उड़ान संकट की जांच समिति ने डीजीसीए को रिपोर्ट सौंपी

**नई दिल्ली।** इंडिगो एयरलाइन की सैकड़ों उड़ानों के रद्द होने की घटना की जांच के लिए डीजीसीए ने चार-सदस्यीय समिति बनाई थी। समिति के अध्यक्ष संयुक्त महानिदेशक संजय के.ब्रम्हाणे थे। अन्य सदस्य थे उप महानिदेशक अमित गुप्ता और उड़ान संचालन निरीक्षक कैप्टन कपिल मांगलिक व कैप्टन रामपाल। समिति ने हाल ही में अपनी रिपोर्ट डीजीसीए को सौंप दी। रिपोर्ट की प्रतियां नागर विमानन मंत्री और सचिव को भी भेजी गई हैं। रिपोर्ट के निष्कर्ष अभी सार्वजनिक नहीं किए गए हैं। इस महीने की शुरुआत में एक दिन में 1,600 से अधिक उड़ानें रद्द हुई और कई उड़ानें घंटों देरी से रवाना हुईं। मुख्य कारण था एयरलाइन द्वारा नए चालक दल तैनाती और विश्राम नियमों के पालन में समय पर तैयारी न करना।

## न्यूज ब्रीफ

### एसआईपी निवेश 2025 में पहली बार 3 लाख करोड़ के पार




**मुंबई।** साल 2025 में म्युचुअल फंड योजनाओं के तहत सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) में निवेश ने पहली बार किसी वित्तीय वर्ष में 3 लाख करोड़ रुपए का आंकड़ा पार किया। नवंबर 2025 तक निवेशकों ने एसआईपी के जरिए कुल 3.04 लाख करोड़ निवेश किए, जबकि साल 2024 में यह राशि 2.69 लाख करोड़ थी। साल 2025 में एक्टिव इक्विटी योजनाओं में एसआईपी निवेश 2.3 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा, जो पिछले साल से 3 फीसदी ज्यादा है। कुल एसआईपी निवेश में 80 फीसदी हिस्सा इक्विटी योजनाओं का था। एसआईपी का कुल निवेश में योगदान 37 फीसदी रहा, जो 2024 में 27 फीसदी था। एक रिपोर्ट के मुताबिक, नवंबर 2025 तक एसआईपी के प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां 16.53 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गईं, जो म्युचुअल फंड उद्योग के कुल एयूएम का 20 फीसदी से अधिक है।

### सुरक्षित और शानदार रिटर्न के चलते पॉपुलर हैं रिकरिंग डिपॉजिट स्कीम



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा पोस्ट ऑफिस के माध्यम से हर उम्र के लोगों के लिए स्मॉल सेविंग स्कीम्स संचालित की जा रही हैं, जो सुरक्षित निवेश और शानदार रिटर्न के चलते खासी पॉपुलर हैं। ऐसी ही स्कीम है पोस्ट ऑफिस रिकरिंग डिपॉजिट। यह स्कीम नियमित निवेश के जरिए मोटा फंड जुटाने में मददगार साबित हो सकती है। रिस्क फ्री निवेश का ऑप्शन तलाश रहे हैं, तो फिर पोस्ट ऑफिस की रिकरिंग डिपॉजिट स्कीम (पीओ आरडी स्कीम) आपके लिए शानदार विकल्प साबित हो सकती है। इसमें आप कितना भी निवेश करें, सुरक्षा की गारंटी खुद सरकार लेती है यानी पैसा डूबने का नो-चांस। इसके साथ ही इस स्कीम पर सरकार की ओर से ब्याज भी शानदार ऑफर किया जा रहा है। रिकरिंग डिपॉजिट में महज 100 रुपये के शुरुआती निवेश से अकाउंट ओपन कराया जा सकता है, जबकि मैक्सिमम इन्वेस्टमेंट की कोई लिमिट नहीं है। अब बताते हैं कि इस सरकारी स्कीम में नियमित निवेश के जरिए कैसे 25 लाख रुपये को मोटा फंड जुटाया जा सकता है। तो इसका कैलकुलेशन बेहद ही आसान है। पोस्ट ऑफिस आरडी केल्कूलेटर के जरिए गणना करें, तो इतनी रकम जुटाने के लिए आपको 15,000 रुपये प्रति माह का निवेश करना होगा। इतनी राशि को हर महीने आरडी स्कीम में डालने से 5 साल के मैच्योरिटी पीरियड तक आपका कुल जमा 10,70,492 रुपये होगा और इसमें सिर्फ ब्याज से ही 1,70,492 रुपये मिलेंगे। अब अगर आप अपने इस मासिक निवेश को अगले पांच साल के लिए आगे बढ़ाते हैं यानी कुल मिलाकर 15000 रुपये प्रतिमाह 10 साल के लिए निवेश करते हैं, तो फिर आपको ब्याज से होने वाली कमाई 7,52,822 रुपये होगी।

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 693 अरब डॉलर पहुंचा, पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 688 अरब डॉलर था



**मुंबई।** आरबीआई के ताजा आंकड़ों के अनुसार भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 19 दिसंबर 2025 को समाप्त सप्ताह में 4.368 अरब डॉलर बढ़कर 693.318 अरब डॉलर हो गया। इससे पहले भंडार 688.949 अरब डॉलर था। इस वृद्धि से यह संकेत मिलता है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की आर्थिक स्थिति मजबूत बनी हुई है। विदेशी मुद्रा संपत्तियों में इस सप्ताह 1.641 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई और ये 559.428 अरब डॉलर तक पहुंच गईं। इसमें यूरो, पाउंड और येन जैसी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव शामिल है। सोने के भंडार में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई, जो 2.623 अरब डॉलर बढ़कर 110.365 अरब डॉलर हो गया। अंतरराष्ट्रीय सोने की कीमतों में तेजी ने इसमें अहम भूमिका निभाई। विशेष आहरण अधिकार 8 मिलियन डॉलर बढ़कर 18.744 अरब डॉलर हो गए। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत की रिज़र्व स्थिति 4.782 अरब डॉलर तक पहुंच गई। विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ते विदेशी मुद्रा भंडार से रुपये की स्थिरता बनी रहती है और आयात तथा बाहरी कर्ज भुगतान में आसानी होती है।

# कमजोर धारणा के बीच शेयर बाजार ने दिखाए मिश्रित संकेत

**बिकवाली के दबाव और घरेलू सकारात्मक संकेतों की कमी के चलते बाजार में रही कमजोरी**

**मुंबई, 27 दिसंबर (एजेंसियां)।** बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार ने उतार-चढ़ाव भरे कारोबारी सत्र का सामना किया। क्रिसमस (25 दिसंबर) के अवसर पर बाजार बंद रहने के कारण सप्ताह में केवल चार दिन का कारोबार हुआ। विशेषज्ञों ने कहा कि विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव और घरेलू सकारात्मक संकेतों की कमी के चलते बाजार में कमजोरी देखने को मिली। कम ट्रेडिंग वॉल्यूम और अनिश्चित बाजार धारणा ने निवेशकों की सतर्कता बढ़ा दी। सप्ताह की शुरुआत सोमवार को आशावादी रुख के साथ हुई। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 482.7 अंक बढ़कर 85,412.06 पर पहुंच गया, वहीं एनएसई निफ्टी 160.2 अंक बढ़कर 26,126.60 पर कारोबार कर रहा था। दिन के अंत तक सेंसेक्स 6×8.12 अंक की बढ़त के साथ 85,567.48 पर बंद हुआ और निफ्टी 206 अंक बढ़कर 26,172.40 पर बंद हुआ। मंगलवार को बाजार में हल्की गिरावट और मुनाफावसूली देखने को मिली। सेंसेक्स 42.64 अंक की गिरावट के साथ 85,524.84 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 26,177.15 पर बंद हुआ। आईटी और फार्मा शेयरों में बिकवाली और मिले-जुले वैश्विक संकेत अस्थिरता के मुख्य कारण रहे। बुधवार को वैश्विक सकारात्मक रुझानों और घरेलू संस्थागत निवेशकों की खरीदारी के बावजूद बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। सेंसेक्स 116.14 अंक गिरकर 85,408.70 और निफ्टी ×5.05 अंक गिरकर 26,142.10 पर बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार में कमजोरी देखने को मिली। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 18×.42 अंक गिरकर 85,225.28 और निफ्टी 46.45 अंक गिरकर 26,095.65 पर पहुंच गया। अंत में सेंसेक्स ×67.25 अंक की गिरावट के साथ 85,041.45 और निफ्टी 99.80 अंक गिरकर 26,042.×0 पर बंद हुआ। जानकारों ने कहा कि बाजार विदेशी बिकवाली और घरेलू कमजोरी के दबाव में कमजोर रहा।



### चालू वित्त वर्ष में ट्रैक्टर बिक्री 15-17 फीसदी बढ़ने का अनुमान



**मुंबई।** एक रेटिंग एजेंसी ने चालू वित्त वर्ष में ट्रैक्टर की थोक बिक्री में 15-17 प्रतिशत वृद्धि का अनुमान जताया है। इससे पहले यह अनुमान 8-10 प्रतिशत था। नवंबर में थोक बिक्री में 30.1 प्रतिशत की सालाना वृद्धि दर्ज की गई, जबकि अप्रैल से नवंबर तक कुल वृद्धि 19.2 प्रतिशत रही। ट्रैक्टर पर जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे किसानों के लिए ट्रैक्टर खरीदना आसान हुआ है। अलग-अलग हॉर्सपावर वाले ट्रैक्टर में यह कटौती 40,000 से 1,00,000 रुपए तक की बचत का कारण बनी। पर्याप्त वर्षा और बेहतर फसल परिणामों ने किसानों की आय में सुधार किया है। इसके अलावा अगले साल अप्रैल से लागू होने वाले सख्त उत्सर्जन मानक के चलते लोग पुराने मानक वाले ट्रैक्टर की खरीद में तेजी दिखा सकते हैं। रेटिंग एजेंसी के अनुसार यह बढ़ोतरी नीतिगत समर्थन, अनुकूल कृषि परिणाम और जीएसटी कटौती के संयुक्त प्रभाव का नतीजा है और ट्रैक्टर उद्योग में तेजी और विस्तार के दौर को दर्शाती है।

## भारत-न्यूज़ीलैंड फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से कश्मीर के सेब किसान चिंतित



**श्रीनगर, 27 दिसंबर (एजेंसियां)।** भारत और न्यूजीलैंड ने फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर अंतिम सहमति दी है। इसके तहत दोनों देशों के उत्पाद शुल्क मुक्त या रियायती दरों पर व्यापार कर सकेंगे। खासकर सेब पर कस्टम ड्यूटी 50 फीसदी से घटाकर 25 फीसदी कर दी गई है। पहले साल में भारत 32,500 टन न्यूजीलैंड के सेब को 25 फीसदी कस्टम ड्यूटी पर आयात करेगा और यह मात्रा धीरे-धीरे छठे साल तक 45,000 टन तक बढ़ जाएगी। कश्मीर भारत का प्रमुख सेब उत्पादक क्षेत्र है, जहां उत्पादन का लगभग तीन-चौथाई हिस्सा आता है। राज्य में बागवानी उद्योग का कारोबार करीब 10,000 करोड़ रुपये का है और यह जीडीपी का लगभग 9 फीसदी योगदान देता है।

**सस्ते विदेशी सेब के आयात से बिक्री प्रभावित होगी**

स्थानीय किसान चेतावनी दे रहे हैं कि सस्ते विदेशी सेब के आयात से उनकी बिक्री प्रभावित होगी, खासकर जो सेब कंट्रोल्ड एटमॉस्फियर स्टोर्स में रखे गए हैं। कश्मीर के सेब कारोबारियों का कहना है कि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वादा किया था कि विदेशी सेब पर आयात शुल्क बढ़ाया जाएगा। लेकिन एफटीए के तहत ड्यूटी घट जाने से किसानों को वादाखिलाफी का एहसास हो रहा है। न्यू कश्मीर फ्रूट एसोसिएशन का कहना है कि वे जल्द ही सरकारी प्रतिनिधियों से मिलकर इस फैसले को वापस लेने की मांग करेंगे।

### अब देशभर के ईपीएफओ ऑफिस होंगे डिजिटल और कनेक्टेड

**नई दिल्ली।** केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि अब देश के सभी ईपीएफओ ऑफिसों को पासपोर्ट सेवा केंद्र जैसी सुविधा के साथ सिंगल-विंडो सर्विस सेंटर में बदला जाएगा। इससे पीएफ खाताधारक किसी भी रीजनल ऑफिस में जाकर अपने दावे या शिकायतें निपटा सकेंगे। नई व्यवस्था का ट्रायल दिल्ली में शुरू हो चुका है। अब कर्मचारियों को सिर्फ अपने रजिस्टर्ड ऑफिस जाने की जरूरत नहीं होगी। मॉडर्न डिजिटल टेक्नोलॉजी से ऑफिस पूरी तरह कनेक्टेड होंगे। सरकार जल्द ही ईपीएफ सुविधा प्रोवाइडर लॉन्च करेगी जो डिजिटल सिस्टम में मदद करेंगे। साथ ही इनऑपरेटिव खातों के लिए मिशन मोड केवायसी शुरू होगा ताकि फंसा पैसा खाताधारक या उनके वारिसों तक पहुंचे।

### कोफोर्ज 2.35 अरब डॉलर में करेगी एनकोरा का अधिग्रहण




**मुंबई।** भारतीय आईटी कंपनी कोफोर्ज यूएस-बेस्ड डिजिटल इंजीनियरिंग फर्म एनकोरा को 2.35 अरब डॉलर में खरीदेगी। यह अधिग्रहण शेयर स्वैप के जरिए किया जाएगा, जिसमें एनकोरा के शेयरहोल्डर्स कोफोर्ज की पोस्ट-इश्यू इक्विटी का लगभग 21.25 फीसदी हिस्सा प्राप्त करेंगे। कोफोर्ज 9.38 करोड़ नए शेयर 1,815.91 रुपये प्रति शेयर जारी करेगा, जिससे नॉन-कैश कंसीडरेशन लगभग 17,032 करोड़ रुपये होगा। सौदे का 1.89 अरब हिस्सा इक्विटी के माध्यम से फंड किया जाएगा, जबकि शेष राशि ब्रिज लोन या क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट से जुटाई जाएगी। एनकोरा क्लाउड-नेटिव एप्लिकेशन, डेटा इंजीनियरिंग, प्लेटफॉर्म मॉडर्नाइजेशन और एंटरप्राइज सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट जैसी सेवाओं में माहिर है। कंपनी की मजबूत नॉर्थ अमेरिका प्रेजेंस है और इसका मालिकाना हक एडवेंट इंटरनेशनल के पास है।

## एक हफ्ते में चांदी 27,771 रुपए महंगी, सोना भी 6,177 रुपए उछला

**चांदी ने लगातार चार दिन सार्वजनिक उच्च स्तर बनाया**




**मुंबई, 27 दिसंबर (एजेंसियां)।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोना और चांदी लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, चांदी की कीमत में लगातार पांचवें हफ्ते तेजी दर्ज की गई है। 19 दिसंबर को जहां एक किलो चांदी का भाव 2,00,336 रुपए था, वहीं 26 दिसंबर को यह 27,771 रुपए बढ़कर 2,28,107 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गया। इस हफ्ते चांदी ने लगातार चार दिन ऑल टाइम हाई बनाया और शुक्रवार को 9,124 रुपए की बड़ी छलांग के साथ बंद हुई। वहीं चांदी के साथ-साथ सोने की कीमतों में भी मजबूती देखने को मिली। 19 दिसंबर को 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का भाव 1,31,779 रुपए था, जो एक हफ्ते में 6,177 रुपए बढ़कर 26 दिसंबर को 1,37,956 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। यह अब तक का सबसे ऊंचा स्तर है। वर्ष 2025 में अब तक सोने और चांदी दोनों ने निवेशकों को चौंकाया है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 61,794 रुपए बढ़कर 1,37,956 रुपए हो गया है। वहीं, चांदी की कीमत 86,017 रुपए प्रति किलो से बढ़कर 2,28,107 रुपए हो गई है, यानी 1,42,090 रुपए की तेजी। आईबीजेए द्वारा जारी कीमतों में 3 फीसदी जीएसटी, मेकिंग चार्ज और ज्वेलर्स का मार्जिन शामिल नहीं होता। इसी वजह से अलग-अलग शहरों में सोने-चांदी के रेट अलग होते हैं। आरबीआई इन्हीं दरों के आधार पर सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड की कीमत तय करता है। सोने में डॉलर की कमजोरी, वैश्विक तनाव और केंद्रीय बैंकों की भारी खरीदारी ने दाम बढ़ाए हैं। वहीं चांदी में इंडस्ट्रियल डिमांड, टैरिफ का डर और मैन्युफैक्चरर्स की अग्रिम खरीदारी से तेजी बनी हुई है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### आँकड़े घटे-क्रूरता बढ़ी...

हालांकि, पति और रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता से संबंधित मामले पिछले साल के 813 से बढ़कर इस साल 1,069 हो गए हैं।

रिपोर्ट में बताया गया कि POCSO अधिनियम के तहत बच्चों के खिलाफ अपराधों में 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2025 में 568 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2024 में 449 मामले दर्ज हुए थे। BNS और SLL के तहत पंजीकृत मामलों में भी 14 प्रतिशत की महत्वपूर्ण कमी आई है, जो पिछले साल के 28,005 से घटकर 24,027 रह गए हैं।

**संपत्ति संबंधी अपराधों में गिरावट**

शारीरिक और संपत्ति संबंधी अपराधों में 16 प्रतिशत की कमी आई है। 2025 में 7,064 मामले दर्ज किए गए, जबकि 2024 में 8,447 थे। संपत्ति अपराधों में 28 प्रतिशत की तेज गिरावट देखी गई, जो पिछले वर्ष के 5,328 से घटकर 3,817 हो गई। हालांकि, घर में चोरी (House-breaking) के मामलों में 7 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई, जहाँ 2024 के 435 मामलों के मुकाबले 464 मामले दर्ज किए गए। डकैती के मामले 47 प्रतिशत तक गिर गए। संपत्ति संबंधी अपराधों में डिटेक्शन रेट 59 प्रतिशत रहा। पुलिस ने 22.30 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति बरामद की, जो कि कुल खोई हुई संपत्ति का 61 प्रतिशत है। साइबर अपराधों में भी 8 प्रतिशत की मामूली कमी आई है, जिसमें 3,735 मामले दर्ज हुए। हालांकि, नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायतों की संख्या बढ़कर 26,379 हो गई है। साइबर धोखाधड़ी के कारण होने वाला वित्तीय नुकसान पिछले साल के 385 करोड़ रुपये से घटकर 319 करोड़ रुपये रह गया है।

**सड़क सुरक्षा और आधुनिक पुलिसिंग की पहल**

NDPS अधिनियम के तहत मामले 2024 के 322 से बढ़कर 2025 में 368 हो गए। इस साल कुल 1,345 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। ड्रंकन ड्राइविंग के मामलों में कमी आई है (49,732 मामले), और सड़क दुर्घटनाओं में भी गिरावट दर्ज की गई है। 2025 में सड़क दुर्घटनाओं के 2,679 मामले सामने आए, जबकि पिछले साल 3,058 थे। पैदल यात्रियों की मृत्यु संख्या भी 118 से घटकर 105 रह गई है।

मीडिया को संबोधित करते हुए कमिश्नर सज्जनार ने कहा कि शहर में सभी प्रमुख त्योहार और चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। उन्होंने 'पीपुल वेलफेयर पुलिस' (PWP) ढांचे और 'एधएड' (एम्पायरिंग योर एवरीडे सेफ्टी) टीमों की तैनाती जैसी सामुदायिक पुलिसिंग पहलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने ''ओका गोप्पा मरपुनकु इदे श्रीकरम'' नामक प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी उल्लेख किया। अंत में, उन्होंने सहयोग के लिए मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी, उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्का और डीजीपी बी. शिवधर रेड्डी सहित जनता का आभार व्यक्त किया।

### जनता माँगे मोर...

सफ़ाई, वेस्ट मैनेजमेंट और आवारा कुत्तों की समस्या पर कंट्रोल की माँग की। उन्होंने GHMC से यह भी रिक्वेस्ट की कि वे जीवन की क्वालिटी को बेहतर बनाने के लिए पार्कों और मनोरंजन की सुविधाओं के डेवलपमेंट को प्राथमिकता दें। ग्रेटर हैदराबाद के यूनाइटेड फेडरेशन ऑफ़ RWAs के जनरल सेक्रेटरी, जो RWAs की एक टॉप बॉडी है, बी.टी श्रीनिवासन ने RWAs को अपने-अपने GHMC ज़ोन में ज़ोनल कमिश्नरों से मिलने और इन मुद्दों को बताने का निर्देश दिया।

उन्होंने पत्रकारों को बताया हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता यह है कि सभी खराब सड़कों को नया रूप दिया जाए। इस मानसून में भारी बारिश के दौरान ज़्यादातर सड़क नेटवर्क खराब हो गया था और GHMC अधिकारी कुछ समय के लिए मरम्मत का काम कर रहे हैं। संस्था की मांग है कि सभी 12 ज़ोनल कमिश्नर अपने-अपने ज़ोन में रेजिडेंशियल कॉलोनियों का दौरा करें और RWAs से बातचीत करके सिविक मुद्दों पर ज़मीनी हकीकत जानें। उन्होंने यह भी कहा कि वीकली बाज़ार अक्सर मेन सड़कों को ब्लॉक कर देते हैं, जिससे बहुत ज़्यादा ट्रैफिक जाम हो जाता है और रेजिडेंशियल कॉलोनियों तक पहुंचने में रुकावट आती है। उन्होंने ज़ोनल कमिश्नरों से खुली जगहों की पहचान करने और ट्रैफिक की दिक्कतों से बचने के लिए वीकली बाज़ारों को शिफ्ट करने की अपील की।

बेहतर पानी की सप्लाई, टैंकर मैनेजमेंट, नए जोड़े गए इलाकों में पानी की लाइन नेटवर्क का विस्तार और तीन/चार दिनों में एक बार के बजाय कम से कम एक दिन छोड़कर पानी की सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए HMWSSB से दखल देने की मांग भी की। उफरवास ने बढ़ी हुई GHMC सीमाओं में रहने की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए FOBs और फुटपाथ सुधार जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के लिए रिसोर्स के बंटवारे और प्लानिंग की भी अपील की।

### 60 सर्कलों में ...

सभी स्थानांतरित डिप्टी कमिश्नर पहले GHMC के 30 सर्कलों और अन्य विंगों में कार्यरत थे और अब उन्हें नई नियुक्तियां मिली हैं। ये तबादले राज्य सरकार द्वारा हाल ही में 12 ज़ोन, 60 सर्कल और 300 वार्डों के गठन और 12 ज़ोन के लिए ज़ोनल कमिश्नरों की नियुक्ति के संबंध में जारी राजपत्र (Gazette) अधिसूचना के मद्देनजर किए गए हैं।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345




दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 28 दिसंबर, 2025

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी
भी समस्या या सुझाव के लिए
मो. 86888 68345 पर
संपर्क करें।

# वारिसगुड़ा टीम द्वारा महेश बैंक के संस्थापक पैनल का भव्य सम्मान समारोह आयोजित



**हैदराबाद, 27 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** महेश बैंक के चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाले संस्थापक पैनल के सदस्यों का सम्मान शनिवार को वारिसगुड़ा टीम की ओर से भव्य समारोह में किया गया। यह कार्यक्रम जीरा, सिकंदराबाद स्थित गोवर्धननाथजी की हवेली में आयोजित हुआ।

इस सम्मान समारोह का आयोजन गोविंद सोमानी, श्रीगोपाल लड्डा एवं विष्णु मूंदड़ा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संस्थापक पैनल के सर्वेसर्वा रमेश बंग का शॉल एवं माला से आयोजकों द्वारा सम्मान किया गया, वहीं वाइस चेयरमैन गोविंद राठी का सम्मान हरिकिशन मूंदड़ा द्वारा किया गया।

समारोह में उपस्थित अन्य निदेशक मंडल के सदस्य अमित लड्डा, मनोज लोया, विनोद बंग, पवन लोहिया, देवेंद्र झंवर, कैलाश मंत्री एवं कविता तोषनीवाल का सम्मान राजेश चांडक, शाम परतानी, सुरेश परतानी, रामगोपाल सोमानी, हनुमान मनियार, नंदू मोदानी, शाम मोदानी, सुरेश झंवर, मुरली मनोहर मूंदड़ा, किरण लड्डा, संगीता मोदानी, सरिता मूंदड़ा, कमल सोमानी एवं प्रीती चंडक द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में शाम सुंदर बाहेती एवं कन्नू भाई राठी भी उपस्थित रहे, जिनका भी सम्मान किया गया।इस अवसर पर किशन बंग, राधाकिशन भूतड़ा, आनंद बंग, बद्रिविशाल मूंदड़ा, विमल भट्टड़, कमल भांगड़िया, संजय अट्टल, पारसमल सोलंकी, कैलाश राठौड़, भागीरथ धूत, उदय मानधानी, रमेश सोमानी, शिवप्रकाश लाहोटी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

महिला सहभागिता भी उल्लेखनीय रही, जिनमें जानकी देवी लड्डा, कमला मूंदड़ा, वंदना सोमानी, राजश्री सोमानी, आरती सोमानी, नम्रता सोमानी, चंचल झंवर, ज्योति मूंदड़ा, विजया परतानी, संध्या मालपानी, अमृता लड्डा, राजश्री लड्डा सहित अनेक महिलाएं शामिल थीं।

संस्थापक पैनल के प्रमुख रमेश बंग ने वारिसगुड़ा क्षेत्र के संपूर्ण राजस्थानी समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें इस क्षेत्र से सदैव भरपूर समर्थन मिलता रहा है।

कार्यक्रम के अंत में ठाकुरजी की प्रसादी का आयोजन किया गया, जिसमें सभी उपस्थितजनों ने सहभागिता की।




## श्री राम चंद्र मठ में बैकुंठ एकादशी 30 को

**हैदराबाद, 28 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** संगम बापू घाट स्थित श्री राम चंद्र मठ, लंगर हाउस में बैकुंठ एकादशी का पावन पर्व 30 दिसंबर 2025, मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। यह जानकारी संगम पीठाधीश्वर राहुल दास जी ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी। उन्होंने बताया कि इस शुभ अवसर पर प्रातः ब्रह्ममुहूर्त में वेंकटेश भगवान एवं श्री राम दरबार का वैदिक ब्राह्मणों द्वारा विधिवत अभिषेक, शृंगार तथा हवन-यज्ञ किया जाएगा। विशेष पूजा-अर्चना के पश्चात भक्तों को अलौकिक शृंगार दर्शन का लाभ प्राप्त होगा।प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि मंदिर का उत्तर द्वार, जिसे मोक्ष द्वार कहा जाता है, वर्ष में केवल एक दिन बैकुंठ एकादशी के अवसर पर खोला जाता है। इसी द्वार से सभी श्रद्धालु भगवान के दर्शन करेंगे।संगम पीठाधीश्वर राहुल दास ने अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं से इस पावन पर्व में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## सेवा और समर्पण का नाम है राधे राधे ग्रुप हैदराबाद : शिवभगवान अग्रवाल



**हैदराबाद, 28 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे राधे ग्रुप हैदराबाद सेवा, संस्कार और समर्पण की भावना का सशक्त प्रतीक बनकर समाज में निरंतर कार्य कर रहा है। यह विचार राधे राधे ग्रुप हैदराबाद द्वारा संचालित नियमित अन्नदान कार्यक्रम के दौरान शिवभगवान अग्रवाल ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि यह ग्रुप निस्वार्थ भाव से जरूरतमंदों की सेवा कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन का कार्य कर रहा है।

शिवभगवान अग्रवाल ने ग्रुप के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राधे राधे ग्रुप हैदराबाद से जुड़कर सेवा को साधना का स्वरूप मिलता है तथा सभी सदस्य आपसी सहयोग और संस्कारों के साथ समाजसेवा में लगे हुए हैं।

इस अवसर पर जगतनारायण अग्रवाल, महेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल धरसुवाले, गोविंद राम पचेरिया, राजेश सर (योगा), शिवभगवान अग्रवाल सहित अरुण-नीलम विजयवर्गीय, लता गोयल, मीना अग्रवाल, पूजा संघी एवं परी संघी सहित अनेक सम्मानित गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# हाईलाइफ फैशन प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ

**हैदराबाद, 27 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** माधापुर, हाईटेक सिटी स्थित एचआईसीसी नोवोटेल में हाईलाइफ की तीन दिवसीय फैशन प्रदर्शनी का शनिवार को भव्य शुभारंभ हुआ। इस प्रदर्शनी में देशभर से आए नामचीन डिजाइनर अपने नवीनतम कलेक्शन के साथ भाग ले रहे हैं।

प्रदर्शनी का उद्घाटन अभिनेत्री राशी सिंह, अभिनेत्री श्रवंती चोकारोपू एवं हाईलाइफ के प्रबंध निदेशक एबे डोमिनिक द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रमुख मॉडल, फैशन प्रेमी एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।प्रदर्शनी में देश के विभिन्न शहरों से 350 से अधिक फैशन डिजाइनर हिस्सा ले रहे हैं। एबे डोमिनिक ने बताया कि नव वर्ष एवं त्यौहारों को देखते हुए देश के प्रमुख डिजाइनर फैशन परिधान, आभूषण, सहायक उपकरण सहित आकर्षक और विशिष्ट संग्रह के साथ प्रदर्शनी में भाग ले रहे हैं। उत्सवों, शादियों और मौसम के अनुरूप परिधानों के



लिए यह प्रदर्शनी फैशन प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।

उन्होंने कहा कि हाईलाइफ प्रदर्शनी देश के प्रमुख शहरों में सबसे अधिक पसंद किए जाने वाले फैशन ब्रांड के रूप में उभर कर सामने आई है। डिजाइनर अपने नए कलेक्शन को हाईलाइफ में प्रदर्शित करने के लिए उत्सुक रहते हैं, क्योंकि यहां उन्हें फैशन प्रेमियों से भरपूर प्रोत्साहन मिलता है।एबे डोमिनिक ने आगे बताया कि हाईलाइफ प्रदर्शनी को लोग फैशन-लाइफस्टाइल, लक्ज़री और वेडिंग शॉपिंग के प्रमुख गंतव्य के रूप में पसंद कर रहे हैं। इस बार की प्रदर्शनी में भी पूर्व आयोजनों की तरह लाइफस्टाइल से जुड़े उत्पाद व्यापक विकल्पों के साथ उपलब्ध हैं। उल्लेखनीय है कि हाईलाइफ प्रदर्शनी 29 दिसंबर तक जारी रहेगी।

## प्रथम उत्तराखंडी सांस्कृतिक कार्यक्रम 'महाकौथिंग' 18 जनवरी को



**हैदराबाद, 27 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मलकाजगिरी लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वर्तमान सांसद इटेला राजेंद्र को 18 जनवरी को आयोजित होने वाले आजादी के बाद प्रथम उत्तराखंडी सांस्कृतिक कार्यक्रम ङ्गमहाकौथिंगफ में प्रमुख अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। माननीय सांसद ने सहर्ष आमंत्रण स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति की स्वीकृति प्रदान की।

यह भव्य उत्तराखंडी सांस्कृतिक महाकौथिंग श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर परिसर, एल्मपेट (मेडचल) में आयोजित की जाएगी।

कार्यक्रम में उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति पर आधारित नृत्य, संगीत एवं कला की मनोहारी प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इस अवसर पर विशेष रूप से उत्तराखंड के जाने-माने महाकौथिंग के दर्जनों कलाकार आमंत्रित किए गए हैं।

महाकौथिंग के अध्यक्ष ठाकुर जयपाल सिंह नयाल (सनातनी) एवं महाकौथिंग की मुख्य संयोजक श्रीमती दीप्ति रावत ने बताया कि इस पवित्र उत्तराखंडी सांस्कृतिक आयोजन का उद्देश्य सुदूर दक्षिण भारत के तेलंगाना में भी देवभूमि उत्तराखंड की लोक परंपराओं को जीवंत बनाए रखना और भावी पीढ़ी तक पहुंचाना है। उन्होंने सभी प्रवासी उत्तराखंडवासियों से इस आयोजन से जुड़कर इसे सफल बनाने की अपील की।

सांसद ईटेला राजेंद्र को निमंत्रण देने के अवसर पर देवभूमि उत्तराखंड सेवा संस्थान के अध्यक्ष जयपाल सिंह नयाल के साथ बलवीर प्रसाद पैनोली, राजेंद्र नेगी, लाला राम दीक्षित, पवन ध्यानी, लक्षण सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मां जगदम्बा राधे राणी की कृपा से सेवा ही साधना, अन्नदान ही यज्ञ : हरीश हिंदुजा

**हैदराबाद, 27 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** आदि शक्ति मां जगदम्बा की असीम कृपा और करुणा से ही राधे राधे ग्रुप हैदराबाद द्वारा तीन स्थानों पर निरंतर अन्नदान रूपी पुण्य यज्ञ प्रवाहित हो रहा है।

यह सेवा कार्य केवल भूख मिटाने का माध्यम नहीं, बल्कि मानवता, करुणा और आत्मिक शुद्धि की साधना है। मैं स्वयं को अत्यंत धन्य और कृतज्ञ मानता हूं कि मुझे इस पावन सेवा परिवार से जुड़ने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उक्त भाव हरीश तोल-ाराम हिंदुजा ने मीडिया से बातचीत में व्यक्त किए।

केबीआर पार्क में राधे राधे ग्रुप हैदराबाद द्वारा संचालित नियमित अन्नदान सेवा के दौरान श्री हिंदुजा ने कहा कि आज का युग भौतिकता की ओर तेजी से बढ़ रहा है, ऐसे में युवाओं को धर्म, संस्कार और आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक हो गया है। जब तक युवा पीढ़ी अपने धर्म और संस्कृति से जुड़ी रहेगी, तब तक समाज में सद्भाव, शांति और सेवा की भावना बनी रहेगी।



उन्होंने कहा कि अन्नदान जैसे सेवा कार्य युवाओं के हृदय में करुणा, संवेदनशीलता और समर्पण का भाव जागृत करते हैं। सेवा के माध्यम से युवा सहज ही धर्म के मार्ग पर अग्रसर होते हैं और जीवन के वास्तविक उद्देश्य को समझते हैं। राधे राधे ग्रुप हैदराबाद द्वारा किया जा रहा यह सेवा कार्य युवाओं को न केवल समाज से जोड़ रहा है, बल्कि उन्हें मां जगदम्बा की कृपा से आध्यात्मिक चेतना की ओर भी प्रेरित कर रहा है।

श्री हिंदुजा ने कहा कि जब सेवा में श्रद्धा जुड़ जाती है, तब वह साधना बन जाती है और ऐसे प्रयास समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। राधे राधे ग्रुप हैदराबाद का यह प्रयास आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरण-स्रोत है।

इस अवसर पर सुभाष अग्रवाल, हरिश तोलाराम हिंदुजा, भाकर राम कुमावत, कमला देवी कुमावत, संजय गोयल, किरण गोयल, रणधीर, रोहित अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, ई-जगन चम्पापेट सहित ग्रुप के सदस्य उपस्थित थे।

# गुरु गोबिंद सिंह जी का 359वां प्रकाश उत्सव श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम के साथ मनाया गया



**हैदराबाद, 28 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** दसवें एवं अंतिम सिख गुरु तथा खालसा पंथ के संस्थापक श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 359वां प्रकाश उत्सव शनिवार को सिख समुदाय द्वारा पूरे श्रद्धा, धार्मिक उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर सिख श्रद्धालुओं के साथ-साथ अन्य समुदायों के लोगों ने भी तेलंगाना के विभिन्न गुरुद्वारों में गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष अरदास कर इस पावन पर्व में सहभागिता की।

मुख्य समापन कार्यक्रम प्रबंधक कमेटी, सेंट्रल गुरुद्वारा साहिब गौलीगुडा के तत्वावधान में आयोजित किया गया। यहां सेंट्रल गुरुद्वारा साहिब गौलीगुडा के समक्ष आयोजित विशाल दीवान (सामूहिक सभा) में बड़ी संख्या में सिख श्रद्धालुओं एवं अन्य समुदाय के लोगों ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के समक्ष मत्था टेककर भाग लिया।

सेंट्रल गुरुद्वारा साहिब गौलीगुडा के अध्यक्ष एस. इंदर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि यह विशाल सभा प्रातः 10.30 बजे आरंभ हुई और सायं 4.30 बजे तक चली। इस दौरान देश के विभिन्न हिस्सों से आमंत्रित प्रतिष्ठित एवं जाने-माने रागी जत्थों द्वारा गुरबाणी कीर्तन (पवित्र भजन) एवं कथाओं (प्रवचन) का पाठ किया गया।

इस अवसर पर अमृतसर से भाई सतनिंदर सिंह जी बोदल, रुद्रपुर से भाई गुरविंदर सिंह जी, भाई रविंदर सिंह जी सहित अन्य प्रतिष्ठित रागी जत्थों ने गुरबाणी कीर्तन प्रस्तुत किया। गुरबाणी विचारों के माध्यम से उन्होंने जीवन के उच्च मूल्यों, राष्ट्रीय एकता, शांति, भाईचारे और सांप्रदायिक सद्भाव को अपनाने का संदेश दिया, जिनके लिए गुरु गोबिंद सिंह जी ने आजीवन प्रयास किया।

उपदेशकों ने सिख गुरुओं की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी का जीवन साहस, निस्वार्थता, धर्मनिष्ठा और मानवाधिकारों की रक्षा का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने श्रद्धालुओं से गुरु गोबिंद सिंह जी की शिक्षाओं को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान कियासत्य के लिए खड़े रहना, विविधता का सम्मान करना तथा ईमानदारी और करुणा के साथ जीवन जीना।

उपदेशकों ने गुरु तेग बहादुर जी की शिक्षाओं और बलिदान की कथाएं भी साझा कीं तथा न्याय, शांति और मानवीय गरिमा के उनके संदेश को स्मरण कराया। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी ने लोगों के अपने धर्म का स्वतंत्र रूप से पालन करने के अधिकारों की रक्षा के लिए अद्वितीय बलिदान दिया और मानवता की रक्षा के लिए सदैव दृढ़ संकल्पित रहे।

सभा के समापन के पश्चात सभी श्रद्धालुओं के लिए पारंपरिक गुरु का लंगर आयोजित किया गया। लंगर में श्रद्धालु एक ही पंक्ति में अनुशासनपूर्वक बैठकर भोजन ग्रहण करते हैं, जिससे समानता, एकजुटता, भाईचारे और परस्पर प्रेम की भावना को बढ़ावा मिलता है।

प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष एस. इंदर सिंह एवं कमेटी के अन्य सदस्यों ने इस सामूहिक सभा में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं का स्वागत किया और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# निजामाबाद में जाजू परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ



**निजामाबाद, 27 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** निजामाबाद में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ दि. 26-12-2025 को वृंदावन धाम, महेश्वरी भवन में हुआ। यह पावन आयोजन स्व. घनश्यामदास जी जाजू की पुण्यस्मृति में आयोजित किया जा रहा है।

श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत सर्वप्रथम सार्वजनिक गणेश मंदिर से महेश्वरी भवन तक कलश शोभा यात्रा भजन कीर्तन के साथ भव्य रूप से निकाली गईं। रथ पर कथा वाचक परमपूज्य कमलेश जी महाराज विराजमान थे। जाजू परिवार एवं पुरुष महिलाएं भागवत पोथी कलश के साथ चल रहे थे।व्यासपीठ पर परम पूज्य कमलेशजी महाराज (पुना निवासी) द्वारा मधुर वाणी एवं संगीतमय कथा का रसास्वादन कराया। पहले दिन धुंधकारी की कथा सुनाई गई। उन्होंने कहा कि भागवत ही भगवान का स्वरूप है।

कमलेशजी महाराज ने कहा कि भागवत कथा कराने वाले और सुनने वाले 7 दिन ब्रह्मचर्य का पालन करें, फलाहार उपवास कर सुनें, चटाई पर सोएं, विधि-विधान का पालन कर सुनें। कथा के अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# 2030 तक 48 शहरों में ट्रेनों की क्षमता दोगुनी करेगा रेलवे : अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली/हैदराबाद, 27 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** 2030 तक 48 शहरों में ट्रेनों की क्षमता दोगुनी करेगा रेलवे. यह जानकारी रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने दी. उन्होंने कहा-ट्रेनों में भीड़ से निपटने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया गया है । उन्होंने बताया कि टर्मिनलों की क्षमता बढ़ाने की योजना बनाते समय, टर्मिनलों के आसपास के स्टेशनों को भी ध्यान में रखा जाएगा. ताकि क्षमता में संतुलन बना रहे। उदाहरण के लिए, पुणे के लिए, पुणे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म और स्टेबलिंग लाइनों को बढ़ाने के साथ-साथ हडपसर, खड़की और आलंदी स्टेशनों की क्षमता बढ़ाने पर विचार किया गया है। उपरोक्त प्रक्रिया उपनगरीय और गैर-उपनगरीय दोनों प्रकार के यातायात के लिए की जाएगी, जिसमें दोनों खंडों की विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाएगा। 48 प्रमुख शहरों की एक व्यापक योजना विचाराधीन है (सूची संलग्न है)। इस योजना में निर्धारित समय सीमा के भीतर रेल गाड़ियों की संचालन क्षमता को दोगुना करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नियोजित, प्रस्तावित या पहले से स्वीकृत कार्यों को शामिल किया जाएगा।क्षमता को वर्ष 2030 तक दोगुना करने की योजना है, लेकिन यह आशा है कि अगले 5 वर्षों में क्षमता में क्रमिक वृद्धि की जाएगी ताकि क्षमता वृद्धि के लाभ तुरंत प्राप्त किए जा सकें। इससे आने वाले वर्षों में यातायात की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने में सहायता मिलेगी। योजना में कार्यों को तीन श्रेणियों, अर्थात् तत्काल, अल्पकालिक और दीर्घकालिक में वर्गीकृत किया जाएगा। प्रस्तावित योजनाएँ विशिष्ट होंगी, जिनमें स्पष्ट समयसीमा और परिभाषित परिणाम होंगे। यद्यपि यह अभ्यास विशिष्ट स्टेशनों पर केंद्रित है, प्रत्येक क्षेत्रीय रेलवे को अपने-अपने मंडलों में रेल गाड़ियों की संचालन क्षमता बढ़ाने की योजना बनाने के लिए कहा गया है, यह सुनिश्चित करते हुए कि न केवल टर्मिनल क्षमता में वृद्धि हो, बल्कि स्टेशनों और यार्डों पर अनुभागीय क्षमता और परिचालन संबंधी बाधाओं का भी प्रभावी ढंग से समाधान किया जाए। केंद्रीय रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, हम यात्रियों की बढ़ती मांग को पूरा करने और भीड़भाड़ को कम करने के लिए विभिन्न शहरों में कोचिंग टर्मिनलों का विस्तार कर रहे हैं और अनुभागीय एवं परिचालन क्षमताओं को बढ़ा रहे हैं। इस कदम से हमारे रेलवे नेटवर्क का उन्नयन होगा और राष्ट्रव्यापी संपर्क सुविधा में सुधार होगा।

# अटल बिहारी वाजपेयी के 101वें जन्मदिवस पर 46वां राष्ट्रीय एकता कवि सम्मेलन सम्पन्न



**हैदराबाद, 27 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** पूर्व प्रधानमंत्री, भारतरत्न एवं कविवर श्री अटल बिहारी वाजपेयी के 101वें जन्मदिवस के अवसर पर गीत चाँदनी के सहयोग से स्मृति-शेष जी. राजेंद्र कुमार द्वारा स्थापित 46वें राष्ट्रीय एकता कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन गोशामहल स्थित हज़ारी भवन में किया गया।

सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ गीतकार चंपालाल बैद ने की, जबकि कार्यक्रम का संचालन गोलकोंडा दर्पण के संपादक एवं कवि गोविंद अक्षय ने किया। शुभारंभ माँ सरस्वती की पूजा, दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनकी चुनिंदा कविताओं का पाठ किया गया।मुख्य अतिथि समाजसेवी श्री अमृत कुमार जैन रहे। विशेष अतिथियों में गोशामहल के पार्षद श्री लाल सिंह, भाजपा नेता एवं आईसीएआर मेंबर श्री डी. गोपाल, वरिष्ठ कवि श्री अंजनी कुमार गोयल एवं भाजपा महिला मोर्चा की महासचिव श्रीमती प्राची जैन उपस्थित रहीं। वक्ताओं ने अटल जी को एक महान राजनेता के साथ-साथ संवेदनशील, निर्भीक और राष्ट्रवादी कवि बताया।

कवि सम्मेलन में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए कवियों ने राष्ट्रभक्ति, सामाजिक सरोकार, हास्य-व्यंग्य और वीर रस की कविताओं से श्रोताओं को भावविभोर किया। अंत में आयोजकों एवं कवियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन हुआ।

# अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा बच्चों के लिए उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**हैदराबाद, 27 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज तेलंगाना ने 27 दिसंबर 2025 को 7 से 18 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों को लक्षित करते हुए एक उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम की घोषणा संयुक्त सचिव डॉ. सीमा जैन द्वारा की गई। इस पहल का उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं में व्यावसायिक सोच और कौशल विकसित करना था।

कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को पार्ले-जी बिस्किट फैक्ट्री का शैक्षणिक दौरा कराया गया, जहाँ 80 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने फैक्ट्री में उत्पादन प्रक्रिया, प्रबंधन और व्यवसाय संचालन को प्रत्यक्ष रूप से देखा और व्यावहारिक अनुभव के माध्यम से व्यवसाय शुरू करने की बारीकियाँ समझीं। यह अवसर सुरेश चंद गुप्ता द्वारा उपलब्ध कराया गया।

कार्यक्रम मेंनरेंद्र गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अग्रवाल समाज तेलंगाना के अध्यक्ष अनिरुद्ध गुप्ता ने बच्चों और युवाओं को स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित किया तथा इस पहल के लिए पूरी टीम का उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के संचालन में सुश्री शीतल अग्रवाल एवं पवन डोकनिया ने सहयोग किया, जबकि प्रीति अग्रवाल ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। बच्चों ने कार्यक्रम के दौरान दिखाए गए जानकारीपूर्ण वीडियो का आनंद लिया।

फैक्ट्री भ्रमण के उपरांत प्रतिभागियों को उपहार वितरित किए गए और सभी बच्चों ने सामूहिक दोपहर के भोजन का भी आनंद उठाया।

# नागश्री कल्चरल ऑर्गनाइजेशन का संगीत कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह भव्यता से सम्पन्न



**हैदराबाद, 27 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नागश्री कल्चरल ऑर्गनाइजेशन के तत्वावधान में चिक्कडपल्ली स्थित श्री त्यागराय गान सभा सभागृह में संगीत कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह भव्यता एवं उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम शुक्रवार, 26 दिसंबर को सायं 4 बजे से संस्था की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया।

आज यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में नागश्री कल्चरल ऑर्गनाइजेशन की अध्यक्षा डॉ. नागश्री ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राणीमित्र रमेश जागीरदार मेमोरियल फाउंडेशन के संस्थापक मंत्री रिद्धीश जागीरदार, सम्माननीय अतिथि के रूप में इंटरनेशनल वंडर बुक ऑफ रिकॉर्ड इंडिया के कोऑर्डिनेटर बिंगी नरेंद्र गौड तथा विशेष अतिथि के रूप में चिक्की फाउंडेशन के ट्रस्टी चिक्का रविकिरण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. नागश्री ने की।

इस अवसर पर नगर के विभिन्न कलाकारों द्वारा मनमोहक संगीत प्रस्तुतियाँ दी गईं। संस्था की ओर से प्राणीमित्र रिद्धीश जागीरदार को उनके द्वारा किए जा रहे सामाजिक, धार्मिक एवं गौसेवा कार्यों के लिए नंदी अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का संस्था की ओर से आभार व्यक्त किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रिद्धीश जागीरदार ने कहा कि कलाकारों को अपनी कला को केवल क्षेत्रीय भाषा या राज्य तक सीमित न रखकर राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करना चाहिए तथा कला का व्यापक प्रचार-प्रसार करना चाहिए। उन्होंने नागश्री कल्चरल ऑर्गनाइजेशन को प्रथम वर्षगांठ पर शुभकामनाएँ दीं।विशेष अतिथि बिंगी नरेंद्र गौड ने कहा कि प्रत्येक कलाकार को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक सशक्त मंच मिलना चाहिए, जिससे उसके भीतर छुपी कला को उचित पहचान और सम्मान प्राप्त हो सके।

कार्यक्रम में गीतकार वेदा, महेश, वेंकी, प्रीतम, राजेश, सुमेधा सहित अनेक नामी कलाकारों की उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई।

# संघी समिति द्वारा शीतला माता की खिचड़ी का आयोजन 4 जनवरी को



**हैदराबाद, 27 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री प्रताप नारायण संघी के कार्यालय, बशीरबाग में संघी समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि शीतला माता की खिचड़ी का पावन आयोजन रविवार, 4 जनवरी 2026 को प्रातः 11:00 बजे से पहाड़ी हनुमान मंदिर, वेस्ट मारेडपल्ली, सिकंदराबाद में किया जाएगा।

इस शुभ अवसर पर संघी समिति एजुकेशनल चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से प्रतिभाशाली एवं मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा, ताकि उन्हें उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु प्रोत्साहन मिल सके।साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ संघी सदस्यों का विशेष सम्मान किया जाएगा।कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न उपसमितियों का गठन किया गया। संघी समिति ने समस्त संघी परिवारों से विनम्र अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार पधारकर माताजी की खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण करें और इस धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन को सफल बनाएं।बैठक में प्रताप नारायण संघी, प्रभात कुमार संघी, पंकज कुमार संघी, नागेंद्र संघी, अनिल संघी, राजेंद्र संघी, गौरव कुमार संघी, अवधेश नारायण संघी, शशि नारायण संघी, अनुशा संघी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# गोशामहल प्रभाग में जलापूर्ति और सीवरेज समस्याओं के समाधान हेतु कॉर्पोरेटर लाल सिंह ने एमडी से की मुलाकात



**हैदराबाद, 27 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** गोशामहल प्रभाग के कॉर्पोरेटर श्री लाल सिंह जी ने आज हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन वाटर सप्लाई एंड सीवरेज बोर्ड के प्रबंध निदेशक के. अशोक रेड्डी से मुलाकात की।इस बैठक के दौरान, गोशामहल प्रभाग में जलापूर्ति और सीवरेज से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। लाल सिंह जी ने इन समस्याओं के शीघ्र समाधान के लिए आवश्यक प्रतिवेदन भी सौंपे।चर्चा के दौरान, लाल सिंह ने हाल ही में स्वीकृत 40 लाख के बजट का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने प्रबंध निदेशक से अनुरोध किया कि इस स्वीकृत राशि के अंतर्गत गोशामहल प्रभाग के निवासियों के लाभ के लिए आवश्यक जलापूर्ति और सीवरेज कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं को दूर कर जनता को राहत पहुँचाना था।

# सुराराम पुलिस ने ड्रग रैकेट का किया भंडाफोड़, 8 गिरफ्तार

**हैदराबाद, 27 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** सुराराम पुलिस ने एक अंतरराज्यीय ड्रग तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए आठ लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें ड्रग तस्कर और उपभोक्ता दोनों शामिल हैं। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इस गिरोह का मुख्य आपूर्तिकर्ता (सप्लायर), बेंगलुरु निवासी अश्विन, फिलहाल फरार है।पुलिस उपायुक्त एन. कोटी रेड्डी ने एक विज्ञप्ति में बताया कि अपराधियों के पास से 45 ग्राम ब्राउन एमडीएमए, 6 ग्राम व्हाइट एमडीएमए और 13 ग्राम सूखा गांजा बरामद किया गया है। इसके अलावा, दो कारें (हुंडई वेन्यू और एमजी हेक्टर), आठ मोबाइल फोन और एक डिजिटल वजन मशीन भी जब्त की गई है। जब्त संपत्ति का कुल मूल्य लगभग 12.20 लाख रुपये है।गिरफ्तार तस्करों में अकरम रंजीत कुमार (30), कुकटला नितेश कुमार यादव उर्फ नैश (25) और वुप्पारी नवीन कुमार उर्फ टिल्लू (31) शामिल हैं।जांच से पता चला है कि बेगमपेट की एक निजी कंपनी में काम करने वाले अकरम रंजीत कुमार ने कथित तौर पर जल्दी पैसा कमाने के लिए ड्रग तस्करी का रास्ता चुना।

# बाबा गंगाराम सेवा समिति की बैठक सम्पन्न

## 25 जनवरी को होने वाले त्रिशक्ति महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा



**हैदराबाद, 27 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बाबा गंगाराम सेवा समिति, हैदराबाद के सभी सदस्यों की बैठक 26 दिसंबर को श्रीनगर कॉलोनी स्थित श्री विष्णु सराफ के निवास स्थान पर संपन्न हुई। बैठक में आगामी 25 जनवरी को आयोजित होने वाले बाबा गंगाराम जी के त्रिशक्ति महोत्सव की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा समिति के सभी सदस्यों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए।

बैठक के दौरान त्रिशक्ति महोत्सव के प्रचार-प्रसार हेतु बैनर का विमोचन किया गया।

इसके साथ ही बाबा गंगाराम धाम, श्री पंचदेव मंदिर के नववर्ष कैलेंडर का भी समिति के सभी सदस्यों द्वारा विमोचन किया गया।

बैठक में जानकारी दी गई कि त्रिशक्ति महोत्सव सिकंदराबाद स्थित हरियाणा भवन में बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर कोलकाता से पधार रहे सुप्रसिद्ध भजन गायक श्री केशव मधुकर बाबा गंगाराम जी की महिमा पर आधारित भजनों की प्रस्तुति देंगे।

साथ ही इंडिया गॉट टैलेंट फेम एवं विश्वविख्यात सैंड आर्टिस्ट नितीश भारती बाबा गंगाराम जी की लीलाओं पर आधारित विशेष सैंड आर्ट प्रस्तुति देंगे, जो महोत्सव का प्रमुख आकर्षण होगी।

बैठक की अध्यक्षता अशोक केजरीवाल ने की। इस अवसर पर केशव शर्मा, श्याम गोयनका, पवन डिडवानिया, संजय जालान, वरुण सराफ, संतोष टाटियां, विनोद अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, शरद संघवी, अमित मोदी, विशाल सराफ, निखिल सराफ, नीरज अग्रवाल, मनोज हिनानी, संतोष केजरीवाल, कुसुम सराफ, मधु जालान, वर्षा सराफ, प्रीती संघवी, पूर्णिमा सराफ, नेहा सराफ, शिल्पा गोयनका, अनुराधा शर्मा एवं संगीता टाटियां मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

सभी सदस्यों ने त्रिशक्ति महोत्सव को सफल बनाने हेतु पूर्ण सहयोग देने का संकल्प व्यक्त किया।



दक्षिण मध्य रेलवे के मुख्यालय को वर्ष 2024 के दौरान राजभाषा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए प्रथम पुरस्कार के रूप में रेल मंत्री राजभाषा शील्ड प्राप्त हुई है। यह शील्ड दि. 26.12.2025 को रेल भवन में आयोजित एक समारोह में अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी/रेलवे बोर्ड द्वारा प्रदान कियी गयी।




श्रीमती सनु देवी सांखला की प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 57 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में उनके भाई दिनेश, अनिल, सुमेर, के साथ-साथ मारवाड़ी युवा मंच के सुशील भायल, गौतम भायल, दिनेश गौस्वामी का विशेष सहयोग रहा।



आगामी मंगलवार दि. 30 दिसंबर 2025 को श्री बालाजी मंदिर, मैदान खान चौक चारमीनार में मनाए जाने वाली भव्य वैकुंठ एकादशी महोत्सव में भाग लेने हेतु अतिथि के रूप में चंद्रशेखर, भाजपा संघठन मंत्री, विधायक रघुनंदन, पूर्व मंत्री एवं विधायक तल्सानी श्रीनिवास यादव, एमएलसी के. कविता , एंडोमेंट मिनिस्टर कोंडा सुरेखा को आमंत्रित करते हुए मंदिर के प्रधान पुजारी रामनाचारी महाराज एवं अत्रेया स्वामी महाराज।

# गुजराती प्रगति समाज द्वारा महेश बैंक के संस्थापक पैनल का सम्मान


**हैदराबाद, 27 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** महेश बैंक के चुनावों में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने वाले संस्थापक पैनल के सदस्यों का सम्मान गुजराती प्रगति समाज की ओर से प्रगति महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में भव्य समारोह के दौरान किया गया।

इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष गोविंद दास शाह, उपाध्यक्ष महेश पटेल, संयुक्त सचिव घनश्याम पटेल सहित समाज के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने संस्थापक पैनल की सफलता को सामूहिक परिश्रम और समाज के विश्वास का परिणाम बताया।



कार्यक्रम में वक्ताओं ने महेश बैंक के विकास में संस्थापक पैनल की भूमिका की सराहना करते हुए भविष्य में भी बैंक को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की कामना की।

# अत्तापुर में कुश्ती दंगल देखने उमड़े दर्शक, आज फाइनल मुकाबले



**हैदराबाद, 27 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अत्तापुर में 7वीं सरदार वल्लभभाई पटेल केसरी कुश्ती प्रतियोगिता के तीसरे दिन अतापुर रामबाग मैदान में रंगारेड्डी जिला भाजपा अध्यक्ष पंतंगी राज भूपाल गौड़ ने मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन किया। सरदार वल्लभभाई पटेल की स्मृति में आयोजित यह 7वीं राज्य स्तरीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता 25 दिसंबर 2025 को शुरू हुई।त

देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 350 पहलवान इन प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। कुश्ती दंगल को देखने के लिए हैदराबाद क्षेत्र के दर्शक यहां उमड़ पड़े हैं। ये प्रतियोगिताएं हर साल सरदार पटेल की जयंती के अवसर पर या उनकी स्मृति में आयोजित की जाती हैं।इस वर्ष भी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए व्यापक व्यवस्था की गई है। यह मंच ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के एथलीटों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में मदद करेगा। ये खेल प्रतियोगिताएं न केवल युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करती हैं बल्कि कुश्ती के पारंपरिक भारतीय खेल को भावी पीढ़ी के लिए भी प्रेरणादायी साबित हो रहा है।इस अवसर पर अत्तापुर इंस्पेक्टर नागेश्वर राव, नारागुडेम मल्लारेड्डी, गोरीगे राजू, मोंद्रा कोमुरय्या, पी. मल्लेश यादव, नरेंद्र रेड्डी, महालिंगम गौड़, एस.बी. हरिनाथ, के. सोलकर रेड्डी, लाकन, भास्कर रेड्डी, पी.एस. मल्लारेड्डी, बी. श्रीनिवास यादव, एम. बालू, श्रीकांत, पवन भारती, शिवा, सबधा विजय कुमार, प्रशांत रेड्डी, रविकांत रेड्डी, एस. वेंकटेश, पी. संदीप मुदिराज, के. देवेन्द्र, के. सत्यम, वामसी यादव, हरिकिशन, विजय राऊत, काकुलराम कृष्णा, लिंगम, रुकेश उमा हल्लाले विजय, अल्ली शिवा सुधाकर रेड्डी ने भाग लिया।

# राधे राधे ग्रुप से जुड़कर जीवन हुआ सार्थक : भाकर राम कुमावत



**हैदराबाद, 27 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राधे राधे ग्रुप हैदराबाद से जुड़ने के बाद मेरा जीवन धन्य और सार्थक हो गया है।

मेरी कामना है कि समाज का प्रत्येक व्यक्ति इस पुण्य सेवा से जुड़े। उक्त विचार भाकर राम कुमावत ने व्यक्त किए।नामपल्ली स्थित पब्लिक गार्डन, पिल्लर नंबर 1265-ए के पास राधे राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में संचालित नियमित अन्नदान कार्यक्रम के दौरान श्री कुमावत ने कहा कि अन्नदान सर्वश्रेष्ठ सेवा है, क्योंकि यह सीधे मानव सेवा से जुड़ी हुई है।

भूखे को भोजन कराना केवल शारीरिक तृप्ति ही नहीं, बल्कि आत्मिक संतोष और पुण्य का मार्ग भी है।

उन्होंने कहा कि राधे राधे ग्रुप हैदराबाद सेवा, संस्कार और समर्पण की भावना के साथ निरंतर समाज कल्याण का कार्य कर रहा है।

इस सेवा से जुड़कर व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आता है और सेवा भाव जागृत होता है। इस अवसर पर रामप्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, महेश गुप्ता,सुशील गुप्ता, रोहित अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, ई जगन चंपापेट, भगत राम गोयल, प्रतिका अग्रवाल, जयप्रकाश सारडा, निर्मला केडिया, नंदकिशोर अग्रवाल, संजय अग्रवाल,किरण अग्रवाल, महेश अग्रवाल, भाकर राम कुमावत, कमला देवी कुमावत एवं राधे-राधे ग्रुप के अनेक सदस्य उपस्थित थे।

**WANTED**
Wanted Accountants
(Female only)
With Experience 1 to 5 years
to work in Tally and Excel
Contact - 8074797592
(Tiwari Consultancy)
Note:Freshers/less experienced
will be provided with
proper traning.
Call Between 10 AM to 2 PM
Monday to Sunday

# राजस्थानी ब्राह्मण सभा द्वारा स्नेह मिलन, कैलेंडर लोकार्पण एवं वृद्धवर्गीय दम्पत्ति सम्मान समारोह आज



**हैदराबाद, 27 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राजस्थानी ब्राह्मण सभा, हैदराबाद - सिकंदराबाद द्वारा रविवार, 28 दिसंबर 2025 को सायं 5:31 बजे से आयोजित होने वाले स्नेह मिलन समारोह, नूतन वर्ष 2026 के मल्टीकलर तिथि-मिति-वार-त्योहार युक्त कैलेंडर के लोकार्पण तथा 75 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धवर्गीय दंपतियों के सम्मान समारोह की तैयारियों के संदर्भ में आज पारीक मंदिर, कोलसावाड़ी में एक बैठक आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता सभा के महामंत्री रामदेव नागला ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री वंदना से किया गया। इसके पश्चात श्री रामदेव नागला ने अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की।प्रधान संयोजक सुरेश गांधी एवं श्री दामोदर जोशी ने बताया कि अब तक लगभग 45 दंपतियों ने सम्मान समारोह के लिए अपने नाम पंजीकृत कराए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अतिथियों के समय पर आगमन एवं कार्यक्रम के सुचारु संचालन हेतु सभी सदस्यों को उनके-उनके दायित्व सौंप दिए गए हैं।सभा की ओर से समस्त विप्र बंधुओं से सपरिवार पधारकर कार्यक्रम को भव्य एवं सफल बनाने की अपील की गई।

बैठक मेंरामदेव नागला भरड़ चांडा, श्रीलाल पारिक, सुरेश गांधी, दामोदर जोशी, सुरेश व्यास पारिक, संदीप जायलवाल, अर्जुन थानवी, रामेश्वर लाल जोशी, करण काला एवं राघव छगाणी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।अंत मेंसंदीप जायलवाल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया, जिसके साथ बैठक का समापन हुआ।

# अग्रवाल समाज घांसीबाजार झूला शाखा का अन्नकूट प्रसाद आज

**हैदराबाद, 27 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अग्रवाल समाज की घांसीबाजार झूला शाखा द्वारा प्रतिवर्षानुसार वर्ष के अंतिम रविवार को आयोजित होने वाला अन्नकूट प्रसाद एवं दीपावली स्नेह मिलन समारोह इस वर्ष आज रविवार को घांसीबाजार झूला स्थित श्री राणी सती दादी जी मंदिर में मध्यान्ह 1.00 बजे से आयोजित किया जा रहा है। यह निर्णय शाखा की पूर्ववर्ती बैठकों में सर्वसम्मति से लिया गया था।समारोह को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु- प्रधान संयोजक - मनोज अग्रवाल (गौशालावाला), सहसंयोजक - शिव भगवान अग्रवाल (बॉयवाला), बबीता मित्तल, दीपक अग्रवाल (पचेरिया) एवं अशोक अग्रवाल (सौलानावाला) को नियुक्त किया गया है।शाखा द्वारा समाज के सभी सदस्यों को परिवार सहित सादर आमंत्रित किया गया है।



कार्यक्रम के दौरान समाज की केंद्रीय समिति के तीन स्टाफ का कार्यालय शाखा परिसर में लगाया जाएगा। इसके अंतर्गत अग्रसेन जयंती पर बनाए गए नवीन सदस्यों की प्रोफाइल एवं फोटो समाज की वेबसाइट पर अपलोड कर, उन्हें तत्काल प्रिविलेज कार्ड प्रदान किए जाएंगे।इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष अनिल धरसूवाला, उपाध्यक्ष शिव भगवान अग्रवाल (बॉयवाला), मानद मंत्री हरिनारायण अग्रवाल, सहमंत्री बबीता मित्तल, कोषाध्यक्ष दिनेश सर्राफ, भूतपूर्व अध्यक्ष गोविंद राम पचेरिया, परामर्शदाता योगेन्द्र कटारुका, केंद्रीय समिति सदस्य सज्जन अग्रवाल (बॉयवाला) सहित राकेश अग्रवाल पचेरिया, पवन अग्रवाल सोलानावाला, अशोक अग्रवाल सौलानावाला, मनोज अग्रवाल पचेरिया, कमल किशोर अग्रवाल, महेश कुमार कानोड़िया, राधा अग्रवाल एवं दीपा अग्रवाल उपस्थित रहे।

DAILY शुभ लाभ
Classifieds
FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, Army No. 15440980P, Rank-NK/ORA, Name-WAGHMARE VITTHAL VISHNU Serving at Military Hospital Golconda, Langer House, Hyderabad, Telangana-08, have changed my mother's name from WAGHMARE CHHAYABAI VISHNU to CHAYA VISHNU WAGHMARE in my service document, affidavit date 26/12/2025

**CHANGE OF NAME**
I, Army No.15440980P, Rank-NK/ORA, Name-WAGHMARE VITTHAL VISHNU, Serving at Military Hospital Golconda, Langer House, Hyderabad, Telangana-08, have changed my father's name from WAGHMARE VISHNU BHIVAJI to VISHNU BHIVAJI WAGHMARE in my service document, affidavit date 26/12/2025

**CHANGE OF NAME**
I, POONAM DEVI is legally Wife of No 15189423F, Rank - Nk (H/K) ANIL KUMAR DUBEY, R/o Plot No-1(B), Pramukh Darshan-4, Vashiyar Valasad, Po Valasad, Teh & Disttsss - Valasad, Gujarat, I have to change my Name from POONAM DEVI to POONAM ANILKUMAR DUBEY for all purpose vide affidavit dated: 27/12/2025.

**CHANGE OF NAME**
I, No 15189423F, Rank- Nk (H/K) ANIL KUMAR DUBEY, R/o Plot No-1(B), Pramukh Darshan-4, Vashiyar Valasad, Po Valasad, Teh & Distt - Valasad, Gujarat, PIN-396001. I have to change my Son Name from VIVAAN to VIVAAN ANILKUMAR DUBEY for all purpose vide affidavit dated: 27/12/2025.

**CHANGE OF NAME**
I, LAL SINGH is Father of DIGVIJAY SINGH, Residing at Vill & PO- Kunchrod, Tehsil- Jeeran, Dist- Neemuch, M.P., PIN-458339. I have to change my Name from LAL SINGH to LAL SINGH CHOUHAN for all purpose vide affidavit dated: 27/12/2025.

**CHANGE OF NAME**
I, RAJKUNWAR is Mother of DIGVIJAY SINGH, Residing at Vill & PO-Kunchrod, Tehsil- Jeeran, Dist - Neemuch, M.P., PIN-458339. I have to change my Name from RAJKUNWAR to RAJ KUNWAR for all purpose vide affidavit dated: 27/12/2025.

**CHANGE OF NAME**
I, No-14832190H, Rank-HAV/MT, Name- GAJ RAJ SINGH, S/o TULARAM, Resident of Vill & PO - Baghanki, Teh-Manesar, Dist-Gurugram, Haryana. I have changed my Name from GAJ RAJ SINGH to GAJRAJ SINGH for all purpose vide affidavit dated: 24/12/2025.

**CHANGE OF NAME**
I, POONAM DEVI is legally Wife of No 14832190H, Rank- HAV/MT, Name- GAJRAJ SINGH, Residing at Vill & Po - Baghanki, Teh - Manesar, Dist - Gurugram, Haryana, I have to change my Name from POONAM to POONAM DEVI for all purpose vide affidavit dated: 24/12/2025.

# वंदे मातरम राष्ट्रीय एकता की भावना का प्रतीक है : किशन रेड्डी




**हैदराबाद, 27 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं है, बल्कि बलिदान, देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता का एक शक्तिशाली प्रतीक है जिसने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को ऊर्जा प्रदान की।

वह यहाँ विवेक वर्धिनी शिक्षण संस्थान में केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) द्वारा आयोजित एक विशेष फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। यह प्रदर्शनी वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित की गई थी, जिसमें दुर्लभ तस्वीरों के माध्यम से एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को प्रदर्शित किया गया है।

### बाँटो और राज करो के विरुद्ध एक एकजुट ताकत

उन्होंने याद किया कि लगभग 150 साल पहले बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत भारत माता की भव्यता, इसके आध्यात्मिक सार और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाता है। मंत्री ने उल्लेख किया कि वंदे मातरम अंग्रेजों की बाँटो और राज करो की नीति के खिलाफ एक एकजुट करने वाली शक्ति के रूप में उभरा, जिसने जाति, धर्म और क्षेत्र के विभाजनों से ऊपर उठकर नेशन फर्स्ट (राष्ट्र प्रथम) के विचार को मजबूत किया।

उन्होंने कहा कि यह नारा 1905 के बंगाल विभाजन आंदोलन से लेकर 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन तक, स्वतंत्रता संग्राम के हर बड़े चरण में गूँजता रहा।

हैदराबाद के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए किशन रेड्डी ने कहा कि यह शहर आजादी के 13 महीने बाद हैदराबाद की धरती पर तिरंगा फहराना सुनिश्चित करने के लिए सरदार वल्लभभाई पटेल का हमेशा ऋणी रहेगा।

उन्होंने याद दिलाया कि तत्कालीन हैदराबाद राज्य में 1938 के वंदे मातरम आंदोलन को निज़ाम सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था, जिसके कारण इसमें भाग लेने वाले छात्रों और बुद्धिजीवियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की गई थी। उन्होंने कहा कि हैदराबाद का इतिहास इस बात का प्रमाण है कि कैसे सामाजिक और राष्ट्रीय संगठन राजनीतिक मतभेदों से परे होकर वंदे मातरम के बैनर तले निज़ाम के शासन के खिलाफ लड़ने के लिए एकजुट हुए थे।

इसकी 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर, उन्होंने नागरिकों से राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया।


### नई पीढ़ी को प्रेरित करती प्रदर्शनी

इससे पहले, सीबीसी और पीआईबी की अतिरिक्त महानिदेशक सुश्री श्रुति पाटिल ने भारत की राष्ट्रीय पहचान को आकार देने में वंदे मातरम की स्थायी प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया संबोधन का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यह गीत भारत के लचीलेपन और आंतरिक शक्ति को दर्शाता है और देशभक्ति की गहरी भावना के साथ पीढ़ियों को प्रेरित करना जारी रखता है।

उन्होंने कहा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के तहत सीबीसी द्वारा शुरू की गई इस प्रदर्शनी का उद्देश्य राष्ट्रीय गौरव को फिर से जगाना, मातृभूमि के साथ भावनात्मक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करना और वंदे मातरम की असाधारण विरासत का जश्न मनाना है।

यह प्रदर्शनी जनता के लिए 31 दिसंबर 2025 तक खुली रहेगी। आगंतुक एक इंटरैक्टिव ऑनलाइन क्विज़ में भाग ले सकते हैं, जिसके प्रमाण पत्र ईमेल, मोबाइल या क्यूआर कोड के माध्यम से तुरंत जारी किए जाएंगे। युवाओं को जोड़ने के लिए एक डिजिटल सेल्फी कियोस्क और सेल्फी पॉइंट भी बनाए गए हैं।

इस अवसर पर जामबाग डिवीजन के पार्षद राकेश जायसवाल, गोशामहल पार्षद लाल सिंह, बेगम बाजार पार्षद जी. एंकर यादव, गनफाउण्ड्री पार्षद ओम प्रकाश सुरेखा, भाजपा गोलकोण्डा जिला अध्यक्ष टी. उमा महेंदर, वीवीईएस के संयुक्त सचिव नागेश वी. राव, वी.वी. कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. डी. विद्याधर के साथ-साथ सीबीसी और पीआईबी के अधिकारी, कर्मचारी और छात्र उपस्थित थे।




# पुष्पा 2 भगदड़ मामला: आरोप पत्र में अल्लू अर्जुन सहित 23 लोगों के नाम शामिल

**हैदराबाद, 27 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

संध्या थिएटर में पुष्पा 2 के प्रीमियर शो के दौरान हुई भगदड़ के मामले में हैदराबाद सिटी पुलिस ने अभिनेता अल्लू अर्जुन समेत 23 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र (चार्जशीट) दाखिल किया है। जांचकर्ताओं ने इस घटना के लिए भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर चूक को मुख्य कारण बताया है।

यह चार्जशीट मामला दर्ज होने के एक साल से अधिक समय बाद पेश की गई है।

यह दुखद घटना 4 दिसंबर, 2024 की रात को प्रीमियर शो के दौरान हुई थी। भगदड़ मचने के कारण 35 वर्षीय एम. रेवती की मृत्यु हो गई थी, जबकि उनका नौ वर्षीय बेटा श्रीतेज गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस मामले में अभिनेता अल्लू अर्जुन को आरोपी नंबर 11 बनाया गया है। थिएटर प्रबंधन को इस मामले में मुख्य आरोपी बनाया गया है।

कुल 23 आरोपियों में से 14 को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अग्रिम जमानत पाने वाले 9 आरोपियों को नोटिस दिया गया है।

चार्जशीट में संध्या थिएटर के पार्टनर और कर्मचारी, इवेंट मैनेजर, निजी सुरक्षाकर्मी, बाउंसर और अभिनेता के सहयोगियों के नाम भी शामिल हैं।

हैदराबाद के पुलिस आयुक्त वी.सी. सज्जनार द्वारा शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, यह चार्जशीट 24 दिसंबर, 2025 को अदालत में दाखिल की गई। जांच में यह स्थापित हुआ कि थिएटर प्रबंधन, इवेंट आयोजकों और निजी सुरक्षाकर्मियों के बीच योजना, भीड़ प्रबंधन और समन्वय की भारी कमी थी।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि मामले में आगे की कार्यवाही कानून के अनुसार जारी रहेगी।










स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.